सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 2, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 32 अंकों की गिरावट

विदेशी निवेशकों की निकासी के बीच वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 32 अंक गिरकर 85,188 .60 अंक पर बंद हुआ। } 14

## विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एआई भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में उभर रहा है। भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। } 16



### संक्षेप

## कश्मीर में आतंकी की संपत्ति जब्त

पुंछ/जम्मू। पुलिस ने पुंछ जिले के मेंढर इलाके में प्रतिबंधित संगठनों के एक आतंकी संचालक और लॉन्च कमांडर की अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्वाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत की गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें नक्का मझरी क्षेत्र के नार गांव में स्थित चार मरला और दो सरसाई कृषि भूमि शामिल है। यह जमीन इलाके के निवासी रफीक नाई उर्फ सुल्तान की है। वह वर्तमान में पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चला रहा है। नाई प्रतिबंधित तहरीक-उल-मुजाहिदीन और जम्मू कश्मीर गजनवी फोर्स के हैंडलर और लॉन्च कमांडर के रूप में कार्य करता है।

## स्विट्जरलैंड के बार में लगी आग, 40 की मौत

क्रांस मोंटाना। स्विट्जरलैंड के एक अल्पाइन रिसॉर्ट के एक बार में नव वर्ष समारोह के दौरान लगी आग में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है और लगभग 100 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकतर की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्रांस-मोंटाना रिसॉर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्की और गोल्फ के लिए प्रसिद्ध है और रातोंरात, इसका भीड़भाड़ वाला ले कॉन्स्टेलेशन बार स्विट्जरलैंड की सबसे भयानक त्रासदियों में से एक का स्थल बन गया। वैलेस कैंटन के पुलिस कमांडर फ्रेडरिक गिस्लर ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि बार में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। गिस्लर ने कहा, पीड़ितों की पहचान करने और उनके परिवारों को सूचित करने का काम जारी है, लेकिन इसमें समय लगेगा और फिलहाल, आपको अधिक सटीक आंकड़ा देना जल्दबाजी होगी। वैलिस कैंटन के अटॉर्नी जनरल बीट्रिस पिलोड ने कहा कि आग के कारणों के बारे में कोई भी दावा करना अभी जल्दबाजी होगी। विशेषज्ञ अभी तक मलबे के अंदर नहीं जा पाए हैं।

## लखनऊ, रायबरेली व फतेहपुर के एआरटीओ प्रवर्तन निलम्बित

लखनऊ। सड़क पर मौरंग, गिटटी भरे गाड़ियों से वसूली के मामले में बीते नवम्बर माह में दो अधिकारी निलंबित हो चुके है। वहीं इसी मामले में गुरुवार को लखनऊ, रायबरेली और फतेहपुर के एआरटीओ प्रवर्तन की भी जांच कर निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई एसटीएफ की रिपोर्ट पर किया गया है। इसके साथ ही इन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दिया गया है। एसटीएफ ने आरटीओ दफ्तर के कर्मचारियों और अफसरों की साठगांठ से ट्रकों से वसूली करने की जांच की थी। जांच में कई साक्ष्य मिलने के बाद इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें पहले भी यात्री कर अधिकारी समेत कई कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 9.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.74 लाख करोड़ पर (पृष्ठ–14)
- गेहूं की बुवाई पूरी, फसल की स्थिति बेहतर (पृष्ठ–14)
- पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से (पृष्ठ–14)
- भारत–पाक ने साझा की परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची (पृष्ठ–16)
- रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला 24 लोगों की मौत (पृष्ठ–16)


# 111 रुपये बढ़े वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम

एजेंसी

नयी दिल्ली। विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) या विमान ईंधन की कीमत में 7.3 प्रतिशत की कटौती की गई जबकि वाणिज्यिक एलपीजी 111 रुपये प्रति सिलेंडर महंगा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने वैश्विक ईंधन मानकों के अनुरूप अपने मासिक मूल्य संशोधन को लागू किया।

> ○ एटीएफ की कीमत में 7.3 प्रतिशत की भारी कटौती

सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन खुदरा विक्रेताओं के अनुसार दिल्ली में एटीएफ की कीमत 7,353.75 रुपये प्रति किलोलीटर या 7.3 प्रतिशत की कटौती के साथ 92,323.02 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। कीमतों में तीन महीने लगातार बढ़ोतरी करने के बाद यह कटौती गई। कीमतों में एक दिसंबर को प्रति किलोलीटर 5,133.75 रुपये या 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इससे पहले एक नवंबर को करीब एक प्रतिशत तथा एक अक्टूबर को 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बृहस्पतिवार को घोषित कटौती से एक अक्टूबर से हुई मूल्य वृद्धि के दो-तिहाई से अधिक हिस्से की भरपाई हो गई है। इस नवीनतम कटौती से विमानन कंपनियों पर दबाव कम होने की उम्मीद है जिनके परिचालन लागत का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा ईंधन पर खर्च होता है। मूल्य परिवर्तन के प्रभाव पर विमानन कंपनियों ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। मुंबई ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मुख्यमंत्री योगी ने दिलवाया अंजना का आशियाना

## दबंगों ने फर्जी दस्तावेज दिखाकर हड़प लिया था सैनिक की बेटी का घर, दो लोग गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पीड़िता को न्याय दिलाते हुए 24 घंटे के भीतर उसका आशियाना वापस दिलाकर नए साल का तोहफा दिया। अपना आशियाना वापस पाकर अंजना भाव-विभोर हो उठीं और कहा, गॉड ब्लेस यू, योगी अंकल! दरअसल, इंदिरा नगर की रहने वाली अंजना का घर एक व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज दिखाकर हड़प लिया था। रिहैबिलिटेशन सेंटर में रह रही अंजना ने बुधवार को सीधे मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी व्यथा बताई थी। सीएम ने उनकी बात ध्यान से सुनी और मामले की त्वरित जांच कराने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने देश की सेवा करने वाले सैनिक की बेटी की पीड़ा को सुन तत्काल समाधान दिलाया। नए साल के पहले ही दिन अंजना की समस्या का समाधान हो गया। जिले की पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बलवंत यादव व



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद देने उनके आवास पर पहुंची सेवानिवृत्त सैनिक की बेटी अंजना

मनोज कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस और सेना के अधिकारियों की मौजूदगी में अंजना के मकान का ताला खोला गया। घर में प्रवेश करते ही उन्होंने हर कमरे का जायजा लिया, दीवारों को छुआ और पुराने दिनों की यादों को ताजा किया। इसके बाद बाहर आकर उन्होंने नारियल फोड़ा, दीप जलाया और पुष्प अर्पित किए। पड़ोस की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा यूपी दिवस का आयोजन : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम को उत्तर प्रदेश दिवस (24 से 26 जनवरी) की तैयारियों के संबंध में बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए। नोएडा शिल्पग्राम गौतमबुद्ध नगर समेत इसका आयोजन सभी जनपदों, देश के अन्य राज्यों व उन देशों में भी भव्य रूप से हो, जहां बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के निवासी रहते हैं। साथ ही इन आयोजनों में सरदार वल्लभ भाई पटेल, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वंदे मातरम, आनंद ...शेष पृष्ठ 14 पर

# नववर्ष पर यूपी के मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## ○ अयोध्या, काशी, मथुरा पहुंचे लाखों लोग ○ कड़ाके की सर्दी के बीच श्रद्धालुओं ने संगम में लगायी डुबकी





जिला संवाददाता

अयोध्या/प्रयागराज/वाराणसी। उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद बृहस्पतिवार को हजारों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर नए साल की शुरुआत की और राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना करने और स्नान के लिए जुटे। घाटों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार उद्घोषणाएं की जाती रहीं।

पत्नी और बेटे के साथ आए बृजेश केसरवानी ने पीटीआई-वीडियो को बताया कि उन्होंने नए साल में अपने परिवार की खुशी के लिए प्रार्थना की। उनकी पत्नी राखी केसरवानी ने कहा कि उन्होंने साल के पहले दिन परिवार में खुशी और सद्भाव की कामना की। घाट पर डुबकी लगाने को तैयार खड़े एक अन्य श्रद्धालु कुलदीप यादव ने कहा कि वह शांतिपूर्ण वर्ष के लिए गंगा का आशीर्वाद लेने आए हैं। मिर्जापुर में जिला प्रशासन ने नववर्ष के पहले दिन 1.5 से दो लाख श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए विंध्याचल धाम में विशेष व्यवस्थाएं की थीं। अधिकारियों ने बताया कि सुचारू दर्शन सुनिश्चित करने के लिए दिनभर देवी के चरण स्पर्श पर प्रतिबंध लगाया गया। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गों पर हीटर व अलाव की व्यवस्था की गई थी, जबकि बुनियादी सुविधाओं से युक्त रात्रि विश्रामगृह भी स्थापित किए गए थे। मंदिर परिसर, गंगा घाटों और प्रमुख सड़कों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई तथा भीड़ प्रबंधन व आपात प्रतिक्रिया के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कोलकाता-गुवाहाटी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को जल्द हरी झंडी दिखायेंगे पीएम

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में गुवाहाटी और कोलकाता के बीच बहुप्रतीक्षित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

वैष्णव ने कहा ये सेवाएं अगले 15-20 दिनों में, संभवतः 18 या 19 जनवरी के आसपास चालू हो जाएंगी। हमने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है और सब कुछ स्पष्ट है। मैं अगले दो-तीन दिनों में सटीक तारीख की घोषणा करूंगा। उन्होंने बताया कि 16 डिब्बों वाली इस ट्रेन की यात्री क्षमता 823 है और इसकी डिजाइन गति 180 किलोमीटर प्रति घंटा है। हालांकि, यह फिलहाल दोनों शहरों के बीच 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी तथा असम और पश्चिम बंगाल के प्रमुख जिलों को कवर करेगी। दोनों राज्यों में इस साल चुनाव होने वाले हैं। इस विकास को देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के टिकट का किराया हवाई यात्रा की तुलना में काफी कम होगा। मंत्री ने कहा वंदे भारत में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (थर्ड एसी) ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अब डीआरडीओ बनायेगा सुदर्शन चक्र

## स्वदेशी हथियारों ने ऑपरेशन सिंदूर में निभायी निर्णायक भूमिका : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई और यह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

रक्षामंत्री ने डीआरडीओ की 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर संगठन के मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि संगठन सुदर्शन चक्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, और विश्वास व्यक्त किया कि यह इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से काम



करेगा। मिशन सुदर्शन चक्र की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 में लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में की थी। सिंह ने एक बैठक के दौरान कहा, इस पहल के तहत, डीआरडीओ को अगले दशक में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारी महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने का दायित्व सौंपा गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आधुनिक युद्ध में वायु रक्षा के महत्व ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इंदौर में दूषित पानी से ही हुई थीं मौतें

इंदौर (मध्यप्रदेश)। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में उल्टी-दस्त से पीड़ित होने के बाद कम से कम चार मरीजों की मौत और 1,400 से ज्यादा लोगों के प्रभावित होने के बीच एक प्रयोगशाला की जांच में पुष्टि हुई है कि यह प्रकोप दूषित पेयजल के कारण फैला था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने संवाददाताओं को बताया कि शहर के एक चिकित्सा महाविद्यालय की प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में पाइपलाइन में लीकेज के कारण पेयजल दूषित हुआ था। उन्होंने जांच रिपोर्ट का विस्तृत ब्योरा नहीं दिया। अधिकारियों ने बताया कि भागीरथपुरा में एक पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आत्मनिर्भरता के नये अध्याय रचेगा उत्तराखंड

## सीएम धामी को बधाई देने के लिए उमड़े सभी वर्गों के लोग

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की कतार में खड़ा करने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नववर्ष 2026 को विकास और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय बताया। नववर्ष 2026 के पहले ही दिन मुख्यमंत्री आवास में शासन, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का शुभकामनाओं का सिलसिला देखने को मिला।



आज धामी से नववर्ष 2026 के अवसर पर शुभकामनाएं देने हेतु सभी वर्गों के लोग भारी संख्या में उमड़े। मंत्रियों, सांसद, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, सूचना विभाग के अधिकारियों के अलावा विभिन्न सामाजिक और सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 उत्तराखंड के विकास पथ पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार सुशासन, जनकल्याण व आत्मनिर्भर उत्तराखंड के लक्ष्य को केंद्र में रखकर अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** राजधानी में के हर गली–मोहल्ले व चौराहे पर जलवाये जा रहे अलाव, लोगों को सर्दी से बचाने में निभा रहे बड़ी भूमिका

# भीषण सर्दी में अलाव जलवाकर लोगों की सेवा कर रहे विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। लोगों की सेवा जुटे बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की ओर से राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई, जिससे गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से राहत मिली। उन्हें सर्दी की रात काटने में सहूलियत मिली। सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल








के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। भीषण सर्दी से बचने के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं।

नववर्ष पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया... शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी की डेटा सेंटर नीति से उत्तर प्रदेश बना डिजिटल निवेश का नया केंद्र

## 900 मेगावाट क्षमता और आठ डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का नया विजन

विशेष संवाददाता (vol)

- अब तक 21 हजार करोड़ से अधिक निवेश और 6 डेटा सेंटर पार्क को मंजूरी

**लखनऊ।** प्रदेश में डेटा सेंटर नीति ने प्रदेश को देश के तेजी से उभरते डिजिटल हब के रूप में स्थापित कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनाई गई दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज न केवल निवेशकों का भरोसा जीत रहा है बल्कि डिजिटल आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई मिसाल भी कायम कर रहा है।

जनवरी 2021 में डेटा सेंटर नीति को अधिसूचित किया गया था। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में आधुनिक निजी डेटा सेंटर पार्कों का विकास करना और डेटा सेंटर उद्योग को सशक्त आधार प्रदान करना था।

नीति के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में तीन डेटा सेंटर पार्क विकसित करने और 250 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इन लक्ष्यों को पहले ही वर्ष में प्राप्त कर लिया। लक्ष्यों की समय से पहले प्राप्ति के बाद प्रदेश सरकार ने नीति को और अधिक व्यावहारिक और निवेश अनुकूल बनाते हुए इसमें संशोधन किया। संशोधित नीति के अंतर्गत प्रदेश में डेटा सेंटर क्षेत्र के लिए निवेश और क्षमता के लक्ष्यों को कई गुना बढ़ा दिया गया। अब तीन के स्थान पर 8 डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही 30,000 करोड़ के अनुमानित निवेश से 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है।

प्रदेश में अब तक लगभग 21,343 करोड़ के निवेश को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से 6 डेटा सेंटर पार्क और 40 मेगावाट से कम क्षमता वाली 2 डेटा सेंटर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 7 परियोजनाएं पूरी तरह संचालित हो चुकी हैं, जिससे प्रदेश की डिजिटल क्षमताओं को मजबूती मिली है। योगी सरकार की स्पष्ट नीति, पारदर्शी शासन व्यवस्था और मजबूत कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद गंतव्य बनाया है। डेटा सेंटर जैसे पूंजी और तकनीक आधारित क्षेत्र में निवेशकों का बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार की नीतियां जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं।

फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने उत्तर प्रदेश की निवेश क्षमता को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। इस समिट के दौरान कुल 1,36,124 करोड़ की निवेश परियोजनाओं के लिए 29 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को नई अर्थव्यवस्था और डिजिटल भविष्य की ओर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कुल मिलाकर डेटा सेंटर नीति ने उत्तर प्रदेश को डिजिटल इंडिया के विजन में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रख दी है।

## 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित होगी डिजिटल एक्सरे मशीन

**लखनऊ।** नववर्ष के प्रथम दिवस पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रोगियों को सौगात दी। प्रदेश के 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डिजिटल एक्सरे मशीन स्थापित होगी। डिजिटल एक्सरे मशीनों की स्थापना के के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गयी। डिजिटल एक्सरे मशीनों की स्थापना से चिकित्सीय सुविधाएं सुलभ और आधुनिक होंगी। यह मशीनें अलीगढ़ के तीन, आजमगढ़ के चार, इटावा के चार, कन्नौज के दो सीएचसी पर डिजिटल एक्सरे मशीन लगेंगी। वहीं, कानपुर नगर में तीन, लखनऊ में 16, मऊ में चार डिजिटल एक्सरे मशीन लगायी जायेगी जबकि मुरादाबाद के दो, रायबरेली के पांच, सम्भल के तीन सीएचसी पर भी स्थापना होगी। सोनभद्र के दो, सुल्तानपुर के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी डिजिटल एक्सरे मशीनें लगेंगी। इसी प्रकार देवरिया, रामपुर, प्रयागराज, पीलीभीत, मेरठ, महराजगंज, महोबा, कौशाम्बी, हरदोई, बस्ती, बरेली एवं बलिया के एक-एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी डिजिटल एक्सरे मशीन लगायी जायेगी।

# हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर उत्सवपूर्ण आयोजनों के साथ नये वर्ष का स्वागत



विशेष संवाददाता (vol)

- लाइव संगीत, आकर्षक सजावट और आनंदमय गतिविधियों से भाव विभोर हुए यात्री

**लखनऊ।** नववर्ष पर मेट्रो ने यात्रियों के साथ नए वर्ष का स्वागत करने एवं खुशियां साझा करने के लिए विशेष उत्सवपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया। इस मौके पर हजरतगंज मेट्रो स्टेशन को आकर्षक तरीके से सजाया गया, जिससे यात्रियों को एक खुशनुमा और उल्लासपूर्ण माहौल मिला। यह स्टेशन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा, जहां रंग-बिरंगी सजावट को यात्रियों ने उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

उत्सव में और रंग भरते हुए हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर लाइव संगीत प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया। जोशीले संगीत ने यात्रियों को आनंदित किया और नववर्ष के दौरान उनकी यात्रा को और अधिक सुखद बना दिया। इस अवसर पर यात्रियों ने अपने पसंदीदा गीतों के साथ गुनगुनाकर सक्रिय भागीदारी भी की, जिससे स्टेशन का माहौल पूरी तरह संगीतमय और उत्सवपूर्ण बन गया। इससे पहले 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसे यात्रियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। क्रिसमस आयोजन के दौरान एक लाख से अधिक यात्रियों ने मेट्रो सेवा का उपयोग किया। इन आयोजनों के जरिए लखनऊ मेट्रो ने एक बार फिर यात्रियों को सुखद, यात्री-अनुकूल एवं यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, साथ ही शहरवासियों के साथ त्योहारों की खुशियां साझा कीं।

## केशव प्रसाद मौर्य ने बुजुर्गों को वितरित किए कंबल

**लखनऊ।** कानपुर देहात की मैथा तहसील क्षेत्र अंतर्गत रामजानकी महाविद्यालय, बैरी असई परिसर में नया साल बुजुर्गों के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुजुर्गों को कंबल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उपस्थित जनसमूह को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता है और इसी भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं एवं सहायता को पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला एवं पूर्व सांसद द्वारा किए जा रहे जनसेवा के कार्यों की सराहना की। नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर जनपद कानपुर देहात में मानवता, सेवा और संवेदनशीलता का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। शीतलहर से प्रभावित बुजुर्गों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला तथा पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी के संयोजन में नया साल बुजुर्गों के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन मैथा तहसील क्षेत्र अंतर्गत रामजानकी महाविद्यालय, बैरी असई परिसर में किया गया। कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में कई हजार बुजुर्गों को कंबलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही बुजुर्गों के सम्मान, आत्मीयता एवं अपनत्व को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशाल महाभोज का भी आयोजन किया गया।

# खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में कराया जा रहा है पूंजी निवेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत स्थापित इकाइयों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश सभी सम्बन्धित को दिये हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावो पर समयबद्ध कार्यवाही करने, समय से अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलाने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराया जा रहा है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 व पीएमएफएमई योजना के क्रियान्वयन में बेहतर व उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियो व कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये है, ताकि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य अधिकारी भी अच्छा कार्य कर सकें।

इसी कड़ी मे अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीना ने पद्मजा चौहान, अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन सेवा मुख्यालय की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के अंतर्गत अनुदान के लिए आवेदन करने वाले उद्यमियों के अग्निशमन संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए संदर्भित प्रकरणों के बारे में तत्काल रूचि लेते हुए एवं प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही करते हुये उद्यमियों की समस्याओं का निवारण तत्काल करते हुये उनको अग्निशमन प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने एवं उनकी अग्निशमन संबंधित समस्या का समाधान तत्काल कराने के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है व इस उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिये गृह विभाग को पत्र प्रेषित किया है।

इसी तरह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के अंतर्गत अनुदान के लिए आवेदन करने वाले उद्यामियों के पर्यावरण संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु संदर्भित किये प्रकरणों पर तत्काल रूचि लेते हुये एवं प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उद्यामियों की समस्याओं का निवारण तत्काल करते हुये उनको पर्यावरण संबंधित अनापत्ति प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने एवं उनकी पर्यावरण संबंधित समस्या का समाधान तत्काल कराने के कार्य के लिए संजीव सिंह, सदस्य सचिव, पर्यावरण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ की भूरि भूरि प्रशंसा की है व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये इस उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिये वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश को पत्र प्रेषित किया है। इसी तरह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के अंतर्गत अनुदान के लिए आवेदन करने वाले उद्यमियों की विद्युत संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए संदर्भित प्रकरणों पर तत्काल रूचि लेते हुये एवं प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही करते हुये उद्यमियों की समस्याओं का निवारण तत्काल करते हुये उनको विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराये जाने एवं उनकी विद्युत समस्या का समाधान कराये जाने के कार्य के लिए पंकज कुमार, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन लि. ( मुख्यालय )लखनऊ की भूरि भूरि प्रशंसा की है व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये इस उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिये नियुक्ति विभाग को पत्र प्रेषित किया है। गौरतलब है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा देश की सर्वोत्तम उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित है। इस योजना में फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, दुग्ध प्रसंस्करण, रेडी टू इट/रेडी टू कुक खाद्य पदार्थ/ ब्रेक फास्ट सिरियल्स/स्नैक्स/बेकरी एवं अन्य खाद्य पदार्थ, अनाज / दाल एवं तिलहन प्रसंस्करण, अन्य कृषि/बागवानी उत्पाद-स्पाइस, सोयाबीन, मशरूम प्रसंस्करण, शहद प्रसंस्करण, कोको उत्पाद, गुड आधारित वैल्यू एडेड उत्पाद, फूट जूस/पल्पस तैयार काबोर्नेटेड पेय पदार्थ, अन्य क्षेत्र के खाद्य उत्पादों जो मानव उपयोग के लिए उपयुक्त हैं, एवं मुर्गी/ मछली चारा निर्माण इकाई जैसे सेक्टर्स आच्छादित है।

## छावनी में बनेगा यूटिलिटी स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रेणना से लखनऊ छावनी परिषद्, दिलकुशा गार्डन के समीप एक भव्य मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कोम्प्लेस्क्स बनाने जा रहे है इस प्रोजेक्ट कि फंडिंग हिंदुस्तान एरोनोटिकस लिमिटेड (एच ए एल) के द्वारा सी एस आर इनिशिएटिव के अंतर्गत कि जा रही है जिसकी कुल लागत लगबघ 10 करोड़ है इसमें लखनऊ छावनी परिषद् तथा एच ए एल के मध्य एक मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट साईन किया गया। छावनी परिषद् कि तरफ से मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर तथा एच ए एल कि तरफ से जेनेरल मेनेजर के के भट्ट ने यह मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट साईन किया। इस मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कोम्प्लेस्क्स में बैडमिंटन कोर्ट, बॉक्सिंग एरीना, पिकलबाल कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट हॉल आदि सुविधा उपलब्ध होंगी, जो कि छावनी छेत्र एवं लखनऊ को समर्पित किया जायगा। इस अवसर पर एच ए एल कि तरफ से जेनेरल मेनेजर एच आर तथा सी एस आर कमेटी के मेम्बर और छावनी परिषद् लखनऊ की तरफ से मनीष कुमार उपस्थित रहे।

## नगर निगम में समाधान दिवस आज

**लखनऊ।** शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए नगर निगम ने 2 जनवरी को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें मेयर सुषमा खर्कवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी। समाधान दिवस में गृह कर, जल कर, सफाई, सड़क मरम्मत, सीवर, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और कूड़ा उठान से जुड़ी शिकायतों की मौके पर सुनवाई होगी। जीआईएस सर्वे व कर निर्धारण संबंधी आपत्तियों का भी निस्तारण किया जाएगा।

## खेती की नयी तकनीकी सीख रहीं 26 हजार महिलाएं

विशेष संवाददाता (vol)

- गांव-गांव पहुंचेगी मॉडर्न फार्मिंग, कृषि आजीविका सखियां बदल रहीं खेती के तरीके
- जैविक खाद बनाने से लेकर मिट्टी का स्वास्थ्य जांचने तक में करती हैं सपोर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खेती की तस्वीर तेजी से बदलने जा रही है। 26373 कृषि आजीविका सखियां योगी सरकार की योजनाओं को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए तैनात की गई हैं। जो अब प्रदेश के गांव-गांव में आधुनिक खेती का मंत्र फैला रही हैं। महिला सशक्तिकरण और कृषि सुधार को एक साथ आगे बढ़ाने वाला यह अभियान प्रदेश को आत्मनिर्भर कृषि मॉडल की ओर ले जा रहा है।

प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों में सक्रिय ये कृषि आजीविका सखियां किसानों को पारंपरिक खेती से निकालकर वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती से जोड़ रही हैं। साथ ही मिट्टी की जांच, जैविक खाद निर्माण, प्राकृतिक कीट नियंत्रण, उन्नत बीज चयन जैसी तकनीकों के जरिए खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने के तरीके बता रही हैं।

ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में सिर्फ फसल उत्पादन ही नहीं, बल्कि पशुपालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन जैसे आजीविका विकल्पों को भी मजबूती दी जा रही है। इसके जरिए आय के स्रोत बढ़ रहे हैं और किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि कृषि आजीविका सखियां खेत-खलिहान में बदलाव की असली ताकत बन चुकी हैं। ये महिलाएं किसानों को तकनीकी जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी काम कर रही हैं। सरकार की मंशा साफ है। खेती को लाभ का संसाधन बनाना और ग्रामीण महिलाओं को विकास की धुरी बनाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता है। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब महिला शक्ति, आधुनिक खेती और आत्मनिर्भर गांवों का मॉडल बनकर उभर रहा है। इसके अंतर्गत ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि आजीविका सखियां पूरे प्रदेश में प्राकृतिक खेती के प्रचार के लिए जागरूकता सत्र भी चला रही हैं।

# भारत की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है अयोध्या : योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने किया अयोध्या कैलेंडर का अनावरण

विशेष संवाददाता (vol)



**अयोध्या/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अयोध्या कैलेंडर का अनावरण किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त अयोध्या राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराज जैन उपस्थित रहे। कैलेंडर की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या विश्व पटल पर भारत की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है। यह कैलेंडर अयोध्या की आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक वैभव और ऐतिहासिक महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता हैं। उन्होंने कहा कि कैलेंडर में सम्मिलित छायाचित्रों के माध्यम से अयोध्या की दिव्यता, धार्मिक आस्था और स्थापत्य सौंदर्य का जीवंत चित्रण किया गया है। ये आकर्षक एवं भावपूर्ण छायाचित्र फोटोग्राफर राजेश कुमार सिंह द्वारा लिए गए हैं, जो रामनगरी की विशिष्ट पहचान को सशक्त रूप में उभारते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अयोध्या कैलेंडर न केवल रामनगरी की पहचान को और सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश-विदेश में अयोध्या की सांस्कृतिक महत्ता को भी रेखांकित करेगा। साथ ही यह कैलेंडर अयोध्या की आध्यात्मिक चेतना, पर्यटन संभावनाओं और सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# साइबर अपराध के विरुद्ध लोगों को जागरूक करेंगे नाना पाटेकर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से साइबर अपराध पर प्रभावी रोकथाम किए जाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में राजीव कृष्ण पुलिस महानिदेशक ने साइबर अपराध की रोकथाम एवं जन-जागरूकता को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में सम्मिलित किया है। इसी क्रम में उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से प्रदेश स्तर पर साइबर अपराध के प्रति जागरूकता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस महानिदेशक ने स्वयं 11 परिक्षेत्र-स्तरीय साइबर जागरूकता कार्यशालाओं में ऑनलाइन प्रतिभाग करते हुए 25 से अधिक जनपदों के 01 लाख से अधिक आमजन, छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, व्यापारी वर्ग तथा अन्य विभिन्न वर्गों के लोगों को साइबर अपराधों के नवीन तरीकों, उनसे बचाव तथा सतर्कता के उपायों के संबंध में प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया है। इसी क्रम में आमजन को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क एवं जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से एक प्रभावशाली साइबर जागरूकता लघु फिल्म का निर्माण किया गया है।

यह लघु फिल्म हाल ही में कानपुर में सामने आई उस वास्तविक घटना पर आधारित है, जिसमें एक जागरूक नागरिक ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही साइबर ठगी की कोशिश को सूझबूझ से विफल कर दिया। इस लघु फिल्म में मशहूर फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर ने जागरूक नागरिक का, नाना पाटेकर की पत्नी का रोल अभिनेत्री लीना शर्मा, ठग साइबर इन्स्पेक्टर का रोल अभिनेता किशोर सोनी और असली पुलिस इन्स्पेक्टर का रोल अभिनेता आदिल ईरानी की ओर से सशक्त और प्रभावशाली रूप से निभाया गया है। इसका निर्देशन प्रख्यात फिल्म निर्देशक राज शांडिल्य की ओर से किया गया है, जिन्होंने इससे पूर्व ड्रीम गर्ल एवं ड्रीम गर्ल 2 जैसी सफल एवं लोकप्रिय फिल्मों का निर्देशन किया है। उनकी रचनात्मक दृष्टि के माध्यम से इस लघु फिल्म में साइबर ठगी के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों को सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है । उक्त लघु फिल्म के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई वैधानिक प्रक्रिया अस्तित्व में नहीं है, तथा किसी भी प्रकार की डराने-धमकाने वाली कॉल, वीडियो कॉल अथवा ऑनलाइन भुगतान की मांग साइबर ठगी का संकेत हो सकती है । उत्तर प्रदेश पुलिस की यह पहल साइबर अपराधों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने, नागरिकों को सशक्त बनाने तथा सुरक्षित डिजिटल वातावरण के निर्माण की दिशा में एक प्रभावी प्रयास है। यह लघु फिल्म उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित की गई है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा इससे पूर्व भी जन-जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न अवसरों पर प्रभावी लघु फिल्मों का निर्माण कराया गया है।

महाकुंभ 2025 के दौरान आमजन को होटल एकोमोडेशन स्कैम से सतर्क करने हेतु अभिनेता शशि वर्मा अभिनीत लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। इसी क्रम में ऑनलाइन ठगी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभिनेता संजय मिश्रा अभिनीत लघु फिल्म, OTP साझा न करने एवं उससे होने वाले संभावित खतरों से बचाव के संदेश के साथ अभिनेता राजकुमार राव एवं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अभिनीत लघु फिल्म, तथा इंटरनेट एडिक्शन के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए प्रख्यात अभिनेता अजय देवगन एवं अभिनेत्री तापसी पन्नू अभिनीत लघु फिल्म का निर्माण कराया जा चुका है

# 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करना है : अखिलेश यादव

## नववर्ष के पहले दिन सपा अध्यक्ष संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों, विधायकों और सांसदों से मिले

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से नव वर्ष के अवसर पर आज बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों, विधायकों, पूर्व विधायकों, सांसदों, पूर्व सांसदों, पत्रकारों और विभिन्न समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों तथा अल्पसंख्यकों ने प्रदेश मुख्यालय में मुलाकात कर बधाई दी। अखिलेश यादव ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए उज्जवल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

अखिलेश यादव ने सभी को नए वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम संकल्प लेते हैं कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राम मनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जो रास्ता दिखाया है उस पर चलेंगे और देश समाज को खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का काम करेंगे। नए वर्ष में सभी को नयी ऊर्जा और संकल्प के साथ मिलकर रहना है। काम करना है। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में भाजपा की नकारात्मक सरकार को हटाना है। सत्ता से बाहर करना है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार, मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता त्रस्त है। 2027 में भाजपा सरकार का हटना तय है।

उन्होंने कहा कि सपा में सब मिलजुलकर बाटी चोखा खाते हैं। यहां सबका सम्मान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों को परेशानी और संकट में डाला है। जनता के हित में सपा की सरकार बनाना जरूरी है। वर्ष 2026 अगला साल 2027 लेकर आ रहा है। मंजिल सामने है। विधानसभा चुनाव में अब समय बहुत कम बचा है। कार्यकर्ता और नेता बूथ-बूथ पर पार्टी को मजबूत करने में जुट जाए। सभी नेता और कार्यकर्ता अपना व्यवहार और भाषा ठीक रखें। जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुःख के साथी बने। सपा का रास्ता संविधान का रास्ता है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिवर्ष 40 हजार रूपया मिलेगा। सपा जो वादा करती है उसे निभाती है। बिजली विभाग में बड़े पैमाने पर घपलेबाजी है। लोगों को बिजली नहीं मिलती लेकिन बिल ज्यादा आता है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में बिजली का एक भी नया कारखाना नहीं लगाया। एक भी यूनिट अतिरिक्त बिजली उत्पादन नहीं किया। इस सरकार के कारनामों का खामियाजा जनता भुगत रही है।

नववर्ष पर अखिलेश यादव को रायबरेली के शिवा विश्वकर्मा ने छोटा ट्रेक्टर बनाकर दिया जिसमें संगीत भी बजता है और लक्ष्मण निषाद ने सिंघाड़ा भेंट किया। नववर्ष के अवसर पर सपा प्रदेश मुख्यालय में बाटी-चोखा सहभोज का आयोजन किया गया। आये हुए सभी कार्यकताओं और नेताओं ने बाटी-चोखा ग्रहण किया। अखिलेश यादव ने बाटी-चोखा सहभोज के आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बाटी-चोखा अथवा लिट्टी-चोखा में सिर्फ क्षेत्रीय शाब्दिक भेद है, बराबरी का भाव रखने वालों के लिए मूलतः सब एक ही रूप है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय, सांसद आरके चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व मंत्री बलराम यादव एवं अम्बिका चौधरी तथा अन्य प्रमुख नेतागण मौजूद रहे। अखिलेश यादव से मिलकर नववर्ष की बधाई देने वालों देने वालों में कौसर जहां पूर्व सांसद, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, नंद किशोर यादव पूर्व सांसद सहित संग्राम सिंह विधायक, आशु मलिक विधायक, अनिल प्रधान विधायक, राहुल लोधी विधायक, जासमीर अंसारी एमएलसी, कांति सिंह पूर्व एमएलसी, राजेश यादव पूर्व एमएलसी, आरिफ अनवर हाशमी पूर्व विधायक, संतोष पाण्डेय पूर्व विधायक, यशपाल सिंह रावत पूर्व विधायक, बैजनाथ पासवान पूर्व विधायक, तोताराम पूर्व मंत्री, राजीव निगम, कृष्ण कन्हैंया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, सिकन्दर यादव प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, डॉ. इमरान राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा मौजूद रहे।

## पनकी रेलवे स्टेशन की बदली सूरत

**लखनऊ।** पनकी धाम का लोकार्पण होने के बाद यहां पर 30 ट्रेनों का ठहराव होगा। इससे पनकी से जाने वाले अधिकांश यात्रियों गोविंदपुरी या सेंट्रल स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। इससे सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों का बोझ भी कम होगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश भर में स्टेशनों का निर्माण व पुनर्विकास कराया जा रहा है। इसमें पनकीधाम स्टेशन भी शामिल है। यहां 23 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य कराए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पनकी धाम रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित किया गया है। स्टेशन पर मंदिर की छाप, भारतीय शैली का आधुनिक निर्माण दिखाई दे रहा है। द यात्रियों के लिए सुविधाएं भी बढ़ाई गईं हैं। पनकी धाम स्टेशन पर अधिकतर कार्य पूरे हो चुके हैं। कुछ कार्य बाकी हैं जिनको पूरा किया जा रहा है। स्टेशन का जल्द लोकार्पण किया जाएगा। पुनर्विकास कार्य के तहत इसमें नई बिल्डिंग का निर्माण कर उसे मुख्य मार्ग से जोड़ा गया है। पार्सल बुकिंग सेंटर भी खोला गया, टिकट आरक्षण की सुविधा भी बढाई गई है।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर उमड़ी भीड़, महापुरुषों की प्रतिमाओं संग ली सेल्फी

## पार्क में 15 रुपये में मिलेगा प्रवेश, म्यूजियम का प्रवेश शुल्क 50 रुपये प्रति व्यक्ति, एलडीए व स्मारक समिति के पार्कों एवं स्मारकों में उमड़ा हुजूम

विशेष संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** नये साल के पहले दिन लखनऊवासी अपने पूरे परिवार के साथ घूमने निकले तो सभी पार्क लोगों से खचाखच भरे हुए दिखे। सबसे ज्यादा भीड़ की बात करें तो लखनऊ के गोमतीनगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में लोगों की सबसे ज्यादा भीड़ आई। बसन्तकुंज योजना में नव निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और महापुरूषों को नमन किया। युवाओं ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी, पं. दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं संग सेल्फी ली।

इसी तरह गोमती नगर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, ग्रीन ईको गार्डेन, लोहिया पार्क, हैप्पीनेस पार्क व यूपी दर्शन पार्क में भी भीड पहुंची। लोगों ने अपने परिवार व दोस्तों के साथ नये साल का जश्न मनाया। हजारों की संख्या में घूमने पहुंचे लोगों के चलते पार्क के बाहर भीषण भीड़ उमड़ पड़ी। भारी भीड़ के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा। सबसे अधिक भीड़ गोमती नगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में रही। यहां जुरासिक पार्क, मोशन चेयर को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में टिकट बिके। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि बसन्तकुंज योजना में 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। 01 जनवरी से प्रेरणा स्थल को 15 रुपये के टिकट पर जन सामान्य के लिए खोला गया। शाम 6:00 बजे तक 12,397 लोगों ने प्रेरणा स्थल का भ्रमण किया, जिससे 1,22,740 रुपये की आय हुयी। उन्होंने बताया कि यहां निर्मित अत्याधुनिक म्यूजियम का प्रवेश शुल्क 50 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रेरणा स्थल में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। इसी तरह एलडीए व स्मारक समिति के अन्य पार्कों एवं स्मारकों में भी लोगों का हुजूम उमड़ा। जिससे टिकटों की बिक्री के पुराने सभी रिकॉर्ड टूट गये। जनेश्वर मिश्र पार्क में 41,442 लोगों ने सैर-सपाटा किया, जिसकी टिकटिंग से 11,77,225 रुपए की आय हुयी। वहीं, गोमती नगर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में शाम 6:00 बजे तक 12,117 लोग पहुंचे, जिससे 3,02,925 रुपये की आय हुयी।

मा. श्री कांशीराम जी ग्रीन ईको गार्डेन में 6,400 लोग पहुंचे और 1.60 लाख रुपये के टिकट बिके। इसी तरह डालीगंज स्थित हैप्पीनेस पार्क (बुद्धा पार्क) में 3,700 और गोमती नगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में 2,357 लोग पहुंचे। इसके अलावा गोमती नगर स्थित डॉ0 राम मनोहर लोहिया पार्क में 2,783 और नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल एंड ग्रीन गार्डेन में 19,153 लोगों ने नये साल का जश्न मनाया। नये साल पर पार्क में अपने परिवार के साथ घूमने आए सुधा व राजेश ने बताया कि हम यहां न्यू ईयर सेलिब्रेट करने आए थे, लेकिन इतनी ज्यादा भीड़ कर कि दो घंटे तो सिर्फ गाड़ी पार्क करने में लग गए। टिकट काउंटर पर भी इतनी ज्यादा भीड़ है कि वहां भी करीब 1 घंटे लाइन में लगने के बाद टिकट मिला। जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने पहुंचे लोगों की सबसे बड़ी दिक्कत टिकट लेना था, टिकट काउंटर पर हजारों की संख्या में लोग लाइन लगे थे, जल्दी टिकट लेने की आपाधापी में लोग लाइन तोड़ते नजर आ रहे थे, जिसके चलते भीड़ बेकाबू हो गए। अपने परिवार के साथ घूमने आए छोटे बच्चों के लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन की मस्ती सजा बन गई, भीड़ के बेकाबू होने पर छोटे बच्चे डर गए और रोने लगे। शाम को पार्क खाली कराने में सुरक्षा कर्मियों को परेशानी उठानी पड़ी।

# अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के मॉडल में बदलाव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के मॉडल में बदलाव किया गया है। अब सरकार का फोकस पुरानी और खाली पड़ी इमारतों के पुनर्विकास पर है। केंद्र के निर्देश पर आवास बंधु ने प्राधिकरण व आवास विकास से ऐसी बिल्डिंग और मकानों की सूची मांगी है जिन्हें आधुनिक तकनीक के जरिए सुधारकर किराये पर उपलब्ध कराया जाएगा।

एलडीए व आवास विकास की ओर से भी कई अपार्टमेंट बनाए गए हैं। इनमें से जर्जर हो चुके कई फ्लैटों अब इन्हें ध्वस्त करने की बजाय नई तकनीक से सुदृढ़, सुरक्षित और रहने योग्य बनाकर दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सकेगा। इन्हें शहरों के कामकाजी लोगों को रेंट पर भी दिया जा सकेगा। इस योजना के तहत संरचनात्मक मजबूती, मरम्मत, ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और रखरखाव से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। नई तकनीक से भवनों की उम्र बढ़ेगी और रहने वालों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। नई तकनीक को मिलेगा प्रोत्साहन और अनुदान तकनीक आधारित सुधार को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की ओर से प्रौद्योगिकी नवाचार अनुदान का प्रावधान किया गया है। इससे भवन सुधार कार्यों में नवीन प्रयोग संभव होंगे और निजी व सरकारी एजेंसियां नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगी। संबंधित एजेंसियों से ऐसे तकनीकी कर्मियों का विवरण भी मांगा गया है, जिन्हें आधुनिक निर्माण और पुनर्विकास तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। केंद्र को भेजा जाएगा विवरण मिशन निदेशालय ने एलडीए, आवास विकास सहित सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर रिक्त भवनों, तकनीकी संसाधनों और मानव क्षमता से जुड़ा पूरा विवरण उपलब्ध कराएं। यह जानकारी केंद्र सरकार को भेजी जाएगी, ताकि योजना को तेजी से लागू किया जा सके।

# यू.पी. रेरा ने 7 रियल एस्टेट परियोजनाओं को दी मंजूरी, 417 करोड़ का होगा निवेश

- **पांच शहरों में 1,024 आवासीय एवं व्यावसायिक यूनिटों का होगा निर्माण**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यू.पी. रेरा) की 192वीं अथॉरिटी बैठक यू.पी. रेरा मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र को और गति देने के उद्देश्य से कुल 416.94 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 7 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में कुल 1,024 आवासीय एवं व्यावसायिक यूनिटों का निर्माण प्रस्तावित है।

बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। यू.पी. रेरा द्वारा निरंतर यह प्रयास किया जा रहा है कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, संतुलन और नियोजित विकास सुनिश्चित हो, ताकि निवेशकों के साथ-साथ घर खरीदारों का विश्वास भी मजबूत बना रहे।

स्वीकृत परियोजनाएं प्रदेश के 5 शहरों–नोएडा, लखनऊ, मथुरा, बरेली और मेरठ–में स्थित हैं, जो क्षेत्रीय संतुलन के साथ शहरी विकास को दशार्ती हैं। नोएडा में 181.36 करोड़ रुपये की लागत वाली 2 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

ये दोनों परियोजनाएं व्यावसायिक श्रेणी की हैं, जिनके अंतर्गत कुल 298 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। इससे नोएडा में बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों और निवेश संभावनाओं को और मजबूती मिलेगी। मथुरा में 154.92 करोड़ रुपये की लागत वाली 2 आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनके माध्यम से कुल 565 आवासीय यूनिटों का निर्माण होगा। यह मथुरा क्षेत्र में आवासीय सुविधाओं के विस्तार और नियोजित विकास में सहायक होंगी। लखनऊ में 27.65 करोड़ रुपये की लागत वाली 1 व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके अंतर्गत कुल 30 यूनिटों का निर्माण प्रस्तावित है। बरेली में 24.56 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई है, जिसमें कुल 106 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा।

मेरठ में 28.45 करोड़ रुपये की लागत वाली एक परियोजना में 25 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। इन 7 परियोजनाओं में प्रस्तावित 416.94 करोड़ रुपये का निवेश प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अनेक अवसर उत्पन्न करेगा। इस अवसर पर संजय भूसरेड्डी, अध्यक्ष, यू.पी. रेरा ने कहा यह निवेश न केवल आवासीय और व्यावसायिक अवसंरचना को मजबूत करेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिला

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी के नेतृत्व में आज प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल से राज भवन में मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया। संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी, महामंत्री अरुण शुक्ला, उपाध्यक्ष प्रीति पांडे, कोषाध्यक्ष नितिन गोस्वामी एवं सदस्य कार्यकारिणी हर्ष कुमार सिंह शामिल थे। जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि राज्यपाल महोदया ने प्रदेश के कर्मचारियों के लिए खुशहाली की शुभकामनाएं दिया। प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, एम बोबडे से मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई दिया। संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव श्री एसपी गोयल से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्य सचिव ने कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए परिश्रम एवं ईमानदारी से कार्य करने की अपेक्षा की तथा आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समय-समय पर समाधान जरूर किया जाएगा।

# कैंसर संस्थान में मरीजों के परिजनों वितरित किया कंबल

**लखनऊ।** नव वर्ष पर कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान में मरीजों के परिजनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कंबल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शीत ऋतु में जरूरतमंद, मरीजों के परिजनों को राहत प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक, प्रो.एम.एल.बी.भट्ट रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा ही संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नर्सिंग ऑफिसर्स की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम मानवीय संवेदना, सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसे प्रयास सभी के मनोबल को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में डा. विजेंद्र, डा.वरुण विजय, डॉ. प्रमोद गुप्ता, वित्त अधिकारी रजनीकांत वर्मा, पी.पी रावत, के.के.सिंह, नर्सिंग ऑफिसर करतार सिंह, ओमेश्वर, गजेंद्र, शिवम्-अवस्थी, अतुल पाण्डेय, प्रशान्त कुमार, ओमेश, रोहित श्रीवास्तव, अशोक, मोहित, अर्चना एवं सुषमा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मरीजों के परिजनों को कंबल वितरित किए गए।



# विधान सभा का हुआ सत्रावसान

**लखनऊ।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र का गुरुवार को सत्रावसान हो गया है। प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक उत्तर प्रदेश 18वीं विधानसभा का वर्ष 2025 का तृतीय सत्र 19 से 24 दिसंबर के उपवेशन की समाप्ति पर अनिश्चितकाल के लिए स्थागित हुआ था। राज्यपाल ने गुरुवार को सत्रावसान कर दिया गया है।

# नववर्ष पर महापौर ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नववर्ष के अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर महापौर ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भेंट के दौरान राजधानी के विकास, नगर निकायों की भूमिका, स्वच्छता, अधोसंरचना विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई।



महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार के मार्गदर्शन और सहयोग से लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने के प्रयास और अधिक सशक्त होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नववर्ष के अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए नगर निगम की ओर से किए जा रहे जनहित के कार्यों की सराहना की और नगर विकास से जुड़े कार्यों को और गति देने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रभु श्री राम से कामना की गई कि नववर्ष प्रदेश और राजधानी के लिए सुख, शांति, समृद्धि और प्रगति लेकर आए।

# बाराबंकी तीन डिग्री पारे के साथ रहा सबसे ठंडा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में नए साल पर दिन चढ़ने के साथ धूप खिली और गलन व ठंड से राहत मिली। बीते कई दिनों से ठंड और घने कोहरे के लंबे सिलसिले के बाद खिली धूप से कई जिलों में दिन के तापमान में बढ़त दर्ज की गई। विक्षोभ के असर से आगरा और अलीगढ़ में छिटपुट बूंदाबांदी हुई। गुरुवार को 3 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ बाराबंकी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी तराई व दक्षिणी भाग में कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी जगहों पर शुक्रवार से अगले दो दिनों तक कोहरे का प्रभाग कम होगा। हालांकि प्रदेश के पूर्वी तराई इलाकों कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोरखपुर, देवरिया में शुक्रवार के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



गोरखपुर में न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.7 डिग्री कम है। वहीं, हरदोई में पारा 4.5 डिग्री, अयोध्या में 5.0 डिग्री, सुलतानपुर में 5.2 डिग्री और बरेली में 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कानपुर में भी रात का तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। वहीं, पछुआ हवा के चलते दिन में भी धूप बेअसर साबित हो रही है। बस्ती में अधिकतम तापमान सामान्य से 5.6 डिग्री गिरकर 18.0 डिग्री पर आ गया। आगरा, अलीगढ़, इटावा और फतेहगढ़ जैसे शहरों में भी दिन का तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री नीचे रहा। वहीं प्रदेश के लगभग 40 जिलों में सुबह के समय कोहरे की संभावना अभी भी है। मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यूपी में विक्षोभ के असर से तात्कालिक तौर पर पारे का गिरना थमेगा। साथ ही अगले तीन दिनों में दिन व रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की बढ़त आएगी। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, मऊ, बलिया, संत कबीर नगर, बस्ती गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरेया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी व आसपास के इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई।

# बीबीएयू में नववर्ष के अवसर पर कर्मियों को बांटी शॉल और मिठाई

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में गुरुवार को नववर्ष के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू प्रो. नरेंद्र कुमार, प्रॉक्टर प्रो. राम चंद्रा एवं गृह विज्ञान विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. यूवी किरण मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें समाज की समस्याओं को समझने और एक अच्छे नागरिक होने के नाते उनके समाधान का सतत प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वयं को सक्षम बनाते हैं, तो हम समाज के लिए सार्थक सिद्ध हो सकते हैं। साथ ही विश्वविद्यालयों का यह दायित्व है कि यहां होने वाला शोध, शिक्षण एवं अन्य गतिविधियां समाज के लिए उपयोगी हों। अतः हम सभी को अपने ज्ञान, प्रतिभा और क्षमताओं को निरंतर बढ़ाते हुए कार्य करना चाहिए, ताकि विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान दे सकें और वर्ष 2026 में भारत को एक नए प्रगति पथ पर अग्रसर किया जा सके।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सफाई सेवकों एवं मालियों को शॉल एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता, सौंदर्य एवं सुव्यवस्था बनाए रखने में किए जा रहे निस्वार्थ एवं सराहनीय योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रदान किया गया, जिससे उनके मनोबल में वृद्धि हुई और कार्य के प्रति उनमें नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ।

# श्रम न्याय सेतु से श्रम न्याय हुआ डिजिटल और पारदर्शी

## पेपरलेस गवर्नेंस में उत्तर प्रदेश को मिला राष्ट्रीय सम्मान, आठ वर्षों में दोगुने से अधिक नये कारखाने रजिस्टर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने न केवल श्रमिकों के हितों की रक्षा को नई दिशा दी, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2025 इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसी वर्ष भारत सरकार द्वारा चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित किया गया, जिन्हें श्रमिक हितों की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि योगी सरकार की नीतियों और सुधारों का प्रत्यक्ष परिणाम यह रहा कि प्रदेश में लगातार बड़ी संख्या में नये कारखानों की स्थापना और पंजीकरण हुआ। बीते आठ वर्षों की तुलना में 2025 तक कारखानों का पंजीकरण दोगुने से भी अधिक हो गया, जिससे रोजगार के नये अवसर सृजित हुए और औद्योगिक वातावरण मजबूत हुआ। विशेष रूप से महिला कर्मकारों के लिए वर्ष 2025 ने नए अवसरों के द्वार खोले और उन्हें अधिक सुरक्षित व सशक्त कार्यपरिस्थितियां उपलब्ध कराईं।

श्रम अधिनियमों के अंतर्गत लंबित वादों की सुनवाई को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने के लिए श्रम विभाग ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 26 अगस्त 2025 को ह्रश्रम न्याय सेतु /लेबर ई कोर्ट प्लेटफॉर्मह्व का शुभारंभ किया गया।

यह पोर्टल न केवल पेपरलेस गवर्नेंस का उदाहरण बना, बल्कि इसे 19वें नेशनल डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवाड्र्स 2025 में पेपरलेस गवर्नेंस चैंपियन श्रेणी में सम्मानित भी किया गया। प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया गया। इसके अंतर्गत घरेलू ही नहीं बल्कि विदेशी रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा दिया गया। रोजगार संगम पोर्टल से टएअ पंजीकृत 5 रिक्रूटमेंट एजेंसियों को जोड़ा गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट को नई गति मिली। यहीं नहीं, रोजगार महाकुंभ 2025 का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया, जहां 16,000 से अधिक युवाओं का चयन और प्लेसमेंट हुआ। 1,612 युवाओं को विदेश में रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

इसके साथ ही 18 दिसंबर 2025 को वाराणसी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मोबिलिटी कॉन्क्लेव 2025 में भारत सरकार, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, राजदूतों, रिक्रूटमेंट एजेंसियों और उद्योग संघों ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव में सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर के साथ एक एकीकृत अंतर्राष्ट्रीय रोजगार सुविधा तंत्र का रोडमैप तैयार किया गया। बीमित श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरोग्य मंथन कार्यक्रम 2025 का आयोजन 11 दिसंबर 2025 को कानपुर में किया गया। इस अवसर पर दफकोड इनेबिल्ड ह्यमाइक्रोसॉफ्ट आरोग्य शक्ति अभियानह्ल का शुभारंभ, आरोग्य संकल्प पत्र का विमोचन और अअअ+ अस्त्रस्त्र की शुरूआत की गई। अअअ+ अस्त्रस्त्र के माध्यम से अब श्रमिक घर बैठे अपॉइंटमेंट, दवाओं की डिलीवरी और सभी मेडिकल टेस्ट रिकॉर्ड डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, चेन्नई, हैदराबाद और फरीदाबाद के ईएसआईसी प्रीमियर संस्थानों की बेस्ट प्रैक्टिस को उत्तर प्रदेश में लागू करने की पहल भी की गई। निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए बोर्ड द्वारा कई नवाचार किए गए। इसके तहत, 23 दिसंबर 2025 को ऑनसाइट निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया गया। पहले चरण में 10,000 श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के 18 जनपदों में संचालित अटल आवासीय विद्यालयों की निगरानी के लिए 360 डिग्री लाइव मॉनिटरिंग कमांड सेंटर की स्थापना की गई, जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 26 अगस्त 2025 को किया। साथ ही, निर्माण स्थलों पर प्रशिक्षण की शुरूआत की गई, जिससे श्रमिकों के कौशल का प्रमाणन और उन्नयन सुनिश्चित हुआ। बोर्ड द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना में आर्थिक सहायता बढ़ाते हुए सामान्य विवाह के लिए 65,000 रुपये, अंतरजातीय विवाह के लिए 75,000 रुपये और न्यूनतम 11 जोड़ों के सामूहिक विवाह की स्थिति में 85 हजार की धनराशि बोर्ड द्वारा आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया।

# व्यापारियों से बड़ा कोई वोट बैंक नहीं : संजय गुप्ता



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में नववर्ष के प्रथम दिन संकल्प कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हिन्दू, मुस्लिम सिख, जैन सभी धर्मों के व्यापारियों ने एवं ब्राह्मण, बनिया , ठाकुर, कायस्थ, विश्वकर्मा , भूमिहार , यादव कुशवाहा, दलित, कुमाऊँनी अनेक जातियों के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी जाति धर्म के व्यापारियों को चुनावों में जाति धर्म से ऊपर उठकर वोट करने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा व्यापारी से बड़ा कोई वोट बैंक नहीं है। उन्होंने कहा जिस दिन व्यापारी वर्ग जाति धर्म कि भावना से ऊपर उठकर वोट करना शुरू कर देगा उस दिन से किसी भी राजनीतिक दल की व्यापारियों की अनदेखी करने की हिम्मत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा राजनीतिक लोग केवल वोटों की भाषा समझते हैं। इस भाषा को व्यापारियों को अच्छे तरीके से सीखना होगा। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल 2026 के पूरे साल प्रदेश के सभी जिलों में व्यापारियों को जाति धर्म से ऊपर उठकर वोट करने के लिए जागरूक करेगा तथा व्यापारी वर्ग को मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में स्थापित करेगा।

संकल्प कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ,प्रदेश कोषाध्यक्ष मो.अफजल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी,शेखर कुमार श्रीवास्तव , इकबाल हसन, प्रदेश महामंत्रिकांत शर्मा,नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम , राज गोमती प्रभारी मनीष पाण्डेय, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, डॉ० साकेत चतुवेर्दी , परवेश जैन ,अंशू श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र साहू,मोहम्मद रिजवान नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, अजहर अहमद खां, श्याम सुंदर अग्रवाल, मनोज सिंह, राधे श्याम विश्वकर्मा, संतोष चौधरी, शेखर विजय श्रीवास्तव मनोज कुमार कुशवाहा, मनीष सिंह अखिलेन्द त्रिपाठी, शुभम पांडे, दिनेश यादव, फखरूल बशर, सुधीर कुमार गौतम, उमेश कुमार सनवाल मौजूद रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# नये साल पर खुशियां मनाने घरों से बाहर निकले लोग, लगा भीषण जाम





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नये साल की खुमारी गुरुवार को राजधानी वासियों के सिर चढ़कर बोली, लोग साल के पहले दिन अपने घरों से इस उत्साह के साथ बाहर निकले की सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। दोपहर होते- होते सड़कों पर चलने वाले वाहन रेंगते नजर आये। जिससे लोगों को जाम का झाम क्षेलना पड़ा, कई जगहों पर तो एंबुलेंस तक फंस गई, इस दौरान जगह-जगह जाम खुलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। दरअसल, गुरुवार को साल का पहला दिन होने की वजह से मंदिरों, रेस्टोरेंटों, होटलों और पार्कों में लोगों के जाने का सिलसिला जारी रहा। जिसकी वजह से सड़कों पर भारी संख्या में फरार्टा भरने वाले वाहन रेंगते रहे, जिससे सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ा। जिसकी वजह से मिनटो का सफर घंटों में तब्दील हो गया। नए वर्ष को लेकर शहर में चिड़ियाघर, पार्क, होटल में न्यू ईयर का जश्न जारी है। अंबेडकर पार्क, जनेश्वर पार्क, इमामबाड़ा, घंटाघर, चिड़ियाघर में भी लोगों का भारी जमावड़ा है। फूल-गुलदस्तों की दुकानों पर भी भीड़ रही। पीएम मोदी ने जिस प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया, उसे भी जनता के लिए खोल दिया गया। ट्रैफिक पुलिस ने एहतियात के तौर पर मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्जन किया। गाड़ियों के लिए पार्किंग बनाई। इसके बावजूद गोमती नगर, हजरतगंज, निशातगंज, डालीगंज, सिकंदरबाग, सीतापुर रोड, कुर्सी रोड, आईआईएम रोड, आलमबाग, विकास नगर, कपूरथला जैसे इलाकों की सड़कें और गलियां पूरी तरह वाहनों और लोगों की भीड़ से चोक हो गए हैं। सिकंदरबाग में सड़क पूरी तरह से चोक हो चुकी है। रूट डायवर्जन के बावजूद लोग गाड़ियां लेकर पहुंचे। केजीएमयू के सामने भीषण जाम लग गया। गोमती नगर, हजरतगंज, निशातगंज और डालीगंज में रोड पर वाहनों की कतारें लगी नजर आईं। शहीद स्मारक, डालीगंज और स्वास्थ्य भवन चौराहे पर जाम लगा रहा और तीन किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। आईआईएम रोड और बसंत कुंज के आसपास भीषण जाम जाम लग गया। जाम की स्थीत पैदा होने के कारण सिकंदरबाग की तरफ नो वेहिकल जोन घोषित कर दिया गया। सिकंदरबाग की तरफ से आने वाले वाहनों को डायवर्ट किया गया। बैरिकेडिंग करके नो वेहिकल जोन बना दिया गया।

**मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का तांता :** साल 2026 का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यही वजह है कि साल के पहले दिन राजधानी में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान के सामने शीश नवाकर मंगल की कामना की। हनुमंत धाम मंदिर पर पहुंचे भक्तों ने लंबी-लंबी कतारों में लगकर हनुमान जी के दर्शन-पूजन किये। इसके अलावा नये साल पर तमाम लोगों ने इस दिन को खास बनाने के लिए पाकों, रेस्टोरेंट या फिर होटलों का रुख किया। जिसमें उनका साथ आज मौसम ने भी दिया। साल के पहले दिन कई दिनों बाद सुबह के समय धूप निकली, धूप खिलने से लोगों को मौसम का साथ मिला, जिससे लोगों भारी तादात में घरों से बाहर निकले।

**इन स्थानों लगा जामः** डालीगंज चौराहा, सिकन्दर बाग, निशातंगज, समता मूलक चौराहा, 1090 चौराहा समेत लखनऊ के अन्य मार्गों पर लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ी। हालत इतने खराब रहे कि पैदल चलने वालों को भी निकलने के लिए वाहनों से बचते बचाते निकलना पड़ रहा था। आलम यह था कि 20 मिनट का सफर तय करने में एक-एक घंटा लग जा रहा था।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र की हाई स्कूल की मार्कशीट में (GURSHARAN SINGH KAMBOJ) गुरशरन सिंह कम्बोज पुत्र तरसेम सिंह दर्ज हैए जो सही है। टंकण त्रुटि के चलते मेरे पुत्र के आधार कार्ड में (GURSHARAN SINGH) गुरुसरन सिंह गलत दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र के समस्त अभिलेख मे (GURSHARAN SINGH KAMBOJ) गुरशरन सिंह कम्बोज पुत्र तरसेम सिंह पढ़ा व समझा जाए। **तरसेम सिंह निवासी ताहिरपुर महेवागंज, जिला खीरी।**

## गेहूं से भरा डाला पलटा

लखनऊ। थाना क्षेत्र के तिवारी खेड़ा गांव के पास गेहूं से भरा अनियंत्रित तेज रफ्तार डाला अचानक पलट गया। जिससे उसपर लदी गेहूं की बोरियां छिटक कर नहर के अंदर तक जा गिरी। लोगों की मदद से चालक सहित अन्य लोगों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आयी। बताया जा रहा की यूपी32/जेडएन 0328माल से गल्ला व्यापारी का गेहूं हरदोई जनपद के संडीला स्थित फ्लोर मिल को गेहूं बेचने जा रहा था। जब डाला तिवारी खेड़ा गांव की मोड़ पर पहुंचा तो अनियंत्रित होकर नहर की पटरी पर पलट गया और उसपर लदी गेहूं की बोरियां नहर के अंदर तक बिखर गयीं। जिसे ग्रामीणों की मदद से एकत्र किया गया।

# रिटायर्ड बुजुर्ग को 25 दिन डिजिटल अरेस्ट कर 90 लाख रुपये वसूले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर-जी में रहने वाले वित्त विभाग से सेवानिवृत्त बुजुर्ग अमर जीत सिंह को 25 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजों ने 90 लाख रुपये हड़प लिए। अमर जीत सिंह के बेटे अमर प्रीत ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि ठगों के बैंक खातों की पड़ताल की जा रही है। अमर प्रीत के मुताबिक एक दिसंबर को उनके पिता के पास वाट्सएप कॉल आई थी। फोन करने वाले ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम सेल का अधिकारी गिरीश कुमार बताया। ठग ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग में आपका नाम सामने आया है। इस संबंध में आपके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज है। यह सुनकर अमर जीत डर गए। ठगों ने अमर जीत को वाट्सएप पर नोटिस और गिरफ्तारी वारंट के जाली कागज भी भेजे। इसके बाद जालसाजों ने उन्हें जांच के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। कहा कि बैंक खातों में जो भी रकम है उसे सरकार के खाते में जमा करना होगा। जांच के बाद रकम वापस कर दी जाएगी। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तार किया जाएगा। ठगों की बातों में आकर अमर जीत डर गए और उन्होंने अपने अलग-अलग खातों में जमा 90 लाख रुपये ठगों के दिए गए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।

**संदेह होने पर बेटे ने की पूछताछ तो खुला मामलाः** 25 दिसंबर को पिता को फोन पर बात करते देख अमर प्रीत ने उनसे पूछताछ की पर अमर जीत ने कुछ नहीं बताया। संदेह होने पर अमरप्रीत ने शाम के समय पिता की काउंसिलिंग की और पूरी बात बताने के लिए कहा। इसके बाद अमर जीत ने पूरी कहानी बताई। पिता की बात सुनकर अमर प्रीत ने फौरन साइबर सेल की हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया और साइबर क्राइम थाने में जाकर शिकायत की। छानबीन में पता चला कि अमर जीत ने म्युचुअल फंड में निवेश की गई रकम भी ठगों को ट्रांसफर की थी।

**25 दिन तक खौफ के साये में रहेः** अमर जीत ने बताया कि वह ठगों को असली पुलिस अफसर मान बैठे थे। ठगों ने परिवार के लोगों को भी जेल भेजने की धमकी दी थी। इस संबंध में किसी से भी चर्चा करने से मना किया था। वह 25 दिन तक खौफ के साये में रहे। उन्होंने बताया कि अगर बेटे ने उनकी परिस्थिति को समझकर उनसे बात नहीं की होती तो शायद ठग उनसे और रकम वसूल लेते।

**ठगों के खाते में पुलिस ने फ्रीज कराए 15 लाखः** अमर प्रीत की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगों के खातों में 15 लाख रुपये फ्रीज करा दिए हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़ित को फ्रीज कराई गई रकम वापस दी जाएगी। साइबर क्राइम सेल के इंस्पेक्टर ब्रजेश यादव ने कहा कि बुजुर्ग से ठगों ने जिन बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कराए, उनका ब्योरा जुटाकर जांच की जा रही है। कुछ रकम फ्रीज कराने में सफलता मिली है। जांच जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### इनसे भी हो चुकी साइबर ठगी

- इंदिरानगर के लक्ष्मणपुरी विस्तार निवासी निजी कॉलेज की प्रोफेसर प्रमिला मानसिंह से 78.50 लाख रुपये हड़पे गए
- कनाडा के रहने वालीं सुमन कक्कड़ व उनकी बहन से 1.88 करोड़ ऐंठे गए
- बाजारखाला के ऐशबाग निवासी सरकारी बैंक के पूर्व कर्मचारी प्रभात कुमार से 1.20 करोड़ हड़प लिए गये
- एसजीपीजीआई की महिला डॉक्टर रुचिका टंडन से 2.81 करोड़ वसूले गए
- हजरतगंज के अशोक मार्ग पर रहने वाले डॉक्टर पंकज रस्तोगी की पत्नी दीपा से 2.71 करोड़ की ठगी हुई
- हजरतगंज निवासी मरीन इंजीनियर एके सिंह से 84 लाख की ठगी हुई
- ठाकुरगंज के पंचायती राज विभाग से रिटायर कमलकांत मिश्रा से 17.5 लाख वसूले गए थे

## सोलर लगाने के नाम पर 80 हजार ठगे

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित एक निमार्णाधीन मकान पर सोलर पैनल लगाने के नाम पर ठगों द्वारा 80 हजार हड़प लेने की शिकायत पुलिस से की गई है। मूल रूप से मकान नंबर 8/155 इन्दिरा नगर लखनऊ हाल पता मकान नंबर 01/02 - ब्लक एमार गोमती ग्रीन्स निकट पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार के अनुसार उन्होंने एमार गोमती ग्रीन्स स्थित अपने निमार्णाधीन भवन पर सोलर पैनल लगाए जाने के लिए आमिर निवासी कल्याण अपार्टमेंट थाना गाजीपुर से बात की थी। जिसने उनके पति संतोष कुमार यादव को कुशकान्त तिवारी उर्फ अनिकेत पुत्र अरुण कुमार तिवारी निवासी 2/608 विकास नगर लखनऊ मूल निवासी जनपद अयोध्या से मिलवाया और आमिर द्वारा बताया गया कि अनिकेत हमारे सीनियर है तथा इंडस्ट्रीज के नाम से हमारी फर्म है। जिसके बाद उन दोनों ने 28 अक्टूबर 2022 में पीड़िता के नाम से की सरकारी वेब साइट पर सोलर पैनल के आवेदन के लिए पंजीकरण कराने के नाम पर कुछ दस्तावेज व 25 हजार रुपये ले लिए।

इसके बाद कुशकान्त तिवारी द्वारा विभिन्न तिथियों में पीड़िता से कुल 2 लाख 5 हजार रुपये ले लिए गए। उसके बाद जब आमिर एवं कुशकान्त उर्फ अनिकेत से सोलर पैनल का कार्य पूरा करने के लिए कहा गया तो ताल मटोल करने लगे। काफी समय बीत जाने पर पीड़िता ने हम लोगों ने आमिर और कुशकान्त से पैसे वापस मांगने शुरू किए तो कुशकान्त द्वारा कई किश्तों में फरवरी 2024 तक लगभग रुपये 01 लाख 25 हजार वापस किए गए किन्तु रुपये 80 हजार अभी तक वापस नही किये गए। जिसकी शिकायत पीड़िता ने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की थी। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## नाले में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में गुरुवार को नाले में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वही सूचना पर पहुंची स्थानीय आशियाना पुलिस ने मृतक की पहचान हो जाने पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आशियाना थाना इलाके स्थित बंगला बाजार स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर के सामने बने नाले में गुरुवार की सुबह युवक का शव मिलने से हड़कम मच गया। मंदिर के सामने सफाई कर रहे सफाईकर्मियों ने शव को देख पुलिस को जानकारी दी। वही सूचना पर पहुंची स्थानीय आशियाना पुलिस ने शव की पहचान हो जाने पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान थाना क्षेत्र स्थित भदरूख निवासी अचल (25) पुत्र पप्पू खटीक के रूप में हुई है।

## पकड़े गये दो चोर

लखनऊ। थाना बिजनौर पुलिस ने भैंस चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को पकड़ा हैं। पकडे गए अभियुक्तों के पास से एक अदद भैंस और एक लोडर भी बरामद किया हैं। पुलिस अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्य वाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत- लामा बनकठा, वि.ख.- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-01.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- लामा बनकठा, विकासखंड- मोतिगरपुर जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक- 01.01.2026 से दिनांक- 07.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- लामा बनकठा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 07.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक स्कूल के सामने इंटरलॉकिंग से कामता सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 4,33,888 लाख। | जिगजैग ईंट, ईंट, मोरंग, गिट्टी, बालू व अन्य सामाग्री। |

नोट- **समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- लामा बनकठा, वि.ख.- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर।



**कार्यालय ग्राम पंचायत- मुड़हा, वि.ख.- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-01.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- मुड़हा, विकासखंड- मोतिगरपुर जनपद- सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक-01.01.2026 से दिनांक- 07.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- मुड़हा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 07.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | आर.सी.सी. रोड से कालिका के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.55 लाख। | जिगजैग ईंट, ईंट, मोरंग, गिट्टी, बालू व अन्य सामाग्री। |
| 2. | नूरु के घर से प्रकाश सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 2.60 लाख। | जिगजैग ईंट, ईंट, मोरंग, गिट्टी, बालू व अन्य सामाग्री। |

नोट- **समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- मुड़हा, वि.ख.- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर।



**कार्यालय ग्राम पंचायत खगियापुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 01.01.2026

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 08.01.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | डामर रोड से राधेश्याम के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 12.61 घन मी. | 5142 नग | 25.22 घन मी. | 8755 नग | 86 बैग | 3.53 घन मी. |
| 2 | बसंत के घर से राकेश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 10.26 घन मी. | 5142 नग | 20.52 घन मी. | 6809 नग | 75 बैग | 3.53 घन मी. |
| 3 | उ.प्रा.वि. से पप्पू राजपूत के घर इंटरलाकिंग कार्य। | 5.06 घन मी. | 2457 नग | 10.12 घन मी. | 3387 नग | 36 बैग | 1.68 घन मी. |

**नियम शर्ते**
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में 02.01.2026 से 08.01.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 02.01.2026 से दिनांक 08.01.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जायेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत खगियापुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 08.01.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**बब्ली शुक्ला**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खगियापुर
विकास खण्ड धौरहरा

**धर्मेन्द्र सिंह**
ग्रा.वि.अधिकारी
ग्राम पंचायत खगियापुर
विकास खण्ड धौरहरा


# न्यू ईयर पार्टी दौरान चाकूबाजी, युवक गंभीर रूप से घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एक निजी होटल में बुधवार को आयोजित न्यू ईयर पार्टी दौरान दो युवकों में धक्का मुक्की को लेकर विवाद हो गया और चाकू लेकर एक युवक पर ताबड़तोड़ कई वार कर लहूलुहान कर दिया गया। आनन फानन में दोस्तो ने घायल युवक को नजदीकी लोकबंधु अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे ट्रामा रेफर कर दिया। जहां उसका अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। मिली जानकारी अनुसार बुधवार को कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के बाराबिरवा स्थित एक निजी होटल में न्यू ईयर की पार्टी आयोजित थी। जिसमें शामिल होने रात्रि करीब 9:30 बजे माती बिजनौर का रहने वाला अभिषेक सिंह पुत्र अविनाश सिंह अपने दो दोस्तों रजनीश, अनुभव और युगांश संग आया था। वही पार्टी में देर रात्रि न्यू ईयर जस्न मनाया जा रहा था और डीजे पर युवक युवती झूम रहे थे इस दौरान अभिषेक से एक दूसरे युवक को धक्का लग गया नशे में धुत्त होने की बात को लेकर मारपीट शुरू हो गई और दूसरे पक्ष ने चाकू से युवक के सीने पर कई वार कर दिए जिससे युवक खून से लथपथ लहूलुहान हो गिर पड़ा आनन फानन में उसके दोस्त परिजनों को जानकारी दे इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिकी उपचार कर इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया जहां युवक की हालत स्थिर बनी हुई है और अस्पताल में भर्ती कर उसका इलाज चल रहा है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि रात में हुई इस घटना की जानकारी पुलिस को सुबह परिजनों द्वारा पुलिस को मिली है घायल युवक की शिकायत पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर होटल में लगे कैमरों की फुटेज आधार पर हमलावर की तलाश की जा रही है।

**होटल की भूमिका रही संदिग्धः** नए वर्ष पर होटल के टॉप फ्लोर पर न्यू ईयर पार्टी आयोजित था जश्न दौरान मारपीट हुआ और चाकूबाजी की गई इस जश्न पार्टी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही होटल द्वारा इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई बशर्ते मामले को दबाने में जुटे रहे। घायल युवक के परिजनों का आरोप रहा कि उनका बेटा घायल तड़पता रहा लेकिन होटल की ओर से कोई मदद नहीं मिली।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**लखनऊ।** थाना बीकेटी अंतर्गत अस्ति क्रासिंग के पास घर से मंदिर जा रही महिला को अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस से शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार इंदु उम्र लगभग 47वर्ष पुत्री स्व. देवनारायण दास अपने मायके आई थी देर शाम वह घर से मंदिर पूजा करने जा रही थी अस्ति क्रासिंग के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी की महिला की मौत मौके पर ही हो गई साल के पहले रोज हुई उक्त घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**
**सं. 58/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. कार्य का विवरणः** इज्जतनगर डिवीजन के रामपुर- लालकुआँ अनुभाग में टी.आर.आर. (पी.)-57.6 ट्रैक किमी. एवं टी.आर.आर.-19 सेट्स के साथ फ्लैश बट वेल्डिंग का कार्य।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹9,89,59,940.85; **बयाना राशि (₹में):** ₹6,44,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह। **क्र.सं. 2. कार्य का विवरणः** इज्जतनगर डिवीजन के सहायक मंडल इंजीनियर पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में पीलीभीत जंक्शन स्टेशन पर रेलवे लाइनों का विस्तार एवं प्रमुख यार्ड का पुनर्निर्माण।; **अनुमानित लागत (₹में):** ₹15,19,99,465.62; **बयाना राशि (₹में):** ₹9,10,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 18 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 19.01.2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबंधक/(इंजी०)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-394** **इज्जतनगर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## हजरतगंज चौराहे पर नशे में धुत दरोगा ने कई को कार से कुचलने का प्रयास किया

लखनऊ। हजरतगंज चौराहे पर नए साल के जश्न के दौरान बुधवार रात नशे में धुत कार सवार दरोगा ने ट्रैफिक दरोगा को कुचलने का प्रयास किया। कार का पीछा कर रोकने की कोशिश करने में भी कई पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। कार बैरीकेडिंग से टकारकर रुकी। कार से निकलते ही दरोगा ने डीसीपी (क्राइम) से भी अभद्रता की। पुलिसकर्मियों ने घेरकर दबोचा और कोतवाली लाए। जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है। आरोपी दरोगा सौम्य जायसवाल बाराबंकी पुलिस लाइन में तैनात है। कमिश्नरेट पुलिस ने उसके निलंबन के लिए बाराबंकी के एसपी को पत्र लिखा है। नए साल के जश्न के दौरान देर रात करीब एक बजे हजरतगंज चौराहे पर यातातात का भारी दबाव था। जाम की स्थिति बनी हुई थी। ट्रैफिक कंट्रोल रूम के दरोगा आशुतोष त्रिपाठी ट्रैफिक संचालन कर रहे थे।

# पार्टी कर लौट रहे प्रॉपर्टी डीलर की कार नहर में गिरी, दो की मौत, एक घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुडंबा इलाके में गांव से न्यू ईयर पार्टी कर लौट रहे प्रॉपर्टी डीलर की कार माइनर नहर में गिर गई। हादसे में प्रॉपर्टी डीलर सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। प्रॉपर्टी डीलर के भाई ने घटना पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। पुलिस ने कार को नहर से निकलवा कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई होगी।

बाराबंकी के कुर्सी रोड पलिया निवासी प्रॉपर्टी डीलर विनोद कुमार (45) बुधवार को अपने गांव गए थे। वहीं नए वर्ष के मौके पर पार्टी थी। विनोद के साथ कल्ली पश्चिम निवासी अरुण कुमार (23) और कुंवर भी गए थे। तीनों देर रात पार्टी कर ब्रेजा कार से गुड़ंबा थाने के पीछे स्थित प्रॉपर्टी डीलर के घर लौट रहे थे। विनोद की पत्नी मीना और बेटा अभय के साथ घर पर थीं। कार बेहटा माती और पारा गांव के बीच स्थित माइनर नहर से गुजर रही थी। इसी बीच अनियंत्रित हो गई और तीनों कार समेत नहर में जा गिरे। घटना की जानकारी होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से तीनों लोगों को निकाल कर गुड़ंबा सीएचसी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने विनोद व अरुण को मृत घोषित कर दिया, जबकि कुंवर का इलाज चल रहा है। मृतक विनोद के भाई वीरेंद्र ने घटना को लेकर संदेह जताया और मामले की अन्य पहलुओं पर जांच की मांग की है। गुड़ंबा थाना इंस्पेक्टर प्रभातेश श्रीवास्तव का कहना है कि नहर में गिरने से कार सवार दो की मौत हो गई है।

एक घायल को अस्पताल पहुंचााय गया है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अरुण की नौ महीने पहले ही हुई थी शादी मृतक अरुण के पिता संतोष कुमार ने बताया कि 18 अप्रैल को अरुण की आलमबाग निवासी नीतू से शादी हुई थी। अरुण एक मेडिकल स्टोर पर काम करता था। एक महीने पहले उसने वहां से काम छोड़ दिया था। बुधवार को वह आलमबाग स्थित अपनी ससुराल में पत्नी से मिलने गया था। वहां से लौटने के बाद वह दोस्त कुंवर के साथ चला गया था। देर रात कुंवर के परिजनों से पता चला कि हादसा हो गया है। उसके बाद गुड़ंबा स्थित अस्पताल बुलाया गया। वहां पहुंचने पर पता चला कि अरुण की मौत हो गई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-20-सीनि० डी०ई०ई०- लखनऊ-25 |
| 2. | कार्य का नाम | फाफामऊ स्टेशन पर लाइन संख्या 4 और 5 के दोनों सिरों पर ट्रैक और टर्न आउट में गड़बड़ी को ठीक करने के कारण ओएचई का संशोधन कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 47,13,101.91 |
| 4. | बयाना राशि | रू. 94,300.00/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 23.01.2026 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पत्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करताः निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के **वैध** लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोटः** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं०: टीआरडी-20-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-25** **दिनाँक 31.12.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 4036/25


साल के पहले दिन हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु


मंदिरों में उमड़ा भक्तों का हुजूम


नववर्ष के जश्न में युवाओं की जुटी भीड़

सभी फोटो-अमित वर्मा

# मंदिरों में दर्शन के साथ शुरू हुआ लखनऊ वासियों का नया साल

## राजधानी के मनकामेश्वर, हनुमान सेतु, राजेंद्र नगर महाकाल, खाटू श्याम मंदिर में पहुंचे लाखों भक्त, सुबह से लगी रही लंबी कतार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नव वर्ष की नई सुबह और नई उम्मीदों की पहली भोर का स्वागत लोगों ने मंदिरों में भगवान के सामने सर नवाकर किया। भगवान का दर्शन पूजन कर लोगों ने सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और जीवन में शांति की कामना की। इस खास दिन को देखते हुए कई मंदिरों को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। कहीं भोलेनाथ का भांग मेवा से श्रृंगार हुआ। कहीं अखंड हरिनाम संकीर्तन से नववर्ष के पहले दिन की शुरूआत हुई। मंदिर दिनभर जयकारों से गूंजते रहे। शीतलहर की परवाह किए बगैर भोर से ही मंदिरों में दर्शनार्थियों की आधा-आधा किलोमीटर तक लम्बी कतारें लगी रहीं। भक्तों की अपार भीड़ के कारण शहर के सभी प्रमुख मंदिरों के आस-पास की रोड़ पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही।

**हनुमान जी का सिंदूर से अभिषेक:** आज 2026 का प्रथम दिन लेटे हुए हनुमान जी के सानिध्य में धूमधाम और सनातन रीति के अनुसार संपन्न हुआ। सुबह भक्तों ने हनुमान जी का सिंदूर से अभिषेक किया। इसके उपरांत भव्य श्रृंगार किया गया। लोग जन कल्याण के लिए सुबह 10 बजे से 12 बजे तक हवन संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए यज्ञ में भागीदारी की। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विवेक तागड़ी ने बताया कि लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में कल वर्ष के अंतिम दिन शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजनों पर मंत्रमुग्ध होकर लोगों ने जमकर नृत्य और जयकारे लगाये। लोग वर्ष का प्रथम दिन भगवान के निकट प्रार्थना से बनाएं जिससे उनका जीवन और सार्थक हो सके। सचिव पंकज सिंह भदोरिया द्वारा मंदिर में फूलों का भव्य श्रृंगार कराया गया।

**दर्शनार्थियों की लगी लंबी कतारें:** नए वर्ष के पहले दिन गुरुवार को डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर मठ में भोर से ही भक्तों की लाइन लग गई। मंदिर को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। भक्तों ने घंटों इंतजार करने के बाद भोलेबाबा के दर्शन किए। यहां सावन के सोमवार जैसा नजारा दिखा। वहीं कई लोगों ने लम्बेश्वर महादेव मंदिर में भी दर्शन किए। हनुमान सेतु मंदिर में भी भक्तों का लम्बी कतार देखी गई। साल के पहले दिन अलीगंज हनुमान मंदिर में 2.5 लाख तो हनुमान सेतु में 1.5 लाख शृद्धालु पहुंचे। हाथों में पूजन-सामग्री व प्रसाद लिए श्रद्धालुओं दर्शन की आस में लगाए खड़े रहे। लोगों ने घंटो इंतजार के बाद दर्शन किए। वहीं बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर के बाहर आधा किलोमीटर तक लाइन लगी रही। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पीछे हनुमत धाम व शनिदेव मंदिर में भी दर्शनार्थियों का दिनभर तांता लगा रहा। अलीगंज हनुमान मंदिर में भक्तों का जमावड़ा रहा।



**शाम को विश्व शांति की कामना से हुई आरती:** राजेन्द्र नगर स्थित श्री महाकाल मंदिर में भोलेनाथ का श्रृंगार भांग व मेवा से किया गया। मंदिर संयोजक अतुल मिश्रा ने बताया कि शाम को विश्व शांति की कामना और लोगों की सुख, समृद्धि के लिए विशेष आरती हुई। महिला मंडल की कार्यकताओं व सदस्यों ने भजन प्रस्तुत किए।

**इस्कॉन मंदिर में भक्तों का उमड़ा हुजूम:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित इस्कॉन मंदिर में नववर्ष का प्रारंभ अखंड हरिनाम संकीर्तन से किया गया ' बड़ी संख्या में आए भक्तों ने उत्साहपूर्वक संकीर्तन व नृत्य किया। इस्कॉन मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु ने मंदिर में आये भक्तों से गीता पढ़ने और गीता पढ़ाने, गीता सुनने और गीता सुनाने का निवेदन किया इसके साथ ही अमीनाबाद स्थित हनुमान मंदिर, चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर, बड़ी काली जी मंदिर, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर, सदर स्थित द्वादश ज्योर्तिलिंग, इंदिरा नगर स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर, चिनहट स्थित छोहरिया माता मंदिर समेत अन्य मंदिरों में नववर्ष के पहले दिन भगवान का दर्शन करने वालों की भीड़ रही।

**ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी उमड़े भक्त:** नववर्ष पर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी दर्शन करने वालों की भीड़ रही। बीकेटी स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं मोहनलालगंज स्थित प्राचीन कालेबीर बाबा मंदिर, शितला माता मंदिर, निगोहा का अन्नपूर्णा मंदिर के साथ ही लखनऊ -उन्नाव सीमा पर स्थित भंवरेश्वर मंदिर में भी बड़ी संख्या में लोगों ने दर्शन किये। नगराम के समेसी कस्बा स्थित राकश बीर बाबा मंदिर पर तहरीर भोज का आयोजन किया गया। यहां 51 कन्याओं को भोज कराकर भंडारे का शुभारंभ हुआ।

**चर्चो में प्रार्थना के साथ नव वर्ष का हुआ स्वागत:** नव वर्ष के प्रथम दिवस पर शहर के चर्च में प्रार्थना के साथ नए वर्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान देश में शांति, भाईचारे और विकास के लिए दुआ मांगी गई। किसी चर्च में माता मरियम का पर्व मनाया गया तो कहीं मेले का आयोजन हुआ। गीत-संगीत के बीच पादरियों ने प्रभु का संदेश दिए। हजरतगंज स्थित सेंट जोसफ कैथड्रल में वर्ष का पहला दिन मां मरियम के पर्व के रूप में मनाया गया। सुबह प्रार्थना सभा हुई। इसके बाद सभी एक दूसरे से मिले और नव वर्ष की बधाई दी। पादरी डोनाल्ड डिसूजा ने शुभकामनाएं दीं। अलीगंज स्थित असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च में सुबह नए साल की आराधना हुई। इसके बाद वर्तिका व स्नेहा ने प्रभु ईशु के गीत गाए।

**भगवान झूलेलाल की हुई पूजा अर्चना :** सिंधी समाज ने नववर्ष के पहले दिन गुरुवार को भगवान झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना कर विश्व बहिराणा दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर शहर की सभी सिंधी पंचायतों ने अपने क्षेत्र से बहिराणा साहिब जी को बड़ी थाली में सजाकर, सर पर रखकर गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका पहुंचे। यहां पर ढोल की मधुर थाप पर सिंधी समाज की महिलाओं व पुरुषों ने जमकर नृत्य किया। भगवान झूलेलाल जी का जयकारा लगाते हुए गोमती नदी में बहिराणा साहिब को विसर्जित किया। इस मौके पर सिंधु सभा के चेयरमैन श्याम कृषनानी, अध्यक्ष अशोक मोतियानी, महामंत्री संजय जसवानी, मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन मेघानी, अशोक चांदवानी, सुदाम चंद, हंस राज समेत बड़ी संख्या में सिंधी महिलाओं मौजूद रहीं। इस अवसर पर सिंधी समाज के लोगों को संकल्प दिलाया गया कि समाज के लोग जब भी मिलेंगे वह इपने ईष्ट देव भगवान झूलेलाल जी नाम लेकर यानी जय झूलेलाल कहकर अभिवादन करेंगे।



## लाल-लाल चुनरी से मां की महिमा का किया गुणगान



**लखनऊ।** मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में माँ की असीम कृपा से आयोजित भव्य माता की चौकी एवं भजन संध्या में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माँ के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया भजन संध्या में देश के प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। प्रसिद्ध भजन गायक राम प्रताप लखा ने अपने लोकप्रिय भजन लाल-लाल चुनरी से माँ की महिमा का गुणगान किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। वृंदावन धाम से पधारे चंदन अवस्थी ने अपने सुप्रसिद्ध भजन बन महाकाल की काली की प्रस्तुति देकर पूरे पंडाल को जयकारों से गुंजायमान कर दिया। भक्ति संगीत की लोकप्रिय गायिका सुश्री साक्षी कंधारी ने सब झूमो नाचो, मैया आने वाली है, चुनदरी उड़ रही है रथ पर चढ़ने वाली है भजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति की लय में झूमने पर विवश कर दिया। वहीं शुभम पांडेय ने भावपूर्ण भजन माता की अरदास प्रस्तुत कर माँ के चरणों में अपनी विनम्र प्रार्थना अर्पित की, जिससे वातावरण और भी अधिक भावुक एवं आध्यात्मिक हो गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं पर माँ की कृपा स्पष्ट रूप से झलक रही थी। अंत में सभी भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसाद ग्रहण कर सभी ने स्वयं को धन्य महसूस किया। मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर प्रबंधन समिति ने कार्यक्रम में पधारे सभी श्रद्धालुओं, कलाकारों एवं सेवाभावी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए माँ से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया मंदिर में आज मुख्य रूप से प्रबंधक देवराज सिंह आचार्य आदर्श मिश्रा विजय गुप्ता राहुल तुषार विकास तिवारी मेघनाश मातृशक्ति सेविका आशा तिवारी माला गुप्ता शालनी लक्ष्मी एवं अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम मंदिर में हजारों भक्तों ने किये बाबा के दर्शन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित से श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम परिवार द्वारा नए साल में आए बाबा तुमको रिझाने कार्यक्रम में कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक रवि बेनीवाल द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि आंग्ल नव वर्ष के प्रथम दिन को ध्यान पर रखते हुए मंदिर प्रशासन ने आने वाले भक्तों के लिए बैरिकइटिंग की व्यवस्था किया जिससे बिना रुकावट भक्तों को दुर्लभ दर्शन हो सके। प्रवक्ता अनुराग साहू बताया कि आंग्ल नए साल से अवसर पर मंदिर का कपाट सुबह 5 बजे से भक्तों के लिए खोल दिया गया और पूरे दिन लाखों को संख्या में श्रीश्याम भक्त हाथ में मोर पंख, दूसरे हाथ मिस्त्री प्रसाद और लफ्जों पर जय श्री श्याम का घोष करते हुए श्री श्याम बाबा के दर्शन देखा गया। शाम को कलकत्ता के सुप्रसिद्ध भजन गायक रवि बेरीवाल के भजन नॉन स्टॉप श्रीश्याम भजनों से सारा वार्तावरण भक्तिमय कर दिया लोग झूमते नचते बाबा को भजनों से रिझा रहें थे। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल अग्रवाल ने ने बताया कि लगभग ढाई लाख से अधिक भक्तों ने श्याम बाबा के नव वर्ष पर दर्शन किए।

# नवाबों के शहर लखनऊ ने जमकर मनाया नये साल का जश्न, हर तरफ दिखा जाम





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नये साल 2026 के पहले दिन गुरुवार को पूरा लखनऊ जश्न में डूब गया। शहर की कोई घूमने की जगह ऐसी नहीं रही जहां लोगों का हुजूम न उमड़ा हो। नये साल पर लोग सार्वजनिक जगहों पर दोस्तों परिवारों के साथ घूमते नजर आये। हर जगह मेले जैसा माहौल और सड़कों पर जाम दिखायी दी। साल के पहले दिन को मनाने का उत्साह और जोश देखते ही बना। सर्दी के बाद भी लोगों ने खूब आनन्द लिया। नई उमंगों के साथ नए साल के पहले दिन की शुरूआत हुई। साल के पहले दिन अपने सपनों को साकार करने व प्रभु का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिरों में काफी भीड़ रही।

**शहर के पार्क रहे गुलजार:** शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों अम्बेडकर पार्क, जनेश्वर मिश्र पार्क, रिवर फ्रंट, मरीन ड्राइव, 1090 चौराहे पर जबरदस्त ठंड के बावजूद लोगों का हुजूम नजर आया। लोग इस यादगार पल को कैमरे में कैद करते नजर आये। शहर के नये पर्यटन स्थल रिवर फ्रंट पर लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी, वहीं जनेश्वर मिश्र पार्क में लोगों ने गंडोला नाव का मजा लिया जबकि मरीन ड्राइव पर फ्रेंड्स सर्कल में युवाओं ने जमकर नए साल को इंज्वॉय किया। गोमतीनगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में नए साल के पहले दिन लोगों ने उत्साह मनाया। ठंडक के मौसम में लोगों ने बोटिंग की तो झूले पर मौजमस्ती में पूरा दिन गुजारा। सुबह से ही पार्क में लोगों का भीड़ जुटी जो देर शाम तक बनी रही। रीवर फ्रंट पर भी नये साल के उत्साह में डूबा रहा। युवाओं की टोली ने जगह.जगह नए वर्ष का जश्न मनाया। गोमती के पुल पर भी लोगों का जमावड़ा लगा रहा। लोग सेल्फी लेते दिखाई दिये। शॉपिंग माल के अलावा हाथी पार्क, बुद्धा पार्क, नींबू पार्क लोहिया पार्क आदि में लोगों की भीड़ रही। लोग अपने परिवार के साथ इन पार्कों में मस्ती की।

**सेल्फी लेते नजर आये युवा:** राजधानी के पार्कों में युवाओं की काफी भीड़ थी। नए जमाने के साथ यहां भी युवा अपने साथियों के साथ सेल्फी लेते नजर आए। हजारों लोगों के परिवार सहित पार्कों में पहुंचने से काफी रौनक देखी गई। यहां सभी ने झूलों का आनंद लिया, कुछ लोग पार्क में घूम-घुमकर पशु-पक्षियों के साथ अठखेलियां कर रहे थे।

**शहर के मॉल में भी रही भीड़:** साल के पहले दिन शहर के सभी मॉल भी खचाखच भरे। सहारागंज, वेव, फीनिक्स, आईनॉक्स, फन के अलावा शहर में खुला नया लूलू मॉल व फीनिक्स प्लासियो में सबसे ज्यादा भीड़ रही। शहर के लोगों ने दोस्तों और परिवार के साथ नये साल का स्वागत अपने अपने अंदाज में किया।

## प्राणी उद्यान घूमने पहुंचे 24592 दर्शक, खूब की मस्ती



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में गुरुवार को 24592 दर्शक प्राणि उद्यान का भ्रमण करने आये। आज सुबह से ही दर्शकों का हुजूम प्राणि उद्यान का भ्रमण करने के लिए उमड़ने लगा और यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। प्राणि उद्यान के दोनों प्रवेश द्वारों पर स्थित पार्किंग भी पूरी तरह भरी हुई थी एवं पार्किंग व्यवस्था पूर्णतः सुद्ध थी।

प्राणि उद्यान की बाल रेल के प्लेटफार्म पर बड़ी संख्या में दर्शक बाल रेल की प्रतीक्षा करते नजर आये। प्राणि उद्यान के नरही स्थित मुख्य द्वार संख्या-1 पर एवं डालीबाग द्वार संख्या-2 स्थित सेल्फी प्वाइंट पर दर्शकों ने खूब फोटो खींची। अपने अविभावकों के साथ आये बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता ने बाल रेल की सवारी कर खूब मनोरंजन किया। दर्शक, एन्ट्री प्लाजा में बने झरने एवं सेल्फी प्वाइंट पर फोटो / सेल्फी लेते नजर आये। दर्शकों ने कहा एन्ट्री प्लाजा में दर्शकों के बैठने हेतु बहुत अच्छी व्यवस्था है एवं यह अत्यन्त सुन्दर व आकर्षक है। दर्शकों ने बब्बर शेर, जिराफ, जेब्रा, टाइगर, गेंडा, भालू एवं हिरन के मॉडलों के साथ फोटो खीची। आज प्राणि उद्यान में दर्शकों की भीड़ को देखते हुए नरही स्थित मुख्य द्वार पर टिकट घर में 7 टिकट काउण्टरों पर टिकट देने की व्यवस्था की गयी थी तथा डालीबाग गेट पर 4 काउण्टरों पर कुल 11 टिकट काउण्टरों पर टिकट देने की व्यवस्था थी। सभी कर्मचारियों को वर्दी में रहने के निर्देश दिये गये थे। सभी कर्मचारी अपनी वर्दी में थे। पुलिस ( महिला एवं पुरूष ) की प्राणि उद्यान की अन्दर एवं बाहर तैनात थे। दर्शकों का इतनी अधिक संख्या में प्राणि उद्यान में आने का मुख्य कारण प्राणि उद्यान में दर्शकों के लिए नई-नई सुविधाएं विकसित किया जाना तथा उच्च स्तर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव किया जाना है। निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ, अदिति शर्मा ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

# कोहरे से शताब्दी एक्सप्रेस कैंसिल, 28 गाड़ियां घंटों देर से पहुंचीं

## प्रतीक्षालय, लाउंज, रिटायरिंग रूम रहे फुल, चार उड़ानें हुईं निरस्त और 15 विलंबित, कोहरे में बसें भी हुईं लेट-लतीफ



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कोहरे के चलते पिछले दो हफ्ते से देरी की शिकार हो रही शताब्दी एक्सप्रेस को कैंसिल कर दी गई। वहीं 28 ट्रेनें प्रमुख रूप से लेट रहीं। दिल्ली आने-जाने वाली चार उड़ानें भी दृश्यता कम होने के चलते निरस्त रहीं। करीब 15 विमान लेट रहे। ट्रेनों के इंतजार में यात्री रेलवे स्टेशनों पर गठरी बने नजर आए। प्रतीक्षालय, लाउंज, रिटायरिंग रूम फुल रहे। गाड़ी संख्या 12004 शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली से लखनऊ जंक्शन आती है। सुबह यह ट्रेन निरस्त रही।

गत मंगलवार दोपहर 3:30 की जगह शताब्दी एक्सप्रेस रात 10:32 बजे नई दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। इससे ट्रेन सुबह 11 बजे नई दिल्ली पहुंच सकी। इसके चलते ही बुधवार को ट्रेन निरस्त करनी पड़ी। जबकि तेजस एक्सप्रेस मंगलवार को साप्ताहिक बंदी के कारण नहीं संचालित की गई। यह ट्रेन सही समय से रवाना हुई तो यात्रियों को राहत मिली।

हालांकि कानपुर पार होने के बाद ट्रेन लेट हो गई। वहीं ट्रेन नंबर 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस 9:30 घंटे, गाड़ी संख्या 12226 कैफियात एक्सप्रेस 8:30 घंटे की देरी से संचालित हुई। जबकि हावड़ा जाने वाली गाड़ी संख्या 13006 पंजाब मेल व 13020 बाघ एक्सप्रेस बुधवार को निरस्त रही।

**दिल्ली आने-जाने की चार उड़ानें निरस्त, कई लेट :** कोहरे के चलते दिल्ली रूट की चार उड़ानें निरस्त रहीं। इसमें दिल्ली से आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआइ-2499 और एआइ-1720 निरस्त कर दी गई। वहीं लखनऊ से दिल्ली जाने वाली उड़ान एआइ-2500 और एआइ-1821 भी कैंसिल कर दी गई। इसी क्रम में लखनऊ से दम्माम जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस एक्सवाइ-897 सवा आठ घंटे, दिल्ली से लखनऊ आने वाली 6ई-2172 एक घंटे, रियाद जाने वाली एक्सवाइ-334 सात घंटे, मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की एआइ-2492 दो घंटे व गोवा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट आधे घंटे देरी की शिकार हुई।

**स्टेशन पर यात्री बन गए "गठरी" :** ठंड में चारबाग, लखनऊ जंक्शन आदि रेलवे स्टेशनों पर यात्री गठरी बनने को मजबूर हो गए हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी से उनकी परेशानियां थमती नहीं दिखी। प्रतीक्षालयों में भी जगह नहीं मिली। वहीं सरकुलेटिंग एरिया में अलाव का इंतजाम नहीं होने से कुलियों को दिक्कतें हुईं। हालांकि सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी का कहना है कि जल्द ही यात्रियों के लिए स्थायी होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा।

**कोहरे में गुम बसों की टाइमिंग :** कोहरे के चलते बुधवार को 65 बसें देरी से पहुंची। लखनऊ से दिल्ली व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में जाने वाली बसों की टाइमिंग कोहरे में गुम हो गई। प्रयागराज, वाराणसी, लखीमपुर, बहराइच आदि रूट पर चलने वाली बसों को भी रेंग-रेंगकर चलना पड़ा। इससे यात्रियों को दिक्कतें हुईं।

## माघ मेले के लिए चलेंगी 12 स्पेशल ट्रेनें, 23 ट्रेनों को मिलेगा स्टॉपेज

**लखनऊ।** प्रयागराज में शुरू हो रहे माघ मेले में श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान बनाने के लिए लखनऊ के रास्ते 12 स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाएगा। साथ ही 23 ट्रेनों के अस्थायी स्टॉपेज प्रयाग में दिए जाएंगे। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन की ओर से माघ मेले को लेकर तैयारियां की गई हैं। इसमें यात्रियों की आवाजाही आसान बनाने के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। साथ ही ट्रेनों के स्टॉपेज भी बढ़ाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज आदि स्टेशनों पर यात्री सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।

सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि माघ मेले को देखते हुए मुख्यालय को 12 स्पेशल ट्रेनें चलाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जिस पर एकाध दिन में मुहर लग जाएगी। इसके अतिरिक्त लखनऊ से प्रयागराज के बीच चलने वाली कई ट्रेनों में अतिरिक्त बोगियां लगाने को कहा गया है। इसमें गंगा गोमती, इंटरसिटी प्रमुख रूप से शामिल हैं, जिसमें एसी बोगियां लगेंगी। इसके अतिरिक्त 23 ट्रेनों को प्रयाग में स्टॉपेज दिया जाएगा, जिससे आवाजाही आसान हो जाएगी।

**600 कर्मी मेले में करेंगे ड्यूटी :** सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि माघ मेले के दौरान रेलवे स्टेशनों पर व्यवस्थाओं को मुकम्मल बनाए रखने के लिए 600 कर्मचारियों, अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसमें जीआरपी, आरपीएफ, ऑपरेटिंग, कॉमर्शियल आदि विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। इससे स्टेशनों का संचालन बेहतर हो सकेगा।

**450 से अधिक सीसीटीवी करेंगे निगरानी :** माघ मेले के दौरान लखनऊ सहित प्रयागराज, सूबेदारगंज आदि रेलवे स्टेशनों पर निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। इसके लिए 450 सीसीटीवी अतिरिक्त रूप से लगाए जा रहे हैं। यह चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। आरपीएफ व जीआरपी संयुक्त रूप से गश्ती बढ़ाएगी। संदिग्धों पर नजर रखेगी।

## माघ मेले के लिए परिवहन निगम की तैयारियां पूरी

- लखनऊ परिक्षेत्र से चलेंगी 500 बसें

**लखनऊ।** यूपी के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम के लखनऊ परिक्षेत्र ने तैयारी पूरी कर ली है। लखनऊ परिक्षेत्र के तहत आने वाले डिपो से 500 बसें चलाई जाएंगी। 50 बसें रिजर्व में रहेंगी और 100 बसें अमृत स्नान पर्वों पर अतिरिक्त चलाई जाएंगी।

लखनऊ के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि बेलाकछार व झूंसी-पटेलनगर में दो अस्थायी बस स्टेशन बनाए गए हैं। बेलाकछार अस्थायी बस अड्डे के लिए रायबरेली डिपो से 110, चारबाग से 80, अवध बस अड्डे से 50, आलमबाग टर्मिनल से 30 और बाराबंकी से 30 समेत कुल 300 बसों का संचालन होगा। इसमें 205 बसें निगम की और 95 अनुबंधित होंगी।

**कहां से कितनी बसें चलेंगी :** ऐसे ही झूंसी-पटेलबाग अस्थायी बस स्टेशन के लिए कैसरबाग बस डिपो से 75 बसें दी जाएंगी तथा 25 रिजर्व में रहेंगी। उपनगरीय डिपो से 10 और हैदरगढ़ की 90 बसें रहेंगी। इसमें 65 का संचालन होगा, 25 रिजर्व में रहेंगी। इस तरह कुल 200 बसों का संचालन होगा। इसमें 150 निगम की और 50 अनुबंधित बसें होंगी।

## वन्दे भारतम उत्सव में योग पर चर्चा दीपों से दी गई शहीदों को श्रद्धांजलि

- वन्दे भारतम उत्सव राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का काम करता है: डॉ. योगी देवराज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** योगकुलम संस्था की ओर से नये साल पर विकासनगर में राष्ट्र वंदना एवं स्व-जागरण के भव्य उत्सव वन्दे भारतम का आयोजन गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री विद्या बिन्दु, भाईश्री दिलीप शुक्ल, डा. योगी देवराज, अनिल कुमार अग्रवाल, प्रो. उषा बाजपेई द्वारा दीप प्रज्वलन भारत माता पूजन एवं तुलसी आरती के साथ किया गया।

इस अवसर पर योगा यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. योगी देवराज ने योग शिक्षा एवं योग के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु योगकुलम के संस्थापक मनीष प्रताप सिंह को मानद डॉक्टरेट उपाधि से अलंकृत किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डा. योगी देवराज ने कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है, जब समाज तीव्र गति से पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रसर हो रहा है।

वन्दे भारतम जैसे उत्सव समाज को उसकी मूल संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय चेतना से पुनः जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योगकुलम के प्रमुख मनीष प्रताप सिंह ने बताया कि योगकुलम विगत 13 वर्षों से हर घर योग - सब रहें निरोग के संकल्प के साथ राष्ट्रसेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

राम कथा व्यास दिलीप शुक्ल ने कहा कि भारत माता पूजन समाज में व्याप्त धर्म, पंथ, जातिवाद, से ऊपर उठकर समरस समाज का निर्माण करता है। संचालन डा. राम कृष्ण पाण्डेय ने किया।

## घरेलू महिला कामगारों को वितरित किये गये कम्बल

**लखनऊ।** नए वर्ष के अवसर पर नारी शक्ति संस्था द्वारा भीषण शीत लहरी से बचाव के लिए गुरुवार को घरेलू कामगारी महिलाओं को कम्बल का वितरण किया गया। लगभग 40 महिलाओं ने कम्बल प्राप्त किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि उत्तरी विधान सभा की प्रभारी एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी पूजा शुक्ला एवं समाजसेवी ज्ञानेंद्र शुक्ला ज्ञानू द्वारा किया गया।

पूजा शुक्ला ने कहा कि अपने घर में तो सभी लोग काम करते हैं लेकिन दूसरों के घर कसम करने वाली ये महिलाएं समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रही हैं। इन्हें किसी न किसी रूप में सम्मानित किया जाना ही चाहिए।

संस्था की महामंत्री डॉ अल्पना बाजपेई ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे कम्बल वितरण कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर 2025 से संस्था लगातार विभिन्न स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों में ये वितरण कार्य कर रही है ताकि उन्हें इस सर्दी से बचाया जा सके। अध्यक्ष रवींद्र कौर पाहवा डॉली ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रभु हम लोगों को जनमानस की सेवा करने की शक्ति प्रदान करते रहें। इस कार्यक्रम में डॉक्टर नीरज जैन, ज्ञानू शुक्ला, जितेंद्र, खलील, जान्हवी पाण्डेय, अंश वर्मा, नीलम, संगीता, अर्पणा, अनुष्का, डॉक्टर शैली, नवीन, आदित्य प्रताप यादव, अनिरुद्ध, मेराज, डॉक्टर अवधेश शुक्ला, आदित्य इत्यादि ने अपना योगदान दिया।

## गाड़ियों से वसूली मामले में तीन एआरटीओ निलम्बित

- लखनऊ के एआरटी प्रवर्तन राजीव कुमार बंसल, रायबरेली के एआरटीओ प्रवर्तन अम्बुज और फतेहपुर की पुष्पांजलि निलम्बित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिवहन विभाग के विशेष सचिव केपी सिंह ने लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन राजीव कुमार बंसल, रायबरेली के एआरटीओ प्रवर्तन अम्बुज और फतेहपुर की पुष्पांजलि गौतम को निलम्बित करने का आदेश जारी किया है। इसके बाद ही लखनऊ, रायबरेली, फतेहपुर, उन्नाव समेत कई जिलों में आरटीओ के अफसरों व कर्मचारियों पर एफआईआर कराई गई थी। सड़क पर मौरंग, गिटटी भरे गाड़ियों से वसूली के मामले में बीते नवम्बर माह में दो अधिकारी निलंबित हो चुके है।

वहीं इसी मामले में गुरुवार को लखनऊ, रायबरेली और फतेहपुर के एआरटीओ प्रवर्तन की भी जांच कर निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई एसटीएफ की रिपोर्ट पर किया गया है। इसके साथ ही इन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दिया गया है।

एसटीएफ ने आरटीओ दफ्तर के कर्मचारियों और अफसरों की साठगांठ से ट्रकों से वसूली करने की जांच की थी। जांच में कई साक्ष्य मिलने के बाद इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें पहले भी यात्री कर अधिकारी समेत कई कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इन तीनों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। जांच अधिकारी झांसी के उपपरिवहन आयुक्त केडी सिंह को बनाया गया है।

परिवहन विभाग के विशेष सचिव केपी सिंह ने लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन राजीव कुमार बंसल, रायबरेली के एआरटीओ प्रवर्तन अम्बुज और फतेहपुर की पुष्पांजलि गौतम को निलम्बित करने का आदेश जारी किया है। इसके बाद ही लखनऊ, रायबरेली, फतेहपुर, उन्नाव समेत कई जिलों में आरटीओ के अफसरों व कर्मचारियों पर एफआईआर कराई गई थी।

लखनऊ के मड़ियांव और रायबरेली के लालगंज थाने में 12 नवम्बर को दर्ज एफआईआर में एआरटीओ प्रवर्तन फतेहपुर एआरटीओ पुष्पांजलि गौतम, पीटीओ अखिलेश चतुर्वेदी, एआरटीओ रायबरेली अंबुज, पीटीओ रेहाना, एआरटीओ लखनऊ राजीव बंसल और दलाल विनोद समेत कई अन्य नामजद कराए गए थे। 29 नवंबर को पीटीओ और सिपाही निलम्बित हुए परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने इस मामले में लखनऊ के पीटीओ मनोज कुमार, रायबरेली की पीटीओ रेहाना बानो व फतेहपुर के अखिलेश चतुर्वेदी को 29 नवम्बर को निलम्बित कर दिया गया था, इन सभी को परिवहन आयुक्त कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था। इन सभी की विभागीय जांच उप परिवहन आयुक्त (नगर परिवहन) विजय सिंह कर रहे हैं।

परिवहन आयुक्त ने इनके निलम्बन की सिफारिश की थी। इस सभी के खिलाफ एसटीएफ ने जांच कर मौरंग, गिट्टी लदे वाहनों को पास कराने के नाम पर रिश्वत लेने वाले लोगों से मिलीभगत के आरोप को सही बताया था। इसके अलावा लखनऊ के प्रवर्तन पर्यवेक्षक अनुज, उन्नाव के प्रवर्तन पर्यवेक्षक इंद्रजीत सिंह, उन्नाव के प्रवर्तन सिपाही रंजीत कुमार और प्रदीप सिंह, रायबरेली के प्रवर्तन चालक नौशाद को भी निलम्बित किया जा चुका है।

## उप्र कोऑपरेटिव यूनियन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को दी नववर्ष की बधाई



**लखनऊ।** नव वर्ष में कर्मचारी नेता जितेन्द्र तिवारी द्वारा अधिकारियों का स्वागत समारोह किया गया। उत्तर प्रदेश कॉपरेटिव यूनियन के प्रधान कार्यालय में प्रबंध निदेशक श्रीकांत गोस्वामी सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का यूनियन पदाधिकारियों के साथ स्वागत समारोह किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम के प्रधान कार्यालय में यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा प्रबंध निदेशक रमेश बाबू गुप्ता सहित तमाम अधिकारियों को पुष्प गुच्छ, यूनियन कलेंडर व भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का चित्र भेंटकर सभी के जीवन में हर्ष उल्लास बना रहे ऐसी कामना की।

यूनियन के पदाधिकारी आर्यन, शिवकुमार सिंह, कुलदीप कुमार, लल्लन, रजनीश पांडेय, हरिओम पाण्डेय, विकास यादव, चंद्रभूषण यादव, राकेश कुमार, राजेश सिंह, दिलीप यादव, आशुतोष तिवारी, रोहित सिंह, अविनाश शर्मा व संजय शुक्ला सहित तमाम साथी मौजूद रहे।

## रेलकर्मियों व रंगकर्मियों ने सफदर और रामबहादुर नेपाली को किया नमन

- संस्कृतिकर्मी, लेखक एवं नाटककार सफदर हाशमी और रामबहादुर नेपाली की मनायी पुण्यतिथि
- सवारी माल डिब्बा कारखाना में अमुक आर्टिस्ट ग्रुप एवं उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की ओर से हुआ कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जानेमाने संस्कृतिकर्मी, लेखक एवं नाटककार सफदर हाशमी और रामबहादुर नेपाली की पुण्यतिथि पर शहर के रंगकर्मियों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम गुरुवार को आलमबाग स्थित सवारी माल डिब्बा कारखाना में अमुक आर्टिस्ट ग्रुप एवं उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की ओर से हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत सफदर हाशमी और रामबहादुर नेपाली के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री श्री अरविंद सिंह, शाखा अध्यक्ष दिनेश यादव, शाखा उपाध्यक्ष अभिनीत कुमार जैन, जूनियर इंजी. राम अवतार सिंह, वरिष्ठ खंड अभियंता जितेंद्र कुमार वर्मा, रेल मजदूर नेता संजीव मिश्र, अमुक आर्टिस्ट ग्रुप के मुखिया संस्कृतिककर्मी अनिल मिश्र गुरू जी ने सफदर हाशमी और राम बहादुर नेपाली के चित्र पर श्रद्धासुमन आर्पित कर उन्हें नमन किया।

नाट्य प्रस्तुति से पहले कलाकारों ने जनगीतों की प्रभावी प्रस्तुति कर कर्मचारियों में जोश भर दिया। एक के बाद एक शानदार गीतों से पूरा देशभक्ति का वातावरण बना दिया। अनिल मिश्र गुरुजी के निर्देशन, परिकल्पना एवं लेखन में हम क्रांति करेंगे का प्रभावपूर्ण मंचन हुआ। जिसमें शशांक पांडेय, अनामिका सिंह, शोभित राजपूत, राहुल प्रताप सिंह एवं ज्योति ने भावपूर्ण अभिनय किया। संगीत संतोष कुमार का रहा।

उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री अरविंद सिंह ने कहा कि सफदर हाशमी और राम बहादुर नेपाली की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। उनके सामाजिक योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। रेलवे के कार्यरत सभी कर्मियों जो न्यू पेंशन स्कीम के तहत हैं, उन सभी को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत है। रेलवे में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन एक मात्र यूनियन ऐसी है, जो रेल कर्मियों की पुरानी पेंशन के लिए संघर्षरत है। कर्मियों के हक का यह संघर्ष आगे जारी रहेगा।

## बसंत, विवाह के साथ भजन कार्यशाला शुरू

**लखनऊ।** संस्था की संस्थापक रंजना मिश्रा ने बताया कि आज को वास्तुखण्ड गोमतीनगर में शुरू किया,ने वरिष्ठ लोकगायिका रंजना मिश्रा के निर्देशन में कार्यशाला में देवी गीत लिखि लिखि चिठिया...,से कार्यशाला की शुरूआत की उसके पश्चात गंगा किनारे लगा मेला चलो सखि...विवाह गीत कहवा उतारौ मैं बडे बडे हथिया....सिखाई। उन्होने बताया कि वो । 11गीत सिखाएगी जो के सभी अवसर पर आधारित होंगे। उपाध्यक्ष आभा शुक्ला ने बताया कार्यशाला में अल्पना श्रीवास्तव, रमा सिंह,सुनीता निगम, नीलम तिवारी, लता तिवारी, सुषमा, रीना सिंह, नवनीता जफा, गोपाली सुषमा सहित 30 महिलाये आईं, जिनमें बड़ा उत्साह देखा गया जो हमारी संस्कृति व परम्परा के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

## नव वर्ष पर भंडारे का आयोजन



**लखनऊ।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर डा. बीएन वर्मा रोड स्थित परमानंद गुरुद्वारे पर गुरुवार को छबलानी परिवार द्वारा माता रानी की प्रतिमा पर भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, छोले, हलवा, फल और मिठाई का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सिंधी समाज के सुरेश छाबलानी, दिलीप छाबलानी, आशा, मंजु, अमरनाथ चौधरी, जेपी नागपाल, प्रकाश गोधवानी, रमेश बालानी, अनुज गौतम, रमेश सिंह, मुकेश कुमार नाग, संजय शुक्ला सहित कई लोग शामिल हुए।

## शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स की तिथि 19 तक बढ़ाई गई

**लखनऊ।** प्राथमिक शिक्षकों के लिए अनिवार्य किए गए ब्रिज कोर्स के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर अब 19 जनवरी कर दी गई है। पहले ब्रिज कोर्स के लिए आवेदन की तिथि 25 दिसंबर निर्धारित थी, लेकिन बड़ी संख्या में शिक्षक तकनीकी कारणों से आनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे थे। विशेषकर ऐसे शिक्षक, जिनकी नियुक्ति 26 जून 2018 से 11 अगस्त 2023 के बीच हुई है, तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रहे थे। हाईकोर्ट के आदेश के तहत 11 अगस्त 2023 को नियुक्त शिक्षकों का कहना है कि एनआइओएस की रजिस्ट्रेशन साइट पर नियुक्ति तिथि के कालम में 11 अगस्त 2023 तक की ही तिथि चयन की अनुमति मिल रही है।

## लविवि के प्रो. जय शंकर प्रसाद पाण्डेय को आईसीएसएसआर मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट अवॉर्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर जय शंकर प्रसाद पाण्डेय को इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर) द्वारा मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट ग्रांट प्रदान किया गया है। इस परियोजना के लिए उन्हें लगभग 30 लाख रुपये की अनुसंधान अनुदान राशि स्वीकृत हुई है, जो सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निवेश है।

यह प्रतिष्ठित परियोजना जेन ज़ी और भारतीय परिवार में बदलावः भारत के चार महानगरों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन शीर्षक से स्वीकृत हुई है। इसका उद्देश्य समकालीन शहरी भारत में पारिवारिक संरचनाओं और रिश्तेदारी के बदलते परिदृश्य को समझना है। प्रोफेसर पाण्डेय इस परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैं और भारतीय ज्ञान प्रणालियों में उनकी गहन विशेषज्ञता इस शोध को एक विशिष्ट दृष्टिकोण प्रदान करती है। उनके साथ सह-प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर के रूप में डॉ. सुषमा मिश्रा (एसोसिएट प्रोफेसर, लिंग समाजशास्त्र विशेषज्ञ) और डॉ. आदित्य मोहंती (शहरी समाजशास्त्र विशेषज्ञ) जुड़े हैं।

यह अध्ययन विशेष रूप से जेनरेशन पर केंद्रित है यानी 1990 के दशक के मध्य से 2010 के दशक की शुरूआत तक जन्मी पीढ़ी जो तकनीकी प्रगति, वैश्वीकरण और बदलते सामाजिक मानदंडों के दौर में बड़ी हुई है। शोध का मुख्य प्रश्न यह है कि यह पीढ़ी परिवार, रिश्तेदारी और सामाजिक जिम्मेदारी की पारंपरिक अवधारणाओं को किस प्रकार पुनर्परिभाषित कर रही है। जैसे-जैसे शहरी भारत पारंपरिक संयुक्त परिवार मॉडल से हटकर एकल या गैर-पारंपरिक व्यवस्थाओं की ओर अग्रसर हो रहा है, यह अध्ययन भारतीय समाज के भविष्य की दिशा को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। परियोजना का एक विशिष्ट पहलू यह है कि यह इरावती कर्वे के 1953 में प्रकाशित मौलिक कार्य भारत का रिश्तेदारी मानचित्र पर पुनर्विचार करती है। कर्वे ने भारत को चार सांस्कृतिक क्षेत्रों उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी और मध्य में विभाजित किया था, जिनमें अलग-अलग रिश्तेदारी पैटर्न और सामाजिक व्यवहार पाए जाते थे।

प्रोफेसर पाण्डेय का अध्ययन इन क्षेत्रों के चार प्रमुख महानगरों दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई पर केंद्रित होगा। उद्देश्य यह मूल्यांकन करना है कि आधुनिक शहरी जीवन और जेन ज़ी की विशिष्ट दृष्टि ने इन पारंपरिक क्षेत्रीय पैटर्न को किस हद तक बदला है। यह बहु-शहर दृष्टिकोण यह समझने में मदद करेगा कि क्या भारत के युवाओं के बीच एक समान, महानगरीय रिश्तेदारी संरचना उभर रही है।

## गुजरातकी शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ सीएमएस छात्र दल

**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस का 41 सदस्यीय छात्र दल सात-दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर आज गुजरात रवाना हो गया। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सीएमएस छात्र प्रकृति की विशालता, व्यापकता व सौन्दर्य के साथ ही देश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होंगे। सीएमएस छात्रों की यह यात्रा उनके ज्ञान व व्यक्तित्व विकास में सहायक होगी, साथ ही विविधता में एकता का महत्व से भी अवगत करायेगी।

यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा को इस प्रकार डिजाइन किया गया है, ताकि छात्र पर्यावरण विज्ञान की त्रिवेणी से रूबरू हो सकें। यात्रा में सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 के छात्र शामिल हैं तथापि छात्र दल का नेतृत्व शिक्षक अजमल अंसारी, लवलीन छाबड़ा, शिक्षा त्रिपाठी एवं अभिषेक पाण्डेय कर रहे हैं।

## नये साल पर लखनऊ के 30 घरों में गूंजी किलकारी

**लखनऊ।** नया साल कई परिवारीजनों के लिए दोगुनी खुशियां लेकर आया। साल के पहले दिन 30 से अधिक गर्भवती महिलाओं की गोद भरी। इन गर्भवती महिलाओं ने डॉक्टरों से पहली जनवरी को डिलिवरी कराने की गुजारिश की थी। सेहत का आकलन के बाद डॉक्टरों ने डिलिवरी कराने का फैसला किया। इनमें 90 फीसदी डिलिवरी ऑपरेशन से हुई हैं। शुभ दिन व मुहुर्त पर प्रसव की तिथि पहले से तय की गई थी।

केजीएमयू के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी), लोहिया, डफरिन, झलकारीबाई, लोकबंधु समेत अन्य निजी अस्पतालों में 30 गर्भवती महिलाओं ने पहली जनवरी को प्रसव कराने के लिए डॉक्टर से गुजारिश की थी। क्वीनमेरी की डॉ. सुजाता देव ने बताया कि पहली जनवरी ऐसे चार प्रसव हुए। सभी के घरों में बेटों ने जन्म लिया है।

उन्होंने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं की सेहत का आकलन करने के बाद ही प्रसव कराए गए हैं। डफरिन अस्पताल में बाल रोग विभाग के डॉ. सलमान खान ने बताया कि दो डिलवरी रात 12 बजे के बाद व तीन डिलवरी गुरुवार दोपहर तक हुईं। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। उन्होंने बताया कि परिवारीजनों ने पहली जनवरी को डिलवरी कराने फरमाईश की थी। नए साल पर मेहमान आने से परिवारीजनों में खुशी की लहर है।

लोहिया संस्थान में गायनी विभाग की डॉ. नीतू सिंह ने बताया कि नए साल पर तीन से ज्यादा प्रसव हुए। परिवारीजनों का कहना है कि अब नए साल का जश्न के साथ जन्मदिन भी मनाने का अवसर मिला है। डॉक्टरों ने बताया कि कई प्रसव ऑपरेशन तो कुछ सामान्य हुए हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी 15 से अधिक शिशुओं ने जन्म लिया है। नये साल पर नन्हे मेहमानों के आने से उत्साह और उमंग दोगुनी हो गई है।

## सिंधी समाज ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में किया भंडारा



**लखनऊ।** डॉ बी एन वर्मा रोड़ स्थित परमानंद गुरुद्वारे पर माता रानी की प्रतिमा पर नव वर्ष के शुभ अवसर पर छबलानी परिवार द्वारा सुबह 11:00 बजे हवन पूजा अर्चना आरती करके भोग लगाकर भंडारे की शुरूआत की गयी जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद में पूड़ी सब्जी हलवा छोले फल मिठाई सहित ग्रहण किया। इस अवसर पर सिंधी समाज के सुरेश छाबलानी, दिलीप छाबलानी,आशा, मंजु , अमरनाथ चौधरी,जे पी नागपाल, प्रकाश गोधवानी रमेश बालानी, अनुज गौतम, रमेश सिंह, मुकेश कुमार नाग, अनिल अग्रवाल, संजय शुक्ला सहित सभी ने सेवा भाव से प्रसाद बाटकर माता रानी से प्राथना की।

संक्षेप

## श्रवण बाधित (बधिर) व्यक्तियों को आसानी से मिलेगा ड्राइविंग लाइसेंस

**बहराइच ।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के आदेष दिनांक 08 सितम्बर 2025 तथा मा. सी.सी.पी.डी. न्यायालय के परिपत्र के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के सभी जिले/क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को 100 प्रतिशत श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी किये जाने एवं श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों को उनकी श्रवण हानि के प्रतिशत की परवाह किये बिना निर्धारित ड्राइविंग परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से जारी किये जाने के निर्देष निर्गत किये गये है। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव या बाधा उत्पन्न न की जाय एवं बाधिर व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।

# चितवन, हस्त मुद्रा व पद विन्यास का अद्भुत समन्वय

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित द्वितीय प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के चैथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में फिरोजाबाद के मयूरी शर्मा एवं समूह ने नृत्यांजलि प्रस्तुति में श्रीराम चरित्रम, दशावतार कथक नृत्य नटिकाएं प्रस्तुत कीं।

● सधी भावभंगिमाओं ने कथक को जीवंत किया



कार्यक्रम के प्रारम्भ में जन्मे अवध में राम मंगल गाओ री.... गीत से शुरू हुए कथक नृत्य ने पालक झपकते ही सम्मोहन में बांध लिया, पंडाल में चलायमान लोग स्थिर होकर एक स्थान पर बैठ गए।

नाटिका में नैनों की भाव भंगिमा, हस्त मुद्राएं, व पैरों का सुंदर संचालन मुग्ध कर रहा था। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन की संक्षिप्त झांकी प्रस्तुत करते हुए अयोध्या में श्रीराम का जन्म, ताड़का वध, सीता स्वयंवर की प्रस्तुति ह्नराम को देख कर श्री जनक नंदिनी... मोहक गीत के साथ कियाह्र इसके बाद राम विवाह का वर्णन तुम उठो सिया श्रृंगार करो..ह्नगीत के साथ हुआ इसके बाद वनवास की प्रस्तुति राम बिना मोरी सूनी अयोध्याह्र गीत से किया गया फिर क्रमशः सीता हरण, शबरी और हनुमान जी से मिलन, रावण वध और अंत में अयोध्या वापसी का जीवंत मंचन किया गया। नाटिका में सत्य, धर्म और धैर्य की सदैव विजय होने का संदेश दिया गया।तीन ताल में प्रस्तुत दशावतार में भगवान विष्णु के प्रथम मत्स्यवतार, दूसरा कूर्मा वतार, तीसरे वराह अवतार, चैथा नरसिंह, पांचवा वामन, छठा परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्किवतार का मंचन किया। समूह ने अर्धनारीश्वर की जीवंत प्रस्तुति देते हुए शिव और शक्ति का अद्भुत संगम, जहाँ सृजन और संहार एक ही स्वरूप में समाहित हैं। प्रस्तुति दे समरसता, संतुलन और पूर्णता का संदेश दिया। नृत्य नाटिका की परिकल्पना और संयोजन मयूरी शर्मा ने किया मुख्य रूप से सलोनी, पूजा दिवाकर, शालू दिवाकर, आशिका गुप्ता, पावनी गुप्ता, वंशिका, इशिका गुप्ता, रिद्धिमा चैसैया, मैत्री जैन, तमन्ना कुमारी व साक्षी दिवाकर ने हिस्सा लिया। मंच संचालन देश दीपक मिश्र ने किया। कार्यक्रम मंच पर ट्रस्ट महासचिव चम्पतराय, राजेंद्र सिंह पंकज, धनंजय पाठक, डॉ चंद्र गोपाल पाण्डेय, विनोद श्रीवास्तव, कप्तान केके तिवारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग भवानी प्रसाद को मिली सेंसर युक्त छड़ी

मिल्कीपुर-अयोध्या। अमानीगंज विकासखंड के खांडसा बाजार में रहने वाले 45 वर्षीय भवानी प्रसाद की जिंदगी में एक नई रोशनी आई है। जन्मजात दिव्यांगता के कारण दोनों आंखों से दिखाई न देने वाले भवानी प्रसाद को अब एक विशेष सेंसर युक्त छड़ी की मदद से चलने-फिरने में आसानी होगी।

यह छड़ी न केवल उन्हें बाधाओं से बचाएगी, बल्कि उनकी दैनिक जीवन की चुनौतियों को भी कम करेगी। स्थानीय समाजसेवी और एडवोकेट सूरज कौशल की पहल पर दिव्यांग जन अधिकारी अयोध्या चंद्रेश त्रिपाठी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यह सहायता प्रदान की है।भवानी प्रसाद की कहानी संघर्ष और उम्मीद की मिसाल है। वे जन्म से ही दृष्टिबाधित हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहद कमजोर है।

परिवार की सीमित आय के कारण वे बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में सबसे बड़ी समस्या शौचालय जाने की थी। अंधेरे में रास्ता टटोलते हुए वे अक्सर गिर जाते थे या चोट लग जाती थी।

## सीएम योगी ने 'अयोध्या कैलेंडर' का किया अनावरण



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में ह्नअयोध्या कैलेंडरह्न का अनावरण किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व अनुराज जैन उपायुक्त अयोध्या विकास प्राधिकरण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अयोध्या की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को दशार्ने वाले इस कैलेंडर की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या विश्व पटल पर भारत की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है। अयोध्या कैलेंडर में सम्मिलित आकर्षक एवं भावपूर्ण छायाचित्र राजेश कुमार सिंह द्वारा लिए गए हैं, जिनमें अयोध्या की दिव्यता, धार्मिक आस्था और स्थापत्य सौंदर्य का जीवंत चित्रण किया गया है। यह कैलेंडर न केवल अयोध्या की पहचान को सुदृढ़ करता है, बल्कि देश-विदेश में इसकी सांस्कृतिक महत्ता को भी रेखांकित करता है। यह कैलेंडर अयोध्या की आध्यात्मिक चेतना, पर्यटन संभावनाओं और सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 4 को बंगरा बाजार में लगेगा जनपद स्तरीय कृषि मेला

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से कृषि प्रसारए कृषि निवेश एवं तकनीकी प्रबंधन योजना के अंतर्गत संचालित कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जनपद स्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 04 जनवरी 2026 को प्रातः 10०00 बजे से लघु माध्यमिक विद्यालयए बंगरा बाजारए विकास खंड बनकटा में आयोजित होगा। किसान मेले में कृषि विभाग सहित कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी जाएगी। साथ हीए विभिन्न विभागों के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि क्षेत्र में उपयोगी नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाएगी। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों के माध्यम से कृषि से संबंधित उत्पादों एवं तकनीकों की वृहद प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित किसान मेले में अपने.अपने विभागों के स्टाल अनिवार्य रूप से स्थापित करेंए ताकि अधिक से अधिक किसानों को कृषि एवं उससे संबंधित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

# बुद्ध स्थली में अपने अंदाज में हजारों लोगों ने किया नववर्ष का स्वागत

**कसया, कुशीनगर।** नव वर्ष का आगाज होते ही हजारों लोगों ने अपने अंदाज में स्वागत किया। जमकर जश्न मनाया और सेल्फी लेकर सोशल मीडिया, वाट्सएप पर शेयर किया व अपने जानने वालों को शुभकामनाएं दी।



गुरुवार को बुद्ध स्थली कुशीनगर में हजारों लोग मेले में पहुंचे और नए साल का स्वागत किया। पूरा मेला प्रशासन की अभेद्य सुरक्षा और संरक्षण में संपन्न हुआ। मेले में भारी भीड़ उमड़ी लेकिन इस वर्ष भीड़ पिछले साल से काफी कम रही और वाहन चालक जगह जगह बैरिकेटिंग के बाद भी आ जा रहे थे। जबकि वाहन चालकों को अपने वाहन मेले में न ले जाने की सूचना लगातार प्रसारित हो रही थी। नव वर्ष मेले में आए लोगों ने बुद्ध की महा परिनिर्वाण मंदिर, माथा कुंवर मंदिर, म्यांमार बुद्ध बिहार, चाइना मंदिर का भ्रमण किया। इसी के साथ बुद्धा घाट पर नौकायन का लुत्फ उठाया। वहीं खेल पार्क, बुद्ध उपवन, मियाबाकी पार्क में जाकर मेले का आनंद लिया। बुद्धा घाट और अन्य जगहों पर बने सेल्फी प्वाइंट और अन्य जगहों पर फोटो खींचकर शेयर किया। मेले में फास्ट फूड, लजीज व्यंजन, रंग बिरंगी जलेबी, खिलौनों की खूब बिक्री हुई। गाड़ियों को बुद्ध इंटर कालेज का खेल मैदान, बुद्ध इंटर कालेज, एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग का बायां किनारा और कृषि विश्वविद्यालय, देवरिया मार्ग पार्किंग की गई। दो कंट्रोल रूम और खोया पाया केंद्र से लगातार सूचना प्रसारित की गई। ट्रैफिक व्यवस्था और रूट डावर्जन की व्यवस्था रहा।

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री को धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री सुशील शर्मा को मोबाइल फोन पर गाली गुप्ता और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रामकोला पुलिस ने एक व्यक्ति के ऊपर मुअसं 0765 धारा 352, 351 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।थानाध्यक्ष रामकोला को दिए अपने तहरीर में वार्ड नंबर 20 अहिरौली दीक्षित नगर पालिका पडरौना निवासी भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री श्री शर्मा ने बताया है कि 30 दिसंबर की शाम को मोबाइल से फोन कर भद्दी भद्दी गाली देने लगा।

मेरे कहने पर कि मैं आपको जनता भी नहीं हूं। तब जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए उसने मां बहन की गाली दिया और कहा कि मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं और फोन काट दिया।

इस नंबर की। छानबीन किया तो पता चला कि कोई सर्वेश सिंह ग्राम मोरवन, थाना रामकोला का निवासी है। वह कई संगीन धाराओं में गुंडा एक्ट में जेल जा चुका है।

# सब जूनियर बालिका हॉकी व जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन

कुशीनगर। खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश के क्रम में क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार निषाद ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका हॉकी एवं जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए खिलाड़ियों का चयन/ट्रायल किया जाएगा।इसके लिए जिला एवं मण्डल स्तर पर चयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर चयन/ट्रायल 02 जनवरी 2026 को सायं 02 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम, कुशीनगर में आयोजित होगा। इसके उपरांत मण्डलीय चयन/ट्रायल 03 जनवरी 2026 को गोरखपुर में आयोजित किया जाएगा।

सब जूनियर बालिका हॉकी का मण्डलीय ट्रायल दोपहर 12 बजे बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, गोरखपुर में तथा जूनियर बालिका कुश्ती का मण्डलीय ट्रायल प्रातः 11 बजे रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोरखपुर में संपन्न होगा। चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी, जिसमें सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 07 से 12 जनवरी 2026 तक मेरठ में तथा जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता 09 से 11 जनवरी 2026 तक आजमगढ़ में आयोजित की जाएगी। उन्होंने जनपद के समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या से अनुरोध किया है कि वे अपने विद्यालय/महाविद्यालय की पात्र बालिका खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि व समय पर चयन/ट्रायल में प्रतिभाग हेतु भेजें।

चयन/ट्रायल में सम्मिलित होने के लिए खिलाड़ियों को आयु प्रमाण हेतु विद्यालय द्वारा जारी पात्रता प्रमाण-पत्र/आधार कार्ड अथवा नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

## कृषि यंत्र सत्यापन के लिए यूपी यंत्र ट्रैकिंग पर फीडिंग अनिवार्य

**देवरिया ।** उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने जनपद के कृषकों को अवगत कराया है कि जिन किसानों द्वारा कृषि यंत्र क्रय कर विभागीय पोर्टल पर बिल अपलोड किया गया हैए वे अपने संबंधित डीलर से संपर्क कर यूपी यंत्र ट्रैकिंग पोर्टल पर क्रय किए गए कृषि यंत्र का विवरण अनिवार्य रूप से अपलोड कराना सुनिश्चित करेंए जिससे सत्यापन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा सके।

उन्होंने बताया कि यंत्र का विवरण पोर्टल पर फीड न होने की स्थिति में सत्यापन की कार्यवाही बाधित हो सकती है। साथ ही जनपद के समस्त कृषि यंत्र विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि चयनित कृषकों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के पश्चात उसका विवरण यूपी यंत्र ट्रैकिंग पोर्टल पर तत्काल फीड करेंए ताकि कृषकों को योजना का लाभ समय से मिल सके।

## बेचू शाह पोखरा मंदिर में भव्य दर्शन. पूजन संपन्न

**बरहज देवरिया।** मध्यदेशीय वैश्य महासभा की ओर से अंग्रेजी नव वर्ष के अवसर पर बरहज स्थित बेचू शाह पोखरा परिसर के बाबा गणिनाथ मंदिर में श्रद्धा और भक्ति भाव से परिपूर्ण दर्शनद्दपूजन का आयोजन किया गया । इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में मद्धेशिया वैश्य समाज के श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र हुए और श्जय बाबा गणिनाथश के जयघोष के बीच बाबा के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया । रक्तदान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय युवा संयोजक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने कहा की मद्धेशिया समाज के लिए यह गौरव का विषय है की जिले में कुलगुरु संत गणिनाथ की प्रतिमा बरहज के बेचू शाह पोखरा परिसर में पिछले वर्ष स्थापित की गई और इस उपलक्ष्य में मद्धेशिया समाज सहित अन्य समाज के युवाओं ने 51 यूनिट रक्तदान कर संत गणिनाथ महाराज के सम्मान को बढ़ाया था । उन्होंने समाज के युवाओं की सराहना करते हुए आगे भी बाबा गणिनाथ के जन्मोत्सव एवं पूजनोत्सव पर ऐसे ही सामाजिक सेवाकार्य करने की अपील की । कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री ;संगठनद्ध मनोज मद्धेशियाए प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद मद्धेशियाए विवेक गुप्ताए अभिषेक मद्धेशियाए पवन मद्धेशियाए मोहित मद्धेशियाए पीयूष मद्धेशियाए राजेश मद्धेशियाए अमित मद्धेशियाए सन्तोष मद्धेशिया एवं कुलभूषण मद्धेशिया सहित समाज से जुड़े अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। विधिवत पूजा.अर्चना के उपरांत भक्तों ने बाबा से समाजए परिवार और क्षेत्र की सुख.समृद्धिए शांति एवं उन्नति की कामना की।

# मानव जिन्दगी को बचाने के संकल्प के साथ पूरा परिवार चार यूनिट ब्लड का दान किया

जिला संवाददाता

**देवरिया।** एक तरफ जहां नये वर्ष का स्वागत कुछ लोग केके काट करए मंदिर मे पूजा अर्चना के साथ या मनपसंद जगह घूम करए होटल मे डीजे पर डांस कर मनाया वहीं एक परिवार ने नये वर्ष का स्वागत मानवता की सेवा कर समाज को और नई पीढ़ी को एक अलग सन्देश दिया! न्यू कॉलोनी स्तिथ दवा व्यवसायी हिमांशु कुमार सिंह और उनकी धर्म पत्नी सीमा सोनीए पुत्री मुद्रीका सर्राफए एवं भतीजा अदमय वर्मा ने एक साथ चार यूनिट रक्तदान कर समाज को एक अलग सन्देश देने का काम किया! हिमांशु कुमार सिंह कई सामाजिक संगठन से जुड़े है और अपने अलग कार्य से पहचाने जाते हैए! सिंह ने बताया कि आज का रक्तदान 30वीं बारए पत्नी का 10वीं बार हैए और आज के दिन रक्तदान के द्वारा नये वर्ष



मे इस संकल्प के साथ किया है कि रक्तदान के प्रति लोगों की भ्रान्ति दूर होसकें और नई पीढ़ी को अपने सामाजिक उतरदायीत्व के प्रति जागरूक करना है साथ मे एक यूनिट रक्त से तीन जिन्दगी बचाई जा सकती हैएउन्होने कहा कि जिंदगी बड़ी ा समाज के लिए समर्पित कर देना चाहिए !वैसे तो हिमांशु रेड क्रॉसए रोटरी क्लबए नागरी प्रचारणीए दवा संगठन मे अपना योगदान देने के साथ राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर डाक टिकट संग्रहण मे कई पुरस्कार और गॉवर्नर ट्रॉफी विजेता ण्हैए नगर पालिका देवरिया के स्वछता के ब्रांड अमेम्बसडर भी है और साथ मे रक्तदान जागरूक मुहिम मे सक्रिय रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य हैं और गौरया संरक्षण हेतू पांच हजार से ऊपर घुरान्दा भी बाट चूके है !

## वक्फ सम्पत्तियों का विवरण दर्ज कराने की समयावधि में हुआ परिवर्तन

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि जनपद बहराइच के सुन्नी एवं शिया वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्लियों को सूचित किया जाता है कि उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पंजीकृत वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु मा. उ.प्र. वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ के आदेश 10 दिसम्बर 2025 द्वारा पुनः छः माह का समय बढ़ाया गया है, जिसके समादर में उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल, 2025 को पुनः वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु खोल दिया गया है अप्रूवर प्रक्रिया को अमेकर हेतु 15 फरवरी 2026, चेकर हेतु 15 अप्रैल 2026 तथा अप्रूवर हेतु 15 जून 2026 तक की समयावधि निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि उ.प्र. सुन्नी/शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ पोर्टल पर फीड किये जाने हेतु अप्रूवर, चेकर, मेकर व कोऑर्डिनेटर नामित किये गये हैं।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का जनपद कुशीनगर में शुभारंभ




**कुशीनगर।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहझ्र2026 का जनपद कुशीनगर में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मु0 अजीम ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने, यातायात संकेतों का सम्मान करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग एवं नशे में वाहन चलाने से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही आमजन को सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का संदेश दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा आम नागरिक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जनपद में निरंतर जागरूकता अभियान, यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष चेकिंग अभियान एवं शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति की संशोधित समय.सारणी जारी

**देवरिया।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि अपर मुख्य सचिवए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश एवं निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याणए उत्तर प्रदेशए लखनऊ के निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025.26 हेतु अन्य दशमोत्तर ;कक्षा 11.12 को छोड़करद्ध छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की संशोधित समय.सारणी जारी कर दी गई है।

जारी समय.सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा तैयार किए जाने की अंतिम तिथि 02 जनवरीए विश्वविद्यालयध्एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा शुल्क आदि के सत्यापन की अंतिम तिथि 09 जनवरीए छात्र.छात्राओं द्वारा पंजीकरण एवं ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 14 जनवरीए छात्र.छात्राओं द्वारा सभी वांछित संलग्नकों सहित हार्ड कॉपी शिक्षण संस्था में जमा किए जाने की अंतिम तिथि 21 जनवरी तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्रों का ऑनलाइन अग्रसारण एवं सत्यापन की अंतिम तिथि 27 जनवरी निर्धारित की गई है जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त शासकीयए अर्धशासकीय एवं मान्यता प्राप्त अन्य दशमोत्तर ;कक्षा 11.12 को छोड़करद्ध शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यध्नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति तथा संबंधित छात्र.छात्राओं से अपील की है कि निर्धारित समय.सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए आवेदन पत्रों का समय से अग्रसारण सुनिश्चित करेंए ताकि पात्र छात्र.छात्राओं को योजना का लाभ मिल सके।

## शव रख ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**कसया, कुशीनगर।** कसया थानाक्षेत्र अंतर्गत अमरपुर में एक युवक की हुई हत्या के बाद शव गांव आने पर ग्रामीणों और परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नैकाछपरा चौराहे पर सड़क जाम कर दिया। प्रशासन के निर्देश पर पुलिस और पीएसी के जवानों को शांति व्यवस्था को लेकर तैनात कर दिया गया है।मालूम हो कि बुधवार को ग्राम निवासी 22 वर्षीय निशांत सिंह पुत्र संतोष सिंह मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जुड़वनिया गांव के सामने पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे दो युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आरोपी युवक दूसरे समुदाय का होने की वजह से प्रशासन ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव आने पर ग्रामीणों ने नैका छपरा सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। ग्रामीणों ने आरोपियों पर बुलडोजर करवाई की मांग की। सूचना पर मौके पर एडीएम, अपर पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने ग्रामीणों और परिजनों को समझा-बुझा कर शांत किया। पुलिस ने करवाई करते हुए आरोपी नौशाद को गिरफ्तार कर लिया।

## ग्राम्य विकास अधिकारी कार्यकारिणी का गठन, समीर तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष बने

**हिलौली, उन्नाव।** गुरुवार को असोहा ब्लॉक सभागार में ग्राम्य विकास अधिकारी एसोसिएशन की बैठक की गई। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी में अरविंद सिंह, विनोद कुमार, ब्रजेन्द्र सिंह, रीता राजावत, अमरेश सिंह, रमेश सिंह, राम प्रसाद अरुण, पूनम वर्मा ने सर्व सम्मति से समीर तिवारी को ब्लॉक अध्यक्ष चुना। साथ ही अरविंद सिंह चैहान संरक्षक, उपाध्यक्ष विनोद, मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह सहित अन्य पदों के लिये ग्राम्य विकास कर्मचारियों को मनोनीत किया गया। इस दौरान ग्राम्य विकास के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद सभी ने एडीओ पंचायत असोहा को बुके देकर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# मल्लूडीह में आयोजित होगा विराट हिन्दू सम्मेलन



**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद के केशव नगर एनएच 28 मार्ग स्थित आरएसएस देवरिया विभाग के सह संघचालक डॉ सीएस सिंह के आवास पर बुधवार की शाम को समन्वय मिलन की बैठक हुई।जिसमे 11 जनवरी को मल्लूडीह शिव मंदिर परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने की योजना बनाई गई।सह संघचालक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सभी अनुसांगिक संगठन की ओर से विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगी।डॉ अनिल कुमार सिंहा को उपाध्यक्ष, राजेश शुक्ला व विरेश कुमार राय को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।इसके अलावा एक कोषाध्यक्ष व चार लोगों को सदस्य नामित किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रान्त के उपाध्यक्ष डॉ निगम मौर्य ने कमेटी के सभी पदाधिकारियों को जनवरी से मल्लूडीह क्षेत्र के आस-पास के सभी हिन्दू परिवारों से सम्पर्क करने को कहा। बैठक में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का भी निर्णय लिया गया।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय,दिवाकर मणि त्रिपाठी, महर्षि अरविंद विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र मिश्र, सुरेश प्रसाद गुप्त, शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अभिनाश शुक्ल, भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ सीबी सिंह, महामंत्री डॉ अखिलेश सिंह, जनार्दन आदि लोग मौजूद रहे।

## कैफियत एक्सप्रेस में टीटीई व उनके सहयोगियों ने यात्रियों से की अभद्रता ओर मारपीट

गोसाईगंज-अयोध्या। गुरुवार को दिल्ली से आजमगढ़ जाने वाली डाउन कैफियत एक्सप्रेस में टीटीई एवं उसके सहयोगियों द्वारा टिकट चेकिंग के नाम पर महिला यात्रियों एवं उसके परिजनों पर अभद्रता एवं मारपीट करने के साथ ही मोबाइल एवं सोने की अंगूठी छीनने का मामला प्रकाश में आया है। महिला यात्री की सूचना पर स्टेशन पहुंची पीआरबी पुलिस ने पीड़ितों का बयान दर्ज कर मेडिकल कराने के लिए जहां गोसाईगंज सीएचसी भेज दिया है वहीं पीड़िता ने मामले की शिकायत गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर रखे कंप्लेंट बुक (शिकायत पुस्तिका) में भी दर्ज किया है !स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्रा ने घटनाक्रम से डीआरएम व सी. डीसीएम सहित अन्य को अवगत करा दिया है।

ट्रेन में टीटीई एवं उसके अन्य सहयोगियों से हुई हाथापाई में महिला यात्री दिल्ली के करावल नगर विस. से वर्ष 2025 में विस. प्रत्याशी रही संध्या तिवारी एवं उसके अन्य परिजनों को कई जगह गंभीर चोटे आई है। अंबेडकर नगर जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकापुर निवासी महिला यात्री संध्या तिवारी एवं उसके परिजन ने गोसाईगंज स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक एम0 एन0 मिश्रा एवं जीआरपी पुलिस ज्ञान पटेल तथा पीआरबी पुलिस को बताया कि वे और उसके परिजन 31 दिसंबर को डाउन कैफियत एक्स0 से पीएनआर नंबर 2448079308 पर दिल्ली से अकबरपुर के लिए एस-4 में सवार हुए। उनके 1 सदस्य के पास जनरल टिकट था।

अयोध्या धाम से गाड़ी छुटने के 05 मि0 बाद ही टिकट चेक करने पहुंचे टीटीई स्टॉफ ने जनरल टिकट को लेकर 12 सौ रुपए मांगे।उचित किराया मांगने की बात कही तो मौके पर पहुंचे 3 अन्य टीटीई एवं वेंडर स्टॉफ ने उनके व परिवार के अन्य लोगों के साथ भद्दी भद्दी गालिया देने के साथ ही अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगे।इसी बीच भीड़ ने मेरा मोबाइल एवं एक सोने की अंगूठी भी छीन लिया गया।इस वाकया में उसका हाथ फैक्कर हो गया। मामले से 112 को अवगत कराया तो पुलिस एवं स्टेशन अधीक्षक ने गोसाईगंज स्टेशन पर हम सभी को सकुशल ट्रेन से उतारा।

## यातायात के नियमों का पालन करके बड़े सड़क हादसों को रोका जा सकताः एएसपी

सीतापुर। 1 जनवरी दिन गुरुवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ अवसर पर यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने कहा कि यातायात के छोटे-छोटे नियमों का पालन करके बड़े सड़क हादसों को रोका जा सकता है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरण सड़क दुर्घटनाओं में जीवन रक्षक सिद्ध होते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि यातायात नियमों को बोझ न समझकर अपनी सुरक्षा का माध्यम मानें।

कार्यक्रम में उपस्थित यातायात क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाने की अपील करते हुए बताया कि ऐसे मददगार व्यक्तियों को नेक आदमी के रूप में पुरस्कृत किया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि 31 जनवरी तक जनपद सीतापुर में सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के सहयोग से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में पीटीओ एम.ए. आब्दीन, यातायात निरीक्षक फरीद अहमद, आरआई संजय कुमार, वरिष्ठ सहायक अंशुमान सिंह तोमर, मयंक सिंह, रवि प्रकाश, संजीव सोनकर, विकास अग्रवाल समेत अनेकों वाहन चालक मौजूद रहे।

संक्षेप

## ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर में ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई। ट्रेन की टक्कर के बाद किशोरी की मौके पर ही चली गई। हादसे के तुरंत बाद वहां पार अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों शव के पास पहुंचकर पुलिस बल को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जें में लिया। यह घटना शुक्रवार को दोपहर को सिधौली क्षेत्र के गोधना गांव के पास हुआ। मृतका किशोरी की पहचान अटरिया थाना क्षेत्र के गोधना गांव निवासी मोहम्मद नईम की पुत्री सबिया 16 के रूप में हुई है। वह दोपहर में रेलवे ट्रैक के पास मौजूद थी। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही अटरिया थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है। अटरिया थाना प्रभारी राकेश गुप्ता ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम और सीडीओ ने शिवराजपुर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह और मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने बुधवार को तहसील बिन्दकी के ब्लॉक मलवा अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवराजपुर में विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचीन मंदिर रसिक बिहारी लाल जी महाराज एवं गिरधर गोपाल जी का दर्शन-पूजन किया तथा मंदिर परिसर का स्थलीय जायजा लिया।प्राचीन मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्यमंदिर में बनी प्राचीन आकृतियों का अवलोकन करने के बाद अधिकारियों ने पुरातत्व विभाग द्वारा 1.41 करोड़ रुपये की स्वीकृत धनराशि से कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। पुरातत्व विभाग के अधिशासी अभियंता से अब तक की प्रगति की अद्यतन जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही, मंदिर की पुरानी संरचनाओं और कलाकृतियों



को नियमानुसार संरक्षित रखने पर जोर दिया। यह कार्य न केवल मंदिर की ऐतिहासिक धरोहर को संजोएगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा।गौशाला का विस्तृत निरीक्षणमंदिर निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम गिरधर गोपाल नंदी गौशाला शिवराजपुर का भी जायजा लिया। यहां 428 गौवंश मौजूद पाए गए, जिनके भरण-पोषण के लिए भूसा, पशुआहार और हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध था। गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, विजिटिंग रजिस्टर तथा स्टॉक रजिस्टर को परखा गया, जो पूर्णतः अद्यतन मिले।प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी से टीकाकरण और गौवंशों के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों ने रोस्टर बनाकर साप्ताहिक निरीक्षण के निर्देश दिए। ठंड से बचाव हेतु काऊ कोट, तिरपाल और अलाव की पर्याप्त व्यवस्था को सराहा गया। खंड विकास अधिकारी मलवा ने बताया कि तीन बीघा भूमि पर गौवंशों के लिए नेपियर घास की खेती की गई है। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार बिन्दकी को पशुचर, परती तथा नवीन परती भूमि चिह्नित कर ग्रामसभा को सौंपने के आदेश दिए, ताकि हरे चारे की उपलब्धता बढ़ सके। गौशाला के निकट मियावाकी पद्धति से किए गए वृक्षारोपण का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपस्थित अधिकारी एवं ग्रामीणइस अवसर पर नायब तहसीलदार बिन्दकी, खंड विकास अधिकारी मलवा, पुरातत्व विभाग के अधिशासी अभियंता, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी तथा ग्राम प्रधान सहित संबंधितजन उपस्थित रहे। यह निरीक्षण ग्रामीण विकास और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में प्रशासन की सक्रियता को दशार्ता है।

## नूतन वर्ष पर छात्रों को शील्ड वितरित की

**हिलौली, उन्नाव।** वैष्णौ इन्फोटेक योगा एंड कंप्यूटर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में नववर्ष पर ट्रिपल सी प्राप्त अभ्यर्थियों को शील्ड एवं सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित कर नववर्ष का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। वैष्णो इन्फोटेक योग और कंप्यूटर ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट मौरावां उन्नाव में नव वर्ष के उपलक्ष्य में बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें केंद्र के व्यवस्थापक सुदीप कुमार मिश्रा व उनकी पत्नी प्रीति मिश्रा द्वारा आयोजन किया गया। अतिथि रूप में जमुना शंकर तिवारी, प्रदीप कुमार मिश्रा, अवधेश दीक्षित, विमल अवस्थी, अभिषेक तिवारी, शिवम मिश्रा व विशालदीप मिश्र व सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में नव वर्ष का कार्यक्रम संपन्न किया गया। नव वर्ष में केक काटकर बच्चों द्वारा संगीत नृत्य एवं अन्य खेल प्रस्तुत किए गए। निशांक द्वारा बच्चों के खेल तंबोला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बहुत ही आनंद लिया खाने में सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को अच्छा प्रबंध किया गया बच्चों द्वारा उत्तीर्ण किए गए ट्रिपल सी का सर्टिफिकेट अध्यक्ष प्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा वितरित किया गया।

## कोतवाली में 55 ग्राम प्रहरियों को वितरित किये गये कंबल



**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार को कड़ाके की ठंड के मद्देनजर 55 ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किए गए। यह वितरण पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार सिंह और कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने समाजसेवी अंकित दीक्षित के सौजन्य से किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि परमार्थ से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। उन्होंने समाजसेवी अंकित दीक्षित के इस प्रयास को सराहनीय बताया और सभी से जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने ग्राम प्रहरियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पुलिस विभाग की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को गांवों में होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी नजर रखने और अराजक तत्वों की जानकारी समय पर पुलिस को देने का दायित्व याद दिलाया। कंबल वितरण कार्यक्रम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र बहादुर सिंह, ललित मिश्र, अनमोल सहित ग्राम प्रहरी विशंभर, राजू, डालचंद, राजकिशोर, मिश्रीलाल, माधव, मायाराम, ईश्वर दीन, रामकुमार और राजेंद्र आदि उपस्थित थे।

## जनपद के समस्त विकास खण्डों में बनवाये जायेंगे मिनी शापिंग काम्पलेक्सः डीएम

**सीतापुर।** जिलाधिकारी राजागणपति आर0 की पहल पर जनपद के समस्त विकास खण्डों में कुल 38 ( प्रत्येक विकास खण्ड में 02 ) मिनी शापिंग काम्पलेक्स बनवाये जायेंगे। इन शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण ग्राम निधि, क्षेत्रनिधि एवं पी0पी0पी0 माडल के आधार पर कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि इसके लिये भूमि का चिन्हांकन करते हुये कार्ययोजना बनायी जाये। जिसके क्रम में 27 मिनी शापिंग काम्पलेक्स के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हीकरण किया जा चुका है तथा कार्य स्वीकृत कराया जाना प्रक्रियाधीन है। शेष स्थलों पर भूमि चिन्हीकरण के उपरान्त कार्य कराये जायेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इन मिनी शापिंग काम्पलेक्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को बेहतर सुविधाएं भी मुहैय्या होंगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं में सुधार होने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा।

# जरूरतमंदों को थाना प्रभारी ने बांटे कंबल



**फतेहपुर ।** नूतन वर्ष के शुभ अवसर पर मलवां थाना परिसर में सेवा और सौहार्द का संदेश देखने को मिला। थाना प्रभारी राजकिशोर ने थाना परिसर स्थित मंदिर के पुजारी एवं वहां कार्यरत कर्मचारियों के साथ केक काटकर नववर्ष का स्वागत किया तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।इस अवसर पर थाना प्रभारी ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का दायित्व केवल मुकदमा दर्ज करना नहीं, बल्कि आम जनमानस की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उन्हें न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और संतुष्टि से ही पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होता है।थाना प्रभारी राजकिशोर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में मलवां थाना क्षेत्र को सशक्त और अपराध मुक्त बनाने के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। नए वर्ष में प्रत्येक फरियादी को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।कार्यक्रम में एसएसआई विनोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक रितेश मौर्या, एसआई नागेश गिरी, एसआई दिवाकर बिंद सहित आरक्षी अमित कुमार, कैलाश यादव, सतीश कुमार, अजीत सिंह, जयराम समेत समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## जमीन विवाद को लेकर हुए हमले में महिला की मौत

अमेठी । जिले में जमीन विवाद से जुड़े एक हमले में गंभीर रूप से घायल 60 साल की एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। ` मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के पूरे मोहम्मद नेवादा गांव में जमीनी विवाद में हुई मारपीट में घायल 60 वर्षीय महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित महिला की बहू प्रमिला के मुताबिक उसका गांव के ही कुछ लोगों से जमीन विवाद था, जिन लोगों ने 31 दिसंबर की शाम करीब सात बजे उसकी सास शिवा ( 60 ) पर हमला कर दिया। प्रमिला ने बताया कि इस हमले के बाद उनकी सास गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने जिला चिकित्सालय गौरीगंज भेज दिया था, जहां उपचार के दौरान आज उनकी मौत हो गई। मुसाफिरखाना थाने के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि प्रमिला की ओर से दी गयी तहरीर में घटना की जानकारी मिली है।

# अधिवक्ता ने वापस ली हड़ताल, बैनामा हुए शुरू

**महोली/सीतापुर।** बार एसोसिएशन महोली के अधिवक्ताओं ने बढ़ी हुई मूल्यांकन सूची को लेकर दिनांक 27ध्11ध्25 से उप निबंधक कार्यालय में बैनामा न करने का निर्णय लिया था। इस दौरान अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर से मिला। जिला अधिकारी ने एडीएम वित्त व एआईजी स्टांप को कमेटी बनाकर

● 35 दिल चली हड़ताल राजस्व का हुआ भारी नुकसान

समस्या का निस्तारण करने का आदेश दिया था। एडीएम नितेश कुमार सिंह व एआईजी जगदंबा शुक्ला के द्वारा अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए तथ्यों को खारिज करते हुए बढ़ी हुई मूल्यांकन सूची से बैनामा करने को कहा गया। अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल विधायक शशांक त्रिवेदी से उनके आवास में मिला जिस पर अधिवक्ताओं द्वारा बड़ी हुई मूल्यांकन सूची के बारे में अवगत कराया। विधायक ने जिला अधिकारी से



मिलकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।30ध्12ध्25 को जिला अधिकारी के निर्देश पर एआईजी स्टांप जगदंबा शुक्ला सुबह 10:30 बजे महोली तहसील पहुंचे वहां पर एसडीएम देवेंद्र मिश्रा व सीओ नागेंद्र चैबे की बैठक में निर्णय लिया गया कि पुलिस बल लगाकर बैनामा कराए जाएं। गुरुवार को अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा व महासचिव जगजीवन भारती के नेतृत्व में बैठक कर बैनामा न करने का निर्णय लिया गया। जहां एक तरफ 35 दिन तक चली हड़ताल के कारण राजस्व को काफी नुकसान हुआ है। वही क्षेत्र की जनता का भी समर्थन अधिवक्ताओं को न मिल सका। इस अवसर पर अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा ने बताया कि अधिवक्ताओं की सहमत बनती है तो हाई कोर्ट मे इस बड़ी हुई मूल्यांकन सूची के विरोध रिट याचिका दाखिल की जाएगी। वही खबर लिखे जाने तक दस लेख पत्र उप निबंधक कार्यालय में प्रस्तुत किए गए।

## तांत्रिक विद्या का झांसा देकर महिला के जेवर व नगदी लेकर फरार

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली के पास एक महिला से ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात टप्पेबाज तांत्रिक विद्या का झांसा देकर महिला के जेवर और 3500 नगद लेकर फरार हो गये। अलादादपुर निवासी मिथिलेश तिवारी पत्नी उमाकांत तिवारी ने बताया कि वह हाईवे स्थित एक घर में खाना बनाने का काम करती हैं। वह तहसील मार्ग से पैदल अपने घर लौट रही थीं। तभी कोतवाली के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनसे बातचीत शुरू कर दी। बातचीत के दौरान ठगों ने तांत्रिक विद्या का हवाला देते हुए मिथिलेश के हाथ पर रुपयों की एक गड्डी रख दी। उन्होंने महिला को अपने पायल, झाला, चेन और पास मौजूद 3500 सुरक्षित रखने के लिए उन्हें सौंपने को कहा। महिला उनकी बातों में आ गई और जैसे ही उसने अपने जेवर और नगदी ठगों को दिए, वे लेकर फरार हो गये। कुछ देर बाद जब महिला को अपनी गलती का एहसास हुआ, तो वह तहसील रोड पर रोने-चिल्लाने लगी, जिससे वहां भीड़ जमा हो गई। पीड़िता मिथिलेश तिवारी ने सिधौली कोतवाली में इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# फ्रेंड्स टी-20 कप में महामाया एकादश विजयी

जिला संवाददाता



**उन्नाव।** शहर के करोवन मोड़ स्थित निखत ग्राउंड में चल रही फ्रेंड्स ज्20 कप में महामाया ने आखिरकार बाजी मार ली। कानपुर लायंस के कप्तान रवि मिश्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यह फैसला कानपुर की टीम को अपोजिट पड़ गया जिसके चलते पावर प्ले के ही अंदर कानपुर लायंस को चार विकेट गवाने पड़े। जिसमें हर्ष चैधरी के 28 और हर्षित गौर के 44 रनों की बदौलत कानपुर लायंस ने 9 विकेट गंवाकर 20 ओवर में 131 रनों का लक्ष्य महामाया टीम को दिया। महामाया टीम की तरफ से ऋषभ वाजपेई ने 3 विकेट और धीरू शर्मा सत्यम पांडे ने दो-दो विकेट चटकाए। इस टूनार्मेंट में मैन ऑफ द मैच ऋषभ बाजपाई और मैन ऑफ द सीरीज हर्ष को दिया गया। महामाया टीम से ओपनिंग बल्लेबाज उप कप्तान अभय सिंह ने धीमी शुरूआत देते हुए 18 रन वा ऋषभ बाजपाई ने 16 रनों का योगदान दिया , टीम की तरफ से तीसरे नंबर पर सचिन गुप्ता द्वारा 10 रन बनाए गए वही टीम के कप्तान ने गिरती हुई टीम को अपने कंधों पर संभाल और शानदार 33 रनों की पारी खेली जिसमें तीन चैके और दो छक्के शामिल थे। अंतिम के औरों में जब मैच पूरी तरह फस गया था तब टीम के जुझारू खिलाड़ी आदिल खान द्वारा शानदार चार चैके लगाकर टीम को जीत की दहलीज पर लाकर खड़ा कर दिया आदिल 9 गेंद पर 20 रनों का योगदान दिया। सूफियान और मानस शुक्ला द्वारा मैदान में शानदार फील्डिंग करी गई जिसकी वजह से गेंदबाजों को बहुत सहायता मिली। फाइनल मैच के दौरान चीफ गेस्ट मून खान के द्वारा खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी दी गई।

## नपा. अध्यक्षा ने सफाई कर्मियों को शीतकालीन वर्दी बांटी



**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद उन्नाव की अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों को शीतकालीन वर्दी वितरित की। पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों को गर्म जैकेट, स्वेटर सहित अन्य आवश्यक शीतकालीन सामग्री प्रदान की गई, जिससे वे कड़ाके की ठंड में भी अपने कार्यों का निर्वहन सुचारु रूप से कर सकें। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने कहा कि सफाई कर्मी शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि चाहे भीषण गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, सफाई कर्मी निरंतर सेवा भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में उनका मनोबल बढ़ाना और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस पहल से सफाई कर्मियों को कार्य करने में सुविधा मिलेगी और नगर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी।

## विधायक प्रतिनिधि का अंगवस्त्र पहनाकर जन्मदिन मनाया



**मोहान, उन्नाव।** विधान सभा क्षेत्र से भाजपा विधायक बृजेश रावत के प्रतिनिधि अरुण दीक्षित के जन्मदिन विधायक निवास पर धूमधाम से मनाया गया। विधायक सहित तमाम लोगों ने अंगवस्त्र माला पहनाकर दी बधाई। मिली जानकारी अनुसार मोहन विधानसभा के विधायक बृजेश रावत के प्रतिनिधि अरुण दीक्षित के जन्मदिन पर विधायक के आवास पर सुबह से ही स्थानीय लोगों का आना जाना लगा रहा इस मौके पर विधायक ने अपने प्रतिनिधि अरुण दीक्षित को स्वयं अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि हमारे सहयोगी सुख दुख के साथी कर्तव्यनिष्ठ अरुण का सहयोग हमेशा मिलता हैं। विधायक आवास पर सैकड़ो की तादाद में भाजपा कार्यकताओं ने अरुण दीक्षित का केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इंद्र मोहन सिंह, पुत्तनपाल, राजन शर्मा, विवेक शुक्ल युवराज, जगजीवन रावत, रामभरोसे, सरोज, मनोज, मुकेश रस्तोगी, स्वकेश रस्तोगी, उपस्थित रहे।

# सीएनजी लदे ट्रक की टक्कर से मासूम की मौत

**सीतापुर।** कोतवाली बिसवां क्षेत्रांतर्गत बिसवां सिधौली मार्ग पर गुरुवार दोपहर करीब दो बजे घर से साइकिल लेकर निकले एक बारह वर्षीय बच्चे को ब्लॉक मुख्यालय के पास कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रक व उसके चालक को राहगीरों ने दौड़कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली बिसवा क्षेत्रांतर्गत जफराबाद निवासी कृष्णपाल का बारह वर्षीय पुत्र आयुष गुरुवार दोपहर करीब दो बजे घर से साइकिल लेकर ब्लॉक मुख्यालय के पास जा रहा था कि उसकी साइकिल में सीएनजी लदे ट्रक ने जोरदार टक्टर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बच्चे का सर फूट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया और ट्रक तथा चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक बच्चा अपने घर का इकलौता चिराग था। उसके निधन से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। जहां बेटे का शव देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों का कहना है कि आयुष घर से सामान्य कार्य के लिए निकला था, लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि वह हादसे का शिकार हो जाएगा। हादसे के बाद गांव जाफराबाद में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बिसवां सिधौली मार्ग पर भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाबा जय गुरूदेव आश्रम में सतसंग कार्यक्रम का आयोजन

सीतापुर। लहरपुर के ग्राम रंगवा स्थित बाबा जयगुरुदेव आश्रम में नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बाबा जयगुरुदेव के बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित हुए। इस दौरान कई अनुयायियों ने शाकाहारी रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपदेशक प्रताप ने उपस्थित अनुयायियों को शाकाहारी और सदाचारी जीवन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए सत्कर्म करना आवश्यक है। प्रताप ने विशेष रूप से मांस और मदिरा के सेवन से दूर रहने की अपील की। उपदेशक प्रताप ने नशे को मानव समाज के लिए अभिशाप बताया और इसे बढ़ती हिंसा तथा अपराधों का मुख्य कारण बताया। उन्होंने अनुयायियों से गृहस्थ जीवन का पालन करते हुए प्रतिदिन भगवत भजन करने और दीन-दुखियों की सेवा करने का आग्रह किया। उन्होंने मानव जीवन को परमात्मा का अनमोल उपहार बताते हुए कहा कि यह शरीर एक किराए का मकान है और मृत्यु के बाद सारी शान-शौकत यहीं रह जाती है।

# विद्युत पोल से बाइक टकराई, दो की मौत

जिला संवाददाता

**पुरवा, उन्नाव (वीओएल)।** नववर्ष की पार्टी मना कर घर लौट रहे दो युवकों की बाइक घने कोहरे में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक सड़क किनारे खंती में जा गिरे, जहां मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। असोहा क्षेत्र के कांथा गांव निवासी सचिन ( 22 ) पुत्र वीरेंद्र सिंह अपने गांव के ही गहरे मित्र विशाल सिंह उर्फ छोटू पुत्र लाखन सिंह के साथ बीती रात नवाबगंज में नए वर्ष की पार्टी मनाने गया था। परिजनों को बिना बताए दोनों देर रात घर लौट रहे थे। भल्लाफार्मद्दकांथा मार्ग पर जोगासराय मोड़ के पास फ्लिप कार्ड कंपनी के सामने घने कोहरे के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक नीचे खंती में जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

रात में गश्त कर रही सोहरामऊ पुलिस ने दोनों को मृत अवस्था में देखकर परिजनों को सूचना दी और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया। सुबह जैसे ही यह दुखद समाचार गांव पहुंचा, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक सचिन के पिता वीरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों की दोस्ती बेहद गहरी थी। उन्होंने बताया कि रात करीब नौ बजे दोनों बाहर जाने की जिद कर रहे थे, जिस पर परिजनों ने मना कर बाइक की चाबी भी रख ली थी। इसके बाद सचिन ने हनुमान मंदिर में रामचरितमानस पाठ का बहाना बनाया, लेकिन पिता ने जाने से मना कर दिया था। पिता ने यह भी बताया कि रात करीब 12रू45 बजे सचिन ने पड़ोसी मित्र सुधीर सिंह को फोन कर कहा था कि वह 15 मिनट में घर पहुंच जाएगा। सुधीर ने उसे धीरे चलने की सलाह दी थी क्योंकि कोहरा बहुत ज्यादा था। सुबह ग्रामीणों से हादसे की खबर मिली। सचिन की पत्नी मंजू सिंह और छोटे भाई प्रिंस का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं विशाल चार भाई-बहनोंकृगोलू, रूबी, रुचि और गोल्डीकृमें सबसे छोटा था। उसके परिजन भी गहरे सदमे में हैं। नववर्ष के पहले ही दिन दो युवकों की असामयिक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है। ग्रामीण दोनों की दोस्ती को याद कर भावुक नजर आए। लोगों का कहना है कि दोनों की दोस्ती मिसाल थीकृउठना-बैठना, आना-जाना, घूमना-फिरना सब कुछ साथ-साथ होता था। वे दिन के अधिकांश समय एक-दूसरे के साथ रहते थे। नए साल की शुरूआत में हुआ यह हादसा पूरे क्षेत्र के लिए गहरा आघात बन गया है।

## कूटरचित सिम उपलब्ध कराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस ने साइबर अपराधियों को कूटरचित मोबाइल सिम उपलब्ध कराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो पीओएस एजेंट सहित प्रयुक्त मोबाइल फोन और ब्लैंक सिम बरामद किए गए। यह कार्रवाई साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए की गई।गिरोह का तरीका और पुलिस कार्रवाईपुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम पुलिस थाना ने प्रतिबिंब पोर्टल पर संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जांच शुरू की। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर एयरटेल, जियो तथा वोडाफोन ( श्क) टेलीकॉम कंपनियों के पीओएस एजेंट धर्मेंद्र साहू ( गणेश मोबाइल शॉप, फरीदपुर ) और रामजी गुप्ता ( बहुआ ललौली ) की संलिप्तता सामने आई।पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों के कूटरचित सिम जारी कर अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों को वित्तीय धोखाधड़ी के लिए सुलभ कराते थे। आगे जांच में सहयोगी लल्लू उर्फ इश्तियाक ( अंतरराज्यीय गिरोह सदस्य ) को भी गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से प्रयुक्त मोबाइल फोन और ब्लैंक मोबाइल सिम बरामद हुए।कानूनी कार्रवाईगिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाने में अपराध संख्या 43/2025 के तहत धारा 319(2)/318(2)/3(5)/338/308(6)/336(3)/340(2) बीएनएस, 66 सी/66 डी आईटी एक्ट तथा 20/21 भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। सभी अभियुक्तों को विधिक प्रक्रिया के अनुरूप न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस ने अन्य संभावित सहयोगियों की तलाश जारी रखी है।यह सफल कार्रवाई फतेहपुर पुलिस की सतर्कता का उदाहरण है, जो साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में जुटी हुई है।

संक्षेप

## युवती ने की फरसे से पुरूष की हत्या, पहुंची पुलिस चौकी

बांदा। बबेरू के मुरवल गांव में घर में घुसे पड़ोसी की युवती ने फरसा मारकर हत्या कर दी और इसके बाद युवती घर से 1 किलोमीटर दूर पुलिस चौकी पहुंची। इससे वहां हड़कम्प मच गया। घटना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव निवासी बिट्टू उर्फ भारती पुत्री राजकुमार प्रजापति 19 ने गुरुवार की शाम अपने पड़ोसी सुखराज प्रजापति पुत्र भुरवा प्रजापति 48 की फरसा मारकर हत्या कर दी। परिजनों ने बताया कि सुखराज मौका पाकर घर में घुस आया और उसने युवती के साथ गलत हरकतें करना शुरू कर दीं। मना किया तो वह नही माना, बचाव में बिट्टू ने उस पर फरसा से वार कर मौत के घाट उतार दिया और इसके बाद फरसे का प्रदर्शन करती हुयी घटना स्थल से एक किलोमीटर पुलिस चैकी पहुंची। जिस समय युवती घर से पुलिस चैकी जा रही थी उस दौरान बस स्टैण्ड में मौजूद लोगों ने युवती को देखा तो हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बबेरू राजेंद्र सिंह राजावत, सीओ सौरभ सिंह, मुरवल चैकी प्रभारी घटना स्थल पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## दरोगा व 6 के विरुद्ध अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

बांदा। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के आदेश पर खप्टिहा कला चैकी इंचार्ज व 6 अन्य लोगों के विरूद्ध मारपीट सहित 5 अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पिपरहरी गांव निवासी पप्पू उर्फ श्रवण कुमार पुत्र शिवनायक सिंह ने दी गयी तहरीर में कहा है कि रामरूप सिंह, भईया, पंकज पुत्र रामनरेश सिंह, ज्वाला पुत्र बोद्दा, विद्याधर, सुनील निवासी पिपरहरी एवं खप्टिहा कला चैकी इंचार्ज हरिशरण सिंह पर आरोप लगाए हैं। बताया कि गांव के ज्वाला पुत्र बद्री अवस्थी के घर बीते 25 अगस्त को चोरी हुई थी। 31 अगस्त की रात में पंकज पुत्र रामनरेश के यहां चोरी का प्रयास किया गया।

1 सितम्बर को आरोपियों ने उसे घर बुलवाया और चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की साथ ही पुलिस को रिश्वत देकर मारपीट कराई। इस दौरान उसकी दो उंगलियां तोड़ दी गयीं। आरोप है कि चैकी प्रभारी हरिशरण सिंह ने इसके बाद मूत्र पिलाया और एनकाउंटर की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गिरवी रखे पांच लाख रुपये के गहने वापस न करने का आरोप

जिला संवाददाता

ललितपुर। पांच लाख रुपये कीमत का सोना गिरवी रखकर नीयत खराब होने और उधार लिये गये रुपये ब्याज सहित वापस लौटाने के बावजूद भी सोने के आभूषण वापस न देने का आरोप लगाते हुये युवक ने सराफा व्यापारी, उसकी पत्नी व पुत्री पर एफआईआर दर्ज करायी है। मोहल्ला नझाई बाजार में रहने वाले

- महादेव ज्वैलर्स के संचालक, उसकी पत्नी व पुत्री पर एफआईआर दर्ज
- पीडित ने दो बार किया जान देने का प्रयास, अब पुलिस जांच में जुटी

संस्कार तिवारी पुत्र दीपक कुमार तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कटरा बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के पास महादेव ज्वैलर्स बुढ़वार वालों के नाम से अनिल सोनी पुत्र महादेव प्रसाद, रानी सोनी पत्नी अनिल व मान्या सोनी पुत्री अनिल दुकान खोले हुये हैं। पीडित ने बताया कि उसने सोने से बने आभूषण में हार, मंगलसूत्र व कान की बाली जिनकी कीमत करीब 5 लाख रुपये थी को अनिल सोनी की दुकान पर 1.30 लाख रुपये में 11 अगस्त 2024 को गिरवी रखा था। पीडित के अनुसार उसने अनिल सोनी को 1.30 लाख रुपये सम्पूर्ण ब्याज चुकाने के बाद अपने सोने के आभूषण मांगे तो अनिल सोनी ने कई दिनों तक उसे गुमराह किया। जब उसने गंभीरता से अपने सोने की मांग की तो मान्या सोनी व रानी सोनी ने एसिड (तेजाब) फेंकने और फर्जी मुकद्दमें में फंसाने की धमकी देते हुये अज्ञात लोगों से एस.सी.एस.टी. और पॉक्सो एक्ट लगवाते हुये जिन्दगी बर्बाद करने की धमकी दी, जिससे वह मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित हुआ।

पीड़ित ने बताया कि आभूषण नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर उसने 11 अगस्त 2025 को रात करीब 8 बजे जहरीली दवा खा ली, जिससे उसकी हालत बिगडने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। पिता ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। 12 अक्टूबर को उसे अस्पताल से छुट्टी मिली। जिसके बाद वह घर पहुंचा तो सुबह करीब 10.30 बजे रानी सोनी का फोन आया और उसने परिजनों सहित उसकी जिन्दगी बर्बाद करने की धमकी दी।

इससे वह घबड़ा गया और उसने अपने बांये हाथ की नसों को काट लिया, जिससे अधिक खून बहने के कारण वह बेहोश हो गया और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे देखकर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने वहां आकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसे 32 टांके आये, जिससे वह मरते-मरते बचा।

जिसके बाद उसने लेन-देन के सारे सबूत व जानकारी 17 अक्टूबर को पुलिस के समक्ष रखे, जिस पर 26 अक्टूबर को पुलिस ने आश्वासन दिया कि वह मामले को गंभीरता से लेकर उसके आभूषण अनिल से वापस दिलायेंगे। 26 अक्टूबर के बाद से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। पिता द्वारा कई बार प्रयास करने पर भी कार्यवाही नहीं की गयी। पीडित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अनिल सोनी, रानी सोनी व मान्या सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सड़क सुरक्षा जीरो फैटिलिटी माह का शुभारंभ, दिलायी शपथ



बांदा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयुक्त अजीत कुमार ने उद्घाटन किया। शासन के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से गुरूवार को महाराणा प्रताप चैक में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ हुआ। आयुक्त ने सड़क सुरक्षा माह को ह्यजीरो फैटिलिटी माहह्ल के रूप में मनाने के लिए लोगों को हेलमेट, सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, रॉंग साइड ड्राइविंग न करने, कोहरे में सावधानी पूर्वक वाहन चलाने एवं ओवरस्पीडिंग न करने व अन्य सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि राजेश एस पुलिस उप महानिरीक्षक ने लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। लोगों को जागरूक करने के लिए आयुक्त ने स्लोगन युक्त प्रचार वाहनों व बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली महाराणा प्रताप चैराहा से प्रारम्भ होकर कालु कुँआ, बाबूलाल चैराहा, राइफल क्लब मैदान पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान जिलाधिकारी जे0 रीभा, पुलिस अधीक्षक पलास बंसल, सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, सौरभ कुमार आर.टी.ओ, उदवीर सिंह आरटीओ प्रवर्तन, श्यामलाल एआरटीओ, गुलाबचंद्र, वीरेन्द्रनाथ राजभर, पीटीओ आर के सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग दिनेश कुमार, डीआईओएस, संजय मिश्रा टीआई, मंडलीय मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्र, सुनील सक्सेना संगठन महामंत्री रोटी बैंक सोसायटी, एनसीसी कैडेट, ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कुलपति ने छात्रों व शिक्षकों संग मनाया नववर्ष



अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों व शिक्षकों ने कुलपति आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। नव वर्ष के इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी मीना सिंह व पिता परमहंस सिंह ने भी सभी को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी लोगों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए नववर्ष की बधाई दी। इस मौके पर मौजूद छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने कुलपति को बुके भेंटकर नववर्ष का इजहार किया। इस दौरान विदेशी छात्र-छात्राएं भी कुलपति से मिले और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी और उनके साथ फोटो खिंचवाए। छात्र-छात्राओं ने कविताएं, शायरी एवं गाना गाकर नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाया। एक के बाद एक शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र - छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति ने सभी को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि सभी लोगों को मिलकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ रखना होगा। आने वाले समय में यह विश्वविद्यालय मखाना की खेती के लिए जाना जाएगा। यह विवि तेजी के साथ टीश्यू कल्चर को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में विवि ने तेजी के साथ प्रगति की है। यहां पर देश-विदेश से छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रवेश ले रहे हैं। छात्र-छात्राओं की संख्या में तेजी के साथ बढ़ोतरी हुई है। कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने मिलन समारोह में पहुंचे समस्त शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नगर निगम कार्यालय नए भवन में ले जाने का जताया संकल्प



अयोध्या। महापौर मं. गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा है कि जब लोग सो रहे होते हैं तो नगर निगम जागकर सफाई कर रहा होता है। उन्होंने बीते वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए पार्षदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योजनावद्ध ढंग से कड़ी मेहनत कर नगर निगम की साख बढ़ाने के लिए

- महापौर ने नगर निगम की बीते वर्ष की उपलब्धियों पर की चर्चा

आभार जताया। वह तिलक हाल में बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश भर के लोग जब यहां आते हैं तो वह भी सफाई की तारीफ करते हैं। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को लेकर संवेदनशीलता बरतने पर पार्षदों की तारीफ की। कहा कि स्थानीय सरकार आपके द्वार अभियान के तहत गली-मोहल्ले में जाकर जनसमस्याएं सुनीं गई। महापौर ने उम्मीद जताई कि 10 लाख की आबादी का मानक लागू होने से अब नगर निगम को और अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नए संकल्प और नई उम्मीद के साथ नए भवन में प्रवेश करेंगे। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि नगर निगम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है। स्वच्छता की रैंकिंग में निरंतर सुधार हुआ है। दीपोत्सव एवं महापौर सम्मेलन का सफल आयोजन कर निगम की गरिमा बढ़ाई। संचालन अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ ने किया। इस मौके पर उप सभापति राजेश गौड़, जयनारायण सिंह ह्लरिंकूह्ल, विशाल पाल, चंदन सिंह, अनुज दास, अपर आयुक्त भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ल, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त आदि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करने से ही हम और आप सुरक्षितः विधायक रामरतन




जिला संवाददाता

ललितपुर। शासन के निर्देशक्रम में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह आज से प्रारंभ हो गया। यह कार्यक्रम 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा। इसी के तहत परिवहन कार्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ विधायक सदर रामरतन कुशवाहा

- सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार चैधरी द्वारा की गई। इस अवसर पर विधायक सदर रामरतन कुशवाहा ने आम जनमानस से अपील करते हुये कहागया कि वह सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात नियमों का पालन करें, उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से ही हम और आप सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जनपद में कोई भी मार्ग गड्ढा युक्त नहीं रहेगा क्योंकि सरकार द्वारा जनपद में गड्ढामुक्त सड़के तैयार किये जाने की कार्यवाही संचालित है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन चैधरी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम सप्ताह में सड़क सुरक्षा, जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जबकि दूसरे सप्ताह से प्रर्वतन अभियान संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग इं0 विजय चंद्र, राजकीय महाविद्यालय के प्रवक्ता डा0 रीतेश खरे, यातायात निरीक्षक आलोक तिवारी, बस यूनियन के मो0 नईम, अवधेश कौशिक, महेन्द्र कुमार जैन, हरप्रकाश अग्रवाल, एहसान खान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार श्रीमती लिली चैधरी यात्रीकर अधिकारी द्वारा किया गया।

# समर्पित भाव से करूंगा अपने दायित्वों का निर्वहन : देवेन्द्र अरजरिया




जिला संवाददाता

महोबा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की जयंती एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन रघुनाथ धाम जैतपुर मेला मैदान में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संचालक सुशील अरजरिया द्वारा बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर की गई।

उपस्थित सभी सदस्यों ने उनके जीवन और संघर्ष को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान ने स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों को संगठन के प्रति निष्ठावान रहते हुए उसके विस्तार के लिए सतत प्रयास करना चाहिए।

पूर्व जिलाध्यक्ष जमाल अहमद कादरी ने अपने संबोधन में बाबूजी के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। इसके उपरांत मंडलाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान द्वारा जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित कार्यकारिणी का वाचन जिला महामंत्री अनिल सेन द्वारा किया गया। कार्यकारिणी में देवेन्द्र अरजरिया को जिलाध्यक्ष, हरि दर्शन नायक, चांद बाबू मंसूरी व रामगोपाल अग्रवाल को उपाध्यक्ष तथा हरि सिंह राजपूत व अनिल बाबू को महामंत्री चुना गया।

कुलपहाड़ तहसील से अजय अग्रवाल तहसील अध्यक्ष, मुजीब खान महामंत्री एवं अशोक अग्रवाल उपाध्यक्ष बनाए गए। महोबा तहसील से इफ्तखार अली तहसील अध्यक्ष, हनुमान शुक्ला उपाध्यक्ष और राकेश पटेरिया महामंत्री चुने गए। चरखारी तहसील से विनायक लक्षकार तहसील अध्यक्ष, शिवनारायण गुप्ता उपाध्यक्ष एवं कृष्णकांत तिवारी महामंत्री निर्वाचित हुए। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेन्द्र अरजरिया ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देशानुसार जनपद महोबा में संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया, जिसमें 107 नए सदस्यों को जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है उस पर वे शतप्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे और सभी सदस्यों को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## एकलव्य आदर्श विद्यालयों में प्रवेश के लिए 25 जनवरी तक किये जा सकते है आवेदन

बहराइच। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बोझिया के प्राचार्य उपेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में स्थित चार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 6 से कक्षा 9 तक अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के प्रवेष हेतु चयन परीक्षा 15 फरवरी 2026 को सम्बन्धित विद्यालयों में आयोजित होगी। प्रवेष प्रकिया के सम्बंध में जानकारी देते हुए श्री तिवारी ने बताया कि प्रवेष परीक्षा हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 05 से 25 जनवरी 2026 तक आनलाइन पंजीकरण कर सकते है। प्रवेष पत्र प्राप्त करने की तिथि 05 फरवरी 2026 है। उन्होनें यह भी बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी सम्बन्धित एकलव्य आदर्ष विद्यालय से सम्पर्क कर आफ लाइन आवेदन फार्म निःषुल्क प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य श्री तिवारी ने बताया कि एकलव्य विद्यालय बोझिया में कक्षा 06 हेतु बालक व बालिका हेतु 30-30, कक्षा 7 में बालिका हेतु 01 तथा कक्षा 09 में बालिका हेतु 02, पिपरखण्ड सोनभद्र में कक्षा 06 हेतु बालक व बालिका हेतु 30-30, कक्षा 8 में बालक हेतु 01 व बालिका हेतु 02 तथा कक्षा 09 में बालक व बालिका हेतु 01-01, सोनहा खीरी में कक्षा 06 हेतु बालक व बालिका हेतु 30-30, कक्षा 8 में बालक हेतु 01 तथा एकलव्य विद्यालय बान ललितपुर में कक्षा 06, कक्षा 07 व कक्षा 08 में बालक व बालिका हेतु 30-30 सीटे उपलब्ध है।

प्राचार्य श्री तिवारी ने प्रवेष हेतु अर्हता के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 06 में प्रवेष हेतु विद्यार्थी की आयु 10 से 13 वर्ष, कक्षा 07 हेतु 11 से 14 वर्ष, कक्षा 08 हेतु 12 से 15 वर्ष तथा कक्षा 09 हेतु 12 से 15 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आयु की गणना 31 मार्च/01 अप्रैल 2026 के आधार पर की जायेगी। कक्षा 06 से कक्षा 09 तक प्रवेष के लिए गत सत्र 2025-26 में पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# अधिवक्ता संघ ने भाजपा जिलाध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



बांदा। भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्मदिन जिला अधिवक्ता संघ भवन में पदाधिकारियों व सदस्यों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। संघ भवन सभागार में जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने केक काटा। इसके बाद अधिवक्ताओं ने उन्हे माला पहनाकर मिठाई खिलाई और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। संघ के अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह मण्डेला ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिन के साथ ही नये वर्ष की शुरूआत है। कहा कि पार्टी ने सरल, कर्तव्यनिष्ठ व मेहनती कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाया है। भरोसा है कि वह जनसेवा में खरे उतरेंगे। संघ सचिव मनोज निगम लाला ने जिलाध्यक्ष के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि कल्लू सिंह राजपूत राजनैतिक व्यक्ति होने के साथ ही प्रत्येक वर्ग से जुड़े लोकप्रिय समाजसेवी हैं। वह नगर पालिका के सभासद रहे। इसके अलावा पार्टी में रहकर कई दायित्वों का निर्वाह किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता समाज का महत्वपूर्ण अंग है। मेरे जन्मदिन पर बधाई देने के लिए उनका आभारी हूं। हर संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहूंगा। इस दौरान संघ कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, अमर सिंह यादव, चंद्रजीत यादव, नवीन मिश्रा, हरकरण पाल, संजय श्रीवास्तव, महेश प्रताप सिंह तोमर, नवीन अग्निहोत्रि, विजयशंकर शुक्ला एवं अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## तबला, मोबाइल और गाड़ी तोड़ने का आरोप, एफआईआर दर्ज

ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदाडांग निवासी उमेश प्रजापति पुत्र देशराज ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह गांव में गाने का काम करता है। आरोप है कि 22 दिसम्बर 2025 को अपराह्न 1 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया और शाम करीब 8 बजे दस्टोन कार्यक्रम के लिए उसे बुलाया, जिसका 1500 रुपये तय हुआ। जब वह बार पहुंचा तो उन्होंने चन्दन वन के पास आने को कहा, जब वह चन्दन वन पुलिया के पास पहुंचा तो अपने साथी आशीष झां पुत्र प्रकाश झां के साथ पहुंचा तो वहां मौजूद मोबाइल नम्बर धारक व 2-3 अज्ञात व्यक्ति मिले, जिन्होंने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने बताया कि उक्त लोगों ने उसकी मोटर साइकिल व मोबाइल फोन, तबला तोडकर फेंक दिया, उसने पास में काम कर रहे किसान को सूचना दी, जो कि आये और उन्होंने डायल 112 को फोन पर सूचना दी। वह घायल होने के बाद बालाबेहट के प्राईवेट अस्पताल में उपचार कराता रहा। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पिता की डांट से नाराज किशोर ने घर छोड़ा पुलिस ने किया बरामद



बांदा। पिता की डांट से नाराज घर छोड़कर गये किशोर को पुलिस चैकी मंडी समिति ने बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 1 जनवरी को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कालूकुआं निवासी प्रवीण पटेल ने चैकी मंडी समिति में सूचना दी कि उनका लड़का हार्दिक पटेल 15 रात में कहीं चला गया है। इस सूचना के बाद चैकी प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी ने तत्काल टीमों का गठन किया और आस-पास के लोगों से पूंछताछ कर खोजबीन की। इसी दौरान किशोर महोखर बाईपास पेट्रोल पंप से सकुशल बरामद कर लिया गया। पूंछताछ में किशोर ने बताया कि पिता की डांट से नाराज होकर रात में वह घर से चला गया था और महोखर बाईपास में पेट्रोल पंप पर रूक गया था। पुलिसकर्मियों ने परिजनों को समझाया कि बच्चों को डांटने की बजाय उन्हे प्यार से समझाएं और बच्चे का हमेशा ध्यान रखें। पुलिसकर्मियों ने बच्चे को भी समझाया कि माता-पिता हमेशा बच्चों की भलाई के लिए डांटते हैं। भविष्य में इस तरह की कोई समस्या हो तो घर वालों अथवा पुलिस को बताएं। पुलिस हर संभव मदद करेगी। किशोर को बरामद करने में चैकी प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी और उनकी टीम रही।

## महरौनी पुलिस ने आठ जुआरियों को धर दबोचा

ललितपुर। कोतवाली महरौनी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम अण्डेला व खजुरिया के बीच रास्ते में प्रवेन्द्र के खेत पर काफी लोग ताश के पत्तों पर हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्रवेन्द्र के खेत के पहले झाडियों की आड़ में खेले जा रहे जुआ के फड़ पर दविश दी। मौके पर पुलिस ने ग्राम अण्डेला निवासी महेश अहिरवार पुत्र झुट्टे, विभीषण लोधी पुत्र गोविन्द सिंह, ग्राम टेनगा निवासी बारेलाल कुम्हार पुत्र बिट्टी, रसूल खान पुत्र मगन खान, नाराहट थाना के ग्राम कैलोथरा निवासी मगन खान पुत्र काशीराम, राजेश रजक पुत्र बच्चूलाल व अण्डेला निवासी अंकित उर्फ अंकू पुत्र महेन्द्र राजपूत, जितेन्द्र पुत्र प्रताप लोधी को धर दबोचा। पुलिस ने जुआरियों के पास से जामा तलाशी के दौरान 390 रुपये व माल फड़ से 3590 रुपये, 52 ताश के पत्ते बरामद किये हैं। पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## प्रकाश पर्व पर निकाली गयी शोभायात्रा का किया स्वागत




ललितपुर। सिख धर्म के 10वें गुरुश्री गोविंद सिंह महाराज के पावन, प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित नगर कीर्तन शोभायात्रा श्रीगुरुसिंह सभा द्वारा निकली गई, जिसका पंचरत्न विश्वकर्मा समाज द्वारा फूलमाला, फल और जलपान से सभी का स्वागत किया गया। स्वागतकताओं में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष विजय ड्योढिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप ताम्रकार, कोषाध्यक्ष मनोज झा, ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश झा, आवेश झा तालबेहट, उपाध्यक्ष कमल विश्वकर्मा, महामंत्री जगदीश झा, उपाध्यक्ष संतोष सोनी, संरक्षक मंडल से रूपनारायण विश्वकर्मा एड., प्रीतम बाबूजी, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, एड.सत्येंद्र विश्वकर्मा, विनय ताम्रकार, देवेंद्र विश्वकर्मा, रवि त्रिमूर्ति, अनुज सोनी, सोहनलाल विश्व, संगठन मंत्री राजेश झा, एड.आकाश झा, गगन जैन, हरचरण प्रजापति बाबा, सतीश झा आदि समाजबंधु उपस्थित रहे।

## आरोप और प्रताड़ना से आजिज आकर पुत्र ने की थी आत्महत्या

ललितपुर। तालबेहट कोतवाली अंतर्गत ग्राम असऊपुरा में रहने वाले कल्यान सिंह पुत्र मजबूत सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका छोटा पुत्र शैलेन्द्र सिंह 3 नवम्बर 2025 को 5.35 बजे बेड़ा में बने खपरैल घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। उसने परिजनों के साथ पुत्र द्वारा की गयी आत्महत्या के सम्बन्ध में जानकारी की तो पता चला कि गांव के भानू प्रताप उर्फ कल्लू राजा पुत्र राजेन्द्र सिंह के साले को कोई आपत्तिजनक वीडियो किसी के द्वारा वायरल किया गया था, जिस कारण कल्लू राजा व उसकी पत्नी वर्षा राजा द्वारा उसके पुत्र को काफी प्रताडित किया गया और पुत्र से झगड़ा कर मारपीट कर कई साधनों से धमकाया गया। इस घटना में भानूप्रताप उर्फ कल्लू राजा पुत्र राजेन्द्र सिंह के साले ग्राम लालौन निवासी रवीन्द्र पुत्र गुलाब सिंह द्वारा भी मोबाइल से प्रताडित किया गया। इसी प्रताडना के चलते उसके पुत्र ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने पीडित पिता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एसपी ने शहर में पैदल गश्त कर देखी सुरक्षा व्यवस्था



ललितपुर। नववर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शहर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट आदि प्रमुख स्थानों पर चेकिंग की गयी। उन्होंने रेलवे स्टेशन ललितपुर व भीड़ भाड़ वाले आदि स्थानों पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग की। पैदल गश्त के दौरान आमजनमानस, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें नववर्ष को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया गया। रेलवे स्टेशन, ललितपुर पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तुओं की चेकिंग की गयी तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस फोर्स को संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार के अलावा शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## भीषण सर्दी और शीतलहर के दृष्टिगत 15 जनवरी तक बन्द रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

बहराइच। अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद के अन्तर्गत संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 01 से 15 जनवरी 2026 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। डीएम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों में टीकाकरण, गृह भ्रमण, बच्चों का वजन एवं अन्य शासकीय कार्यों का सम्पादन पूर्ववत किया जायेगा।

# बैटल ऑफ गलवान पर ड्रैगन की बौखलाहट

डॉ. अनिता राठौर



सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का अभी सिर्फ 1.12 मिनट का टीजर ही खबरों में आया है, यानी फिल्म थिएटरों में रिलीज होना शेष है और प्रोडक्शन हाउस व सेंसर बोर्ड के सदस्यों के अतिरिक्त आधिकारिक तौर पर उसे किसी ने देखा नहीं है, लेकिन चीन उस पर बौखला गया है और उसने फिल्म पर कड़ी आपत्ति की है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने लिखा है कि फिल्म में बात का बतंगड़ बनाया गया है और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत सरकार के सूत्रों ने कहा है कि सिनेमा रचनात्मक अभिव्यक्ति होती है और भारत उस पर पाबंदी नहीं लगाता है। बहरहाल, इस पूरे विवाद को समझने के लिए संक्षेप में गलवान की झड़प और फिल्म की पृष्ठभूमि को जानना आवश्यक है। पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून 2020 को भारत के सैनिकों व चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच हिंसक मुठभेड़ हुई थी, जो 45 वर्षों में सबसे भयंकर थी और इसमें भारत के 20 जवान शहीद हुए थे व पीएलए के भी दर्जनों जवान मारे गये थे, जिनकी सही संख्या चीन ने आज तक उजागर नहीं की है, लेकिन अपुष्ट खबरों में यह संख्या 45 बतायी गई है। वैसे चीन ने फरवरी 2021 में आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया था कि गलवान में उसके 5 सैनिक मारे गये थे। बहरहाल, चीन ने बार बार दावा किया है कि गलवान घाटी उसकी है।

चीन का यह दावा पूर्णतः निराधार व गलत है और इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। ध्यान रहे कि 15 जून 2020 की रात घटना से पहले चीन ने कभी भी गलवान घाटी को अपना नहीं बताया था। भारत व चीन के बीच जो 3488 किमी लम्बी वास्तविक नियंत्रण रेखा है, उस पर नक्शे में सीमा निर्धारित न होने की वजह से अनेक विवादित स्थल हैं, जिन पर दोनों ही देश अपने अपने दावे करते हैं, लेकिन उनमें गलवान घाटी कभी शामिल नहीं थी। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। इसलिए चीन का यह नया दावा बेबुनियाद और पहली फुर्सत में खारिज करने योग्य है। गलवान शुद्ध भारतीय नाम है और इसका कोई फर्जी चीनी नाम भी नहीं है, जैसा कि चीन अक्सर अपने झूठे दावों के साथ करता है कि कोई फर्जी चीनी नाम दिया और विवाद खड़ा कर दिया। इससे भी जाहिर हो जाता है कि गलवान घाटी सिर्फ और सिर्फ भारत की है (थी और रहेगी)। यहां यह प्रश्न प्रासंगिक है कि इस घाटी का नाम गलवान कैसे पड़ा? यह कहानी दिलचस्प और इतिहास पुस्तकों में दर्ज होने के बावजूद फिर से सुनाने लायक है। गुलाम रसूल गलवान का जन्म 1878 में लेह में हुआ था। पहाड़ी बच्चा आंख खोलते ही घाटियों व पहाड़ियों के उन महीन रास्तों को भी जान लेता है, जो आम आदमी को दिखायी भी नहीं देते हैं। गुलाम रसूल गलवान भी इस नियम का अपवाद नहीं थे और मात्र 12 वर्ष की आयु में ही वह तिब्बत, केन्द्रीय एशिया के पहाड़ों, विशेषकर काराकोरम रेंज में ब्रिटिश के लिए पोर्टर व गाइड का काम करने लगे। यह वह समय था, जब ब्रिटिश रूस की विस्तार नीति को लेकर चिंतित थे, खासकर तिब्बत को लेकर। रूस की जो योजनाएं भारत में ब्रिटिश हितों को नुकसान पहुंचा सकती थीं, उनके बारे में इंटेलिजेंस एकत्र करने के लिए ब्रिटिश सैनिक दुश्मन के कब्जे वाले क्षेत्रों में गुपचुप तरीके से जाया करते थे। पहाड़ों के इन कठिन रास्तों पर गुलाम रसूल गलवान ही ब्रिटिश सैनिकों को गाइड करते थे।

> फिल्म बैटल ऑफ गलवान के 1.12 मिनट के टीजर में चीन ने इतनी सारी 'कमियां' निकाल दीं और बौखलाहट की सारी हदें पार कर दीं। इससे स्पष्ट हो जाता है कि चीन गलवान में अपनी शिकस्त पर पर्दा डालना चाहता है वर्ना एक फिल्म, जो अभी सिनेमाघर में आयी भी नहीं है, पर इतना परेशान होने की आवश्यकता क्या थी?

लार्ड डनमोर के साथ ऐसे ही एक अभियान के दौरान, जैसा कि लद्दाख के विख्यात इतिहासकार अब्दुल गनी शेख का कहना है, मौसम बहुत ज्यादा खराब हो गया और कारवां रास्ते से भटक गया। कहीं से निकलने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। हर किसी को बस अपनी मौत नजर आ रही थी कि यही पहाड़ उनका मकबरा बन जायेंगे। तब बालक गुलाम रसूल गलवान ने सुझाव दिया कि अगर कोई नदी तलाश ली जाये तो उसके बहाव को देखते हुए वापसी का रास्ता निकल सकता है।

### फिल्म पर चीनी आपत्ति

लार्ड डनमोर ने नदी तलाशने की जिम्मेदारी गुलाम रसूल गलवान को सौंप दी। गुलाम रसूल गलवान ने न सिर्फ नदी को तलाश किया बल्कि वह रास्ता भी खोज निकाला जिसका प्रयोग करके सुरक्षित वापस पहुंचा जा सकता था। फलस्वरूप कारवां निश्चित मौत से बच गया और इस बात का एहसान मानते हुए व शुक्रिया अदा करते हुए लार्ड डनमोर ने उस घाटी व नदी (जिसे लद्दाखी नाला कहते हैं) का नाम गलवान रख दिया।

जहां तक 'बैटल ऑफ गलवान' फिल्म की बात है तो इसका निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है और सलमान खान इसमें बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की भूमिका में हैं, जो भारतीय भूमि की रक्षा करते हुए 2020 की लड़ाई में 16 बिहार रेजिमेंट के अन्य 19 सैनिकों के साथ शहीद हो गये थे। बाबू को मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया, जोकि भारत का दूसरा सबसे बड़ा युद्ध बहादुरी पुरस्कार है। इस फिल्म का टीजर सलमान खान के 60वें जन्म दिवस 27 दिसम्बर 2025 को रिलीज किया गया। टीजर में दिखाया गया है कि सैन्य अधिकारी के रूप में सलमान खान व भारतीय सैनिकों का एक समूह चीन के पीएलए सैनिकों की तरफ दौड़ते हुए चार्ज कर रहे हैं और पृष्ठभूमि में 'मेरा भारत देश महान है' गाना चल रहा है। टीजर की शुरूआत सलमान के किरदार के वॉइसओवर से होती है यह कहते हुए, 'सैनिकों! याद रखो, अगर तुम्हें कोई चोट लगती है, तो उसे पदक समझो और अगर तुम शहीद हो जाओ तो उसे सलाम करो।' टीजर को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 60 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। इस संदर्भ में भारत के सरकारी सूत्रों ने कहा है, भारत में सिनेमाई अभिव्यक्ति की परम्परा है। 'हकीकत' शीर्षक से एक फिल्म 1964 में बनी थी और उसका विषय 1962 का भारत-चीन युद्ध था। हाल ही में एक अन्य फिल्म '120 बहादुर' बनी जोकि रेजांग ला के प्रसिद्ध युद्ध पर आधारित थी। सिनेमा रचनात्मक अभिव्यक्ति है और भारत उस पर पाबंदी नहीं लगाता है। 'दूसरी ओर चीन के सरकारी अखबार ह्यग्लोबल टाइम्स' ने इस फिल्म को प्रोपेगंडा कहते हुए एक 'चीनी विशेषज्ञ' और अनेक वेइबो (चीनी सोशल मीडिया) एकाउंट्स के हवाले से संक्षिप्त टीजर के विभिन्न पहलुओं में 'गलतियां' निकाली हैं।

इस अखबार के अनुसार, चीनी विशेषज्ञ ने सोमवार (29 दिसम्बर 2025) को कहा कि बॉलीवुड की फिल्म मनोरंजन-प्रेरित, भावनाओं से भरी चित्रण तो हो सकती है लेकिन सिनेमाई अतिश्योक्ति किसी भी सूरत में न तो इतिहास को फिर से लिख सकती है और न ही चीनी भूमि की रक्षा करने के पीएलए के पुख्ता इरादों को हिला सकती है। इस फिल्म ने ऑनलाइन अन्य विवाद भी उत्पन्न किये हैं, मसलन एक्स्ट्रा के रूप व कपड़े, कलाकारों के हेयरस्टाइल जो उनकी सैन्य भूमिका के अनुरूप नहीं हैं या कहानी में जो अत्यधिक ठंड प्रदर्शित की गई है और इससे भी महत्वपूर्ण यह कि घटनाओं का प्रस्तुतिकरण तथ्यों के अनुरूप नहीं है। एक 1.12 मिनट के टीजर में चीन ने इतनी सारी 'कमियां' निकाल लीं और बौखलाहट की सारी हदें पार कर दीं, जिससे इतना तो स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है कि चीन गलवान में अपनी शिकस्त पर पर्दा डालना चाहता है वर्ना एक फिल्म, जो अभी सिनेमाघर में आयी भी नहीं है, पर इतना परेशान होने की आवश्यकता क्या थी?

## यात्री सुविधायें भी बढ़ायें

चालू वित्त वर्ष में रेल यात्री किराये में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है जो 26 दिसंबर से लागू हुई है। यह बढ़ोतरी भारतीय रेल की परिचालन दक्षता में सुधार की मंशा को दर्शाती है। इस कदम के परिणाम स्वरूप रेलवे से जुड़े प्रमुख शेयरों में लगभग 10 फीसदी तक की वृद्धि हुई, क्योंकि बेहतर राजस्व की संभावना को लेकर उम्मीदें बढ़ीं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि वर्तमान बढ़ोतरी कोई सार्थक अंतर पैदा करेगी या रेलवे वित्त में गहराई से जमी संरचनात्मक दिक्कतों को दूर कर पाएगी। रेलवे ने इस वृद्धि को सामान्य बताया है और इसे यात्रियों पर न्यूनतम बोझ डालने के लिए संतुलित किया गया है। इसी उद्देश्य से, उपनगरीय और मासिक सीजन टिकट तथा 215 किलोमीटर तक की दूरी के लिए सामान्य श्रेणी का किराया पहले जैसा ही रखा गया है। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित तथा गैर-वातानुकूलित श्रेणियों का किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ेगा। साधारण ट्रेनों में गैर-वातानुकूलित यात्रा के लिए 215 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ेगा। रेलवे को उम्मीद है कि ताजा बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2026 में 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी, जो इससे पहले की बढ़ोतरी से प्राप्त 1,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त होगी। हालांकि यह अतिरिक्त राजस्व आवश्यक है, लेकिन इससे रेलवे की आय की मूल संरचना में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रेलवे की 60 फीसदी से अधिक आय माल भाड़े से आती है। साथ ही, परिचालन अनुपात (परिचालन व्यय बनाम यातायात आय का अनुपात), जो 98 फीसदी के आसपास है, उसमें में भी कोई महत्त्वपूर्ण सुधार नहीं होगा। किराया बढ़ोतरी से पहले, यात्री किराए पर होने वाली हानियां जिन्हें मुख्यतः रेलवे की सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के रूप में देखा जाता था, टिकट लागत के 40 फीसदी से अधिक थीं। इस घाटे की भरपाई माल भाड़े से होती है, जो रेलवे के थोक परिवहन पर लगभग एकाधिकार से प्राप्त होता है। विडंबना यह है कि यह क्रॉस-सब्सिडी निजी क्षेत्र के सड़क परिवहन नेटवर्क की निरंतर घटती बाजार हिस्सेदारी पर निर्भर है। आज रेलवे का माल परिवहन बाजार में 27 फीसदी हिस्सा है और इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2031 तक अपने हिस्से को बढ़ाकर 45 फीसदी करना है। माल परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास चल भी रहा है। पंजाब से बिहार और नवी मुंबई से नोएडा तक दो लगभग पूर्ण समर्पित माल गलियारे, जिनका उद्देश्य उच्च मांग वाले मार्गों पर भीड़भाड़ की समस्याओं को हल करना है, अभी तक रेलवे के माल परिवहन हिस्से में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं ला पाए हैं। राजस्व के लिए दबावग्रस्त माल क्षेत्र पर निर्भरता ने रेलवे को उसकी कठोर लागत संरचना के कारण एक अस्थिर स्थिति में ला दिया है। राजस्व व्यय का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर जाता है। यह आंकड़ा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद और बढ़ सकता है। बढ़ती ऋण देनदारी और ईंधन लागत के साथ मिलकर, रेलवे का राजस्व व्यय आंतरिक राजस्व प्राप्तियों का लगभग 99 फीसदी हो जाता है, जिससे पूंजीगत व्यय के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचता। इससे रेलवे के आधुनिकीकरण, विस्तार और सुरक्षा ढांचे पर खर्च के लिए बजटीय सहायता और बढ़ते उधार पर अत्यधिक निर्भर रहता है, जो लंबे समय में अस्थिर है। खुद को विश्वस्तरीय उपयोगिता में बदलने के लिए, रेलवे को अपने वर्तमान मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा, जिसमें सामाजिक दायित्वों और वाणिज्यिक जवाबदेही के बीच संतुलन बनाया जाता है। दरअसल रेलवे देश के विकास की, देश को एक कोने से दूसरे कोने तक जोड़ने की धुरी है। इसलिए यह जरूरी है कि रेलवे भारत के आधुनिक जरूरतों के अनुसार बदले। यह बदलाव हो भी रहा है लेकिन जिस गति से होना चाहिए वैसा नहीं है और यही चिंता की बात है। रेलवे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के साथ ही यात्री सुविधाएं, रेल नेटवर्क, संरक्षा आदि बढ़ाने के लिए गंभीर पहल करे। इसके लिए रेलवे को अपने संसाधन बढ़ाने की गंभीर पहल करनी चाहिए।



> विकसित राष्ट्र की जरूरतों के अनुरूप रेलवे को बदलाव की पहल करनी चाहिए। इसके लिए रेलवे को अपने संसाधन और निवेश बढ़ाने ही पड़ेंगे।

### विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

### सोशल मीडिया

आ.पीएम नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में 'नया उत्तर प्रदेश' विकसित भारत की यात्रा में सहभागी बन कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। सीएम योगी.



भाजपा सरकार की खामियों के कारण अनियमित हुई पुलिस भर्ती और उसकी वजह से ओवरएज अभ्यर्थियों को उम्र की छूट देकर सरकार नववर्ष का तोहफा दे। अखिलेश यादव



सैम पित्रोदा ने अनजाने में कांग्रेस का असली चेहरा सामने ला दिया। उन्होंने स्वीकार किया कांग्रेस ग्लोबल प्रोग्रेसिव एलायंस का हिस्सा है, सिलसिले में जर्मनी गये थे राहुल। सुधांशु त्रिवेदी.



## चरित्र का ह्रास

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

## महोत्सवों का देश

व्यंग्यलोक

गुरु जी! हमारा देश अनादिकाल से ही उत्सवों, महोत्सवों, पर्वों की भूमि रहा है। यहां सूरज से लेकर धूर्त तक की पूजा, उपासना होती है। पूजा के मामले में हम बहुत लिबरल हैं। पर जबसे हम स्वतंत्र हुए हैं हमारी उत्सवों की धरती पर एक और महोत्सव मनाया जाने लगा है, और वह है, उत्सवों का उत्सव! चुनाव महोत्सव! और उत्सवों की आभा भले ही आज फीकी पड़ने लगी हो, पर चुनाव महोत्सव की चकाचौंध पिछले महोत्सव के मुकाबले अगले महोत्सव में दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ती ही जा रही है। महोत्सव के दिनों होने वाले खर्चे को देखकर अब तो लक्ष्मी, कुबेर भी परेशान होने लगते हैं। पांच सालों के बागी, निष्कासित, दलबदलू अपने गले में फूलों की मालाएं डलवा अपने घर लौटने लगते हैं। कई अपने हितार्थ बंधन मुक्त होते हैं तो कई अपने विकास की संभावनाएं देख नए गठबंधन में बंधते हैं। महोत्सव नजदीक आते ही वे कुछ भी करने को आमादा दिखते हैं। शुरू शुरू में यह उत्सव बड़ी सादगी से मनाया जाता था। पर धीरे धीरे जैसे जैसे इस उत्सव में वोटरों को अपनी हिस्सेदारी का पता चला, उत्सव में जीतकर आने वालों को अपनी संभावनाओं का पता चला, तबसे यह उत्सव खर्चीला होता गया।



अशोक गौतम

चुनाव महोत्सव की खासियत यह है कि यह महोत्सव महोत्सव होने की संभावित तारीख से पहले ही मनना शुरू हो जाता है। तब चुनाव जीत कर उन्मांद पर बसे धीरे धीरे वोटरों के बीच उतरना शुरू करते हैं, एक दूसरे के कार्यकर्ता आपस में भिड़ना शुरू करते हैं। सक्रिय तो सक्रिय, निष्क्रिय भी एकशन मोड़ में आ जाते हैं। एक दूसरे के खजानों पर छापे डलवाने का दौर शुरू होता है। चोर के विरुद्ध सीना तानकर चोर खड़ा होता है। जैसे ही इस महोत्सव को मनाने की आधिकारिक घोषणा हो, महोत्सव मनाने की आदर्श आचार संहिता लागू होती है, चारों ओर हुड़दंग शुरू हो जाते हैं। वह उत्सव ही क्या जिसमें हुड़दंग न हो। वोटरों तो वोटरों, बाजार, घर की दीवारों, पेड़ों के तनों तक से ये वे गले लगे मिलते हैं। चुनाव महोत्सव में गंगा में पानी से भी अधिक पैसा गली, बस्तियों में बहाया जाता है। बुद्धिजीवियों तक को उल्लू, उल्लू का परदादा बनाया जाता है। इस महोत्सव के आरंभ होते ही हर टाइप के नेता लोग अपनी अपनी जेब में अपने अपने हिसाब का खर्च लेकर अपने अपने वोटरों को सर्च करने निकल पड़ते हैं। इस महोत्सव में नेताओं द्वारा एक दूसरे के कपड़े उतारे जाते हैं, एक दूसरे के कपड़े फाड़े जाते हैं। जो मन में आए बका जाता है। कोई किसी को कुछ नहीं कहता... और जैसे ही महोत्सव के आखिरी दिन वोटर अपने वोट का दान इन्हें देता है उसके तुरंत बार अगली घोषणा तक चुनाव महोत्सव बंद जाता है।

## अब खेल क्षेत्र में भी बढ़ेगा टेक्नोलॉजी का उपयोग



खेल जगत

सारिम अन्ना

अधिकतर खेलों की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जो हर साल आयोजित की जाती हैं, वह तो अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित ही होंगी, इसलिए उनके बारे में दोहराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन भारत के लिए वर्ष 2025 में कुछ आयोजनों का विशेष महत्व होगा। भारत 2025 में आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप का आयोजन करेगा। यह पहला अवसर होगा जब जूनियर शूटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी भारत करेगा, जिसमें राइफल, पिस्टल व शॉटगन की स्पधाएं शामिल होंगी। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) के समक्ष दो टाइम-स्लॉट का प्रस्ताव रखेगा। गौरतलब है कि 2025 में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का भी आयोजन किया जायेगा।

भारत की दृष्टि से क्रिकेट के दो मुकाबले 2025 में महत्वपूर्ण होंगे। एक, 2017 के बाद चैंपियंस ट्राफी एक बार फिर से आयोजित की जा रही है। यह हाइब्रिड फॉर्म में पाकिस्तान व यूएई में 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जायेगी। भारत पाकिस्तान नहीं जायेगा बल्कि यूएई में अपने मुकाबले खेलेगा। आईसीसी ने 2027 तक भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट मुकाबले हाइब्रिड फॉर्म में कराने का निर्णय लिया है यानी यह तटस्थ स्थलों पर खेले जायेंगे। दूसरा यह कि 2025 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स, इंग्लैंड में खेला जायेगा। भारत डब्लूटीसी के पहले दो फाइनल्स में था, लेकिन पहले न्यूजीलैण्ड से और फिर ऑस्ट्रेलिया से हारने के कारण वह गदा (ट्राफी) न उठा सका। इस बार वह फाइनल में पहुंचने के लिए फिलहाल तो संघर्ष कर रहा है और उसकी सफलता केवल अपने प्रदर्शन पर निर्भर नहीं है बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर भी है, मसलन, दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान टेस्ट श्रृंखला में क्या रिजल्ट निकलता है। वैसे भारत के फाइनल में पहुंचने की संभावना अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में खेल और खेलने के तरीके में कई अहम परिवर्तन हुए हैं, जिनमें खेल की सतह, पहनने योग्य गियर, उपकरण और प्राद्योगिकी में बदलाव शामिल हैं। एक बड़ा बदलाव कई खेलों में कृत्रिम खेल सतहों का उपयोग करना रहा है, जैसे कि सॉकर, फुटबॉल और फील्ड हॉकी। बहरहाल, 2025 में कुछ और प्रमुख परिवर्तनों की संभावना है। टेक्नोलॉजी का इस बदलाव में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पहनने योग्य टेक्नोलॉजी, एआई, परफॉरमेंस ट्रैकिंग, वीआर ट्रेनिंग आदि पर अधिक बल दिया जायेगा। उनके अनुसार महिला खेलों का जबरदस्त विकास होगा और व्यक्तिगत ट्रेनिंग पर अधिक बल दिया जायेगा। अनुमान यह है कि साल 2025 में गैर-परम्परागत स्पोर्ट्स को अधिक प्राथमिकता दी जायेगी और युवा पीढ़ी में ई-स्पोर्ट्स, टेक्नोलॉजी आधारित स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स अधिक जगह व ख्याति प्राप्त करेंगे। इनके प्रसारण के संदर्भ में स्पोर्ट्स मीडिया लैंडस्केप में भी नाटकीय परिवर्तन आयेगा। अभी भी परम्परागत मीडिया खुला दरवाजा है, लेकिन आने वाले समय में अधिक बल इस बात पर दिया जायेगा कि केवल उस कंटेंट के लिए पैसा दें जो आप देखना चाहते हैं। इसका अर्थ है कि परम्परागत टीवी की जगह स्ट्रीमिंग स्टैण्डर्ड हो जायेगी बल्कि काफी हद तक तो हो भी गई है। दर्शक खुद तय करेंगे कि वह क्या देखना चाहते हैं जिसमें कैमरा एंगल, डाटा, इंटरव्यू आदि सब शामिल हैं।

स्पोर्ट्स के लिए भी नेटफ्लिक्स जैसी व्यवस्था की उम्मीद करें और मीडिया अधिकारों के लिए कड़ा संघर्ष। यह भी उम्मीद करें कि खेल संघ, लीग व क्लब खुद प्रोडक्शन करेंगे या ब्रॉडकास्ट करेंगे। नये स्पोर्ट्स उभरेंगे जबकि परम्परागत स्पोर्ट्स धीरे धीरे इतिहास बन जायेंगे। यह हो सकता है कि व्यक्तिगत स्पोर्ट्स टीम स्पोर्ट्स की कीमत पर ग्रो करें। इसमें शक नहीं है कि खेल लैंडस्केप में बहुत बड़ा बदलाव होने जा रहा है। होम स्पोर्ट्स का महत्व बढ़ जायेगा। परम्परागत स्पोर्ट्स जो अपना फॉर्मेट नहीं बदल रहे हैं या आधुनिक पीढ़ी की जरूरतों के अनुसार टाइम एडजस्ट नहीं कर रहे हैं, वह अपने दर्शकों का हिस्सा खो सकते हैं। टेक्नोलॉजी और सामाजिक समन्वय पर अधिक फोकस किया जायेगा। नये स्पोर्ट्स जन्म लेंगे। वीआर, एआर और एआई टेक्नोलॉजी से पूर्णतः नये अवसर उत्पन्न होंगे। ई-गेम्स असल नये स्पोर्ट्स होंगे, ई-एथलीट्स वीआर गॉगल्स लगाकर मुकाबला करेंगे। टेक्नोलॉजी की वजह से बच्चे एक बार फिर स्पोर्ट्स में अधिक सक्रिय हो जायेंगे।

## आपकी बात

### गरीबों तक पहुंचायें विकास

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**मधुकर वर्मा, लखनऊ.**

### निवेश का माहौल

उत्तर प्रदेश में निवेश का जो माहौल बना है उससे आने वाले दिनों में विकास तेज होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। दरअसल अस्थिर और जातिवादी व साम्प्रदायिक राजनीति के कारण प्रगति के मामले में यूपी बहुत पीछे छूट गया था, लेकिन अब निवेश बढ़ने का जो सिलसिला शुरू हुआ है उससे यूपी के विकास को जरूर पंख लगेंगे। नब्बे के दशक में जब विषम आर्थिक परिस्थितियों और भुगतान संतुलन के गंभीर संकट के बीच आर्थिक सुधारों की दिशा में देश आगे बढ़ा तब उत्तर प्रदेश देश के साथ कदमताल नहीं कर सका। उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की धारा में गुजरात, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत के राज्य और दिल्ली-एनसीआर व हरियाणा तक तेजी से आगे बढ़े जिसके कारण यहां तेज औद्योगिक विकास हुआ और बड़े पैमाने पर अवसरों का सृजन हुआ जिसके कारण यहां के लोगों के जीवन में भी सुधार देखने मिला। उत्तर प्रदेश सियासी अस्थिरता के कारण करीब-करीब दो दशक पीछे छूट गया। नब्बे के दशक में निवेश और औद्योगिक विकास की जो धारा बही उसका लाभ उत्तर प्रदेश को नहीं मिला क्योंकि यहां सियासी अस्थिरता ओर भागीदारी वाली राजनीति के कारण किसी की दिलचस्पी विकास में नहीं थी, सबके सब प्रदेश में उपलब्ध संसाधनों, केन्द्र से मिले धन के बल पर अपनी सियासत चमका रहे थे। सरकारी नौकरियों, पदों और ठेको-पट्टों पर कब्जे के जरिया सियासी और व्यक्तिगत स्वार्थ साधने की राजनीति चरम पर थी। ऐसे दौर में प्रदेश के सियासी नेतृत्व में वह दृष्टि थी ही नहीं जिससे प्रदेश की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन अब माहौल बदला है।

**सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## सड़क पार कर रहे व्यक्ति से मारपीट केस दर्ज

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे में सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है ।मामले में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।शैलेन्द्र नाथ द्विवेदी पुत्र माता प्रसाद, निवासी ग्राम बतासपुर थाना अहिरौली, जनपद अंबेडकरनगर का कहना है कि वह फैजाबाद अयोध्या से अपने घर लौट रहे थे। शाम लगभग 5 बजे वह गोसाईगंज कस्बे में सब्जी लेने के लिए सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल आई जिसपर दो युवक सवार थे ।अचानक सामने आ गयी तो वह किसी तरह सड़क के दूसरी ओर कूदकर अपनी जान बचाई ।उसके बाद उसने बाइक सवार युवकों को तेज गति से वाहन न चलाने की सलाह दी। जिसके बाद जब वह सब्जी खरीदने लगे ।इसी बीच बाइक सवार युवक अपने घर से चार-पांच अन्य लोगों को बुला लाए और गाली-गलौज करते हुए उन्हें सड़क पर गिराकर लात-घूंसे से मारपीट करने लगे ।घटना के दौरान राहगीरों ने बीच-बचाव कर किसी तरह पीड़ित को बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# नववर्ष के पहले दिन अयोध्या में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

जिला संवाददाता



अयोध्या। नववर्ष 2026 की पहली सुबह रामनगरी अयोध्या में आस्था और श्रद्धा के रंग में रंगी नजर आई। साल के पहले दिन रामनगरी के प्रमुख मंदिरों राम मंदिर व हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ देखी गयी। सुबह से ही सरयू तट से लेकर मंदिर परिसरों तक ह्लजय श्रीरामह्ल और ह्लबजरंगबलीह्ल के

● सुबह से ही अयोध्या हनुमानगढ़ी व राममंदिर में दर्शन के लिए लग गयी लम्बी कतार

जयकारे गूंजते रहे। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं, वहीं राम मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के चरणों में माथा टेककर नए साल की मंगलकामना की। देश-विदेश से पहुंचे भक्तों ने परिवार के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की ।नववर्ष के जश्न में बाधा न आवे इसके लिए पुलिस चैकसी करती रही। सभी चैक, चैराहों, पार्क, होटल-रेस्टोरेंट व शराब की दुकानों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। आने जाने वालों की चेकिंग की गई ।दर्जनों लोगों को पुलिस ने बैठाए रखा। कई कपल्स को रोकर उनके संबंध में जानकारी ली गई, संदिग्ध लगने पर उनके परिवार के लोगों को फोन भी किया। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि नववर्ष को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पार्क, उद्यान व ऐतिहासिक स्थलों पर महिला व पुरुष पुलिसकर्मी व एंटी रोमियो स्कवॉयड की तैनाती की गई है। अपील की कि नववर्ष के जश्न में मयार्दा न खोए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैनात रहें। राम मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय लोगों का कहना है कि योगी सरकार के प्रयासों से यह सिलसिला जारी रहेगा। नए साल की शुरूआत आस्था के समंदर में गोते लगाकर करना यही नई पीढ़ी का नया अंदाज बन चुका है। यह बदलाव बताता है कि नई पीढ़ी अब भक्ति और आधुनिकता को एक साथ जी रही है। अयोध्या अब न सिर्फ धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि युवाओं के लिए ट्रेंडिंग डेस्टिनेशन बन चुकी है। जहां पहले वीकेंड पर पहाड़ों की ठंडक याद की जाती थी, वहीं अब गर्माहट युवाओं को खींच रही है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि इंतजामों के बीच श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा है।

## इंदिरा राय बनी जिला अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर

अयोध्या। जिला चिकित्सालय की प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर्स शोभा यादव सेवानिवृत्ति हो गयीं। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश सिंह के नेतृत्व में विदाई समारोह आयोजित किया गया। वही नर्सिंग ऑफिसर्स का पदभार इंदिरा राय ने ग्रहण किया। श्रीमती राय के पद भार संभालते ही




कर्मचारियों में खुशियों का दौरा शुरू हो गया उक्त सम्मान समारोह में अधीक्षक डॉक्टर अजय चैधरी, डॉ प्रशांत द्विवेदी, डा. नानक सरन, डॉक्टर शिशिर श्रीवास्तव, डॉक्टर आर पी राय, अस्पताल प्रबंधक राजेंद्र तिवारी, पूर्व नर्सिंग ऑफिसर्स प्रभा सिद्दीकी, निर्मला यादव, स्टाफ नर्स सुनीता वर्मा, ममता मिश्रा , दुबे, संजय गुप्ता, सर्वेश श्रीवास्तव, विजय वर्मा, उपेंद्र मणि तिवारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय पाठक आदि कर्मचारियों ने इंदिरा राय के नर्सिंग ऑफिसर्स बनने पर खुशियां जाहिर की है।

## जेल प्रीमियर लीग का डीआईजी अयोध्या शैलेन्द्र कुमार मैत्रेय ने किया शुभारंभ



बाराबंकी। जिला कारागार में पुरूष बन्दियो के मध्य क्रिकेट टूॅनार्मेन्ट जेल प्रीमियर लीग का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डी0आई0जी अयोध्या परिक्षेत्र शैलेन्द्र कुमार मैत्रेय ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बैरक सं0 11, 12 एवं बैरक सं0-9, 10 बन्दियों की टीम के बीच खेला गया। जिसमे बैरक सं0-11, 12 की टीम ने जीत हासिल की। जिसके बाद मुख्य अतिथि डीआईजी श्री मैत्रेय विजेता टीम व उप विजेता टीम को बधाई देते हुए ट्राफी, मैन आफ द मैच, मैन आफ द सीरीज सहित टीम के सभी बन्दियों को पुरस्कार वितरित किया। तथा साथ ही गरीब असहाय बन्दियों को कम्बल वितरित किया। इस मौके पर डीआईजी ने कहा कि बन्दियों को मानसिक तनाव से दूर रखने व आपसी प्रेम भावना को बनाये रखने हेतु समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम को कराते रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुन्दन कुमार, प्रभारी जेलर रंजू शुक्ला, डिप्टी जेलर श्यामा चरण, अनिल कुमार, श्रीमती कुसुम, विद्युतकार कुलदीप कुमार दास मौजूद रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्ययोजना का शुभारंभ

बाराबंकी। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बाल विवाह की रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु 1 जनवरी 2026 से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्ययोजना प्रारम्भ की गई। अभियान के अंतर्गत ग्राम सभाएँ, स्कूल-कॉलेज कार्यक्रम, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, विधिक शिविर एवं संभावित बाल विवाह की पहचान कर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। जनपद प्रशासन, पुलिस, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। बाल विवाह मुक्त भारत के लिए कार्ययोजन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह को भी प्रेषित कर योजना के क्रियान्वयन हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। इस अभियान का साप्ताहिक रिपोर्ट उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जनपद को बाल विवाह से मुक्त कराना है।

## इमरजेंसी सेवओं को मजबूत बनाने के लिए 10 पीआरवी वाहन आवंटित




बहराइच । इमरजेंसी सेवाओं को मजबूत बनाने हेतु 10 पीआरवी वाहन जनपद बहराइच के पुलिस थानों को आवंटित *बहराइच में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों को त्वरित इमरजेंसी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आज दिनाँक 01.01.2026 को नववर्ष के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा विभिन्न पुलिस थानों को आवंटित किए गए 10 आधुनिक पुलिस रिस्पॉन्स वाहन (पीआरवी) को पुलिस लाइन बहराइच से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह कदम जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा और अपराधों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीपीएस सिस्टम से लैस यह वाहन जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों (थाना को0नगर, थाना को0देहात, थाना रिसिया, थाना फखरपुर, थाना को0नानपारा, थाना खैरीघाट, थाना हरदी, थाना मोतीपुर, थाना जरवल रोड, थाना रामगांव) में तैनात किए जा रहे हैं, जो 112 इमरजेंसी हेल्पलाइन पर प्राप्त कॉल्स पर मात्र कुछ मिनटों में घटनास्थल पर पहुंचेंगे। विशेष रूप से ग्रामीण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में यह व्यवस्था महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों तथा यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगी। दुर्घटना, चोरी, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं में तत्काल सहायता उपलब्ध होगी, जिससे जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत होगा। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि पीआरवी वाहनों की तैनाती से हमारा लक्ष्य है कि कोई भी इमरजेंसी कॉल अनुत्तरित न रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि संदिग्ध गतिविधियों एवं आपातकाल की स्थिति में सूचना तुरंत 112 पर दें ताकि तत्काल उन्हें पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जनपद बहराइच पुलिस जनता की सुरक्षा के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी डायल-112 समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीग उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवक घायल



बहराइच । जिले के रामगांव इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है ।जहां पर एक युवक की हालत गंभीर बनी है । राघवजोत ग्राम के रहने वाले अनुपम के पिता की रामचंद्र की तीन दिन पहले बीमारी से मौत हो गई थी गुरुवार को उनका तीजा था , जिसके लिए अनुपम अपने मामा बलराम के साथ बाइक से पंडित को बुलाने जा रहे थे । तभी एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां पर बलराम की हालत गंभीर बनी हुई है ।रामगांव थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# जब नवधा भक्ति किसी के जीवन में आती है तो भगवान को आना ही पड़ता है: इंद्रेश कौशिक

अयोध्या। अमौना पूरे महावीर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण की तृतीय दिवस की कथा में कामाख्या धाम से पधारे इंद्रेश कौशिक महाराज ने वट सावित्री व्रत जिसमें पतिव्रता स्त्री की महिमा बताई इंद्रेश कौशिक महाराज ने सृष्टि का वर्णन शुकदेव जी परीक्षित जी का मिलन एवं सृष्टि का विस्तार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मनु शतरूपा से हमारी सृष्टि हुई है। हम सभी को मनुष्य क्यों कहते हैं? क्योंकि हम सभी मनु महाराज की संतान हैं। इसलिए हम सभी को मनुष्य कहा जाता है। आगे मनु जी की तीन कन्याएं आकूती, देवहूती, प्रसूती दो पुत्र प्रियव्रत और उत्तानपाद के बारे में बताया गया। देवहूति का विवाह ऋषि कर्दम जी के साथ हुआ। कर्दम जी के नौ कन्याएं हुई और दसमे नंबर पर भगवान स्वयं कपिल जी के रूप में आई। नो कन्याएं नवधा भक्ति हैं और जब नवधा भक्ति किसी के जीवन में आती हैं तो फिर बाद में भगवान को आना ही पड़ता है ।आगे ध्रुव जी की कथा सुनाते हुए कहा ध्रुव जी एक दिन अपने पिता की गोदी में बैठने जा रहे थे, तभी उनकी मौसी ने यह कहकर निकाला कि अगर तुझे राज गद्दी पर बैठना है, तो पहले भगवान की तपस्या कर और भगवान से वरदान मांग कि मेरे गर्भ से जन्म ले फिर तुझे यह राज गद्दी मिलेगी ।ध्रुव रोते-रोते मां के पास आए और कहा की मां मौसी ने मुझे डांटा मां ने समझाया की बेटा मौसी ने सही ही तो कहा है यदि तू भगवान को पा लेगा तो ऐसी गद्दी और गोदी तेरे आगे पीछे रहेंगी। ध्रुव जी जाते हैं और भगवान को प्राप्त करते हैं इससे शिक्षा यह मिलती है कि अगर कोई हमसे उल्टा भी कुछ कहे पर उसे जो ज्ञानी व्यक्ति होता है।



वह उसी बात को बुरे तरीके से ना लेकर के अच्छा समझ करके अच्छी दिशा में मोड़ देते हैं। जैसे ध्रुव कि मां ने ध्रुव जी को भड़काया नहीं की मौसी ने गलत कहा जबकि कहा कि बेटा तेरी मौसी ने सही ही तो कहा है। मौसी को प्रणाम कर के और तपस्या के लिए जाओ। इससे शिक्षा मिलती है कि हमें बुराई में भी अच्छाइयां देख लेनी चाहिए ।इस अवसर पर शास्त्री अभय ,आचार्य विवेक मिश्रा,माधव प्रसाद पाठक,श्रीमती कमला देवी,उमराव लाल मिश्रा,अखिलेश मिश्रा,प्रकाश मिश्रा,श्रीमती राजेश्वरी मिश्रा,वंदना मिश्रा,धर्मेन्द्र कुमार पाठक,ज्ञानेंद्र पाठक,आशीष पांडेय,पंकज मिश्रा,शिवा तिवारी,भरतकुंड के महंत परमात्मा दास ,बब्बन पांडे,आशीष पांडेय,शिवा मिश्रा,अमित पांडेय,ग्रामसभा के गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु और आयोजक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एसपी कार्यालय के प्रधान लिपिक को मिली पदोन्नति

बहराइच । उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक सेवा नियमावली-2015 में निहित निदेर्शों के अन्तर्गत पात्र एवं उपयुक्तों को ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा पदोन्नति देते हुये जनपद बहराइच में पुलिस



अधीक्षक कार्यालय में प्रधान लिपिक के पद पर नियुक्त उपनिरीक्षक(लिपिक) श्री पंकज कुमार चौबे को निरीक्षक(लिपिक) के पद पर पदोन्नत किया गया ।इस अवसर पर *पुलिस अधीक्षक* द्वारा स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी । इस अवसर पर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा के साथ-साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण द्वारा शुभकामनाएं दी गई ।

# एसबीआई के बैंक मैनेजर ने सरयू में कूदकर दी जान

जिला संवाददाता

अयोध्या। एसबीआई ब्रांच मैनेजर ने सरयू नदी में कूदकर जान दे दी। वह दोपहर 12 बजे पुल पर पहुंचे। वहां से पत्नी को लास्ट लोकेशन भेजी। इसके बाद पीठ पर लदा बैग बिना उतारे वह कूद गए। दिन का वक्त होने के चलते पुल पर भीड़भाड़ थी। लोगों ने उन्हें कूदते देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी।

● पीठ से बैग तक नहीं उतारा, पत्नी को भेजी लास्ट लोकेशन

पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। रात करीब 8 बजे मैनेजर का शव मिला। बैग में मिले कागजों से उनकी शिनाख्त राम बाबू सोनी (38) के रूप में हुई। पुलिस ने रात को परिवार को जानकारी दी। राम बाबू सोनी गोंडा जिले के मनकापुर के रहने वाले थे। वह बहराइच में एसबीआई ब्रांच में तैनात थे। बैंक मैनेजर ने सुसाइड क्यों किया? वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

अयोध्या कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह ने कहा- 31 दिसंबर को रामबाबू बैंक नहीं गए थे। वह सुबह घर से दवा लेने के लिए अयोध्या बाइपास के लिए निकले थे। दोपहर 12 बजे गोरखपुर हाईवे पर सरयू



पर बने पुल के पास पहुंचे। वहां उन्होंने मां शोभा देवी से फोन पर बात की। फिर पत्नी को लास्ट लोकेशन भेज दी। इसके बाद फोन स्विच ऑफ करके नदी में कूद गए।

छोटे भाई ओम बाबू ने बताया- राम बाबू को सिरदर्द रहता था। वह दवा भी खाते थे। बुधवार को घर से दवा लेने की बात कहकर निकले थे। रास्ते में उन्होंने घरवालों से बात की। उसका बाद फोन ऑफ हो गया। रात में पुलिस से फोन पर उनके सुसाइड की जानकारी दी। राम बाबू की 2011 में सिद्धार्थ नगर जिले के बांसी में रहने वाली ऐश्वर्या लक्ष्मी से शादी हुई थी। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी ओजस्वी 13 साल जबकि छोटी बेटी अन्वी 10 साल की है। पत्नी हाउस हैं। 15 दिन पहले यानी 15 दिसंबर को परिवार के साथ जन्मदिन मनाया था। पिता विश्वनाथ सोनी की 2001 में मौत हो गई थी। 25 दिन पहले ही बहराइच ट्रांसफर हुआ था भाई ने बताया राम बाबू की पहले असम एसबीआई में फील्ड अफसर की पोसि्ंटग थी। उसके बाद यूपी में ट्रांसफर करा लिया था। पहले बस्ती में आरबीओ थे। 25 दिन पहले ही बहराइच में ट्रांसफर हुआ था। पुलिस के मुताबिक- राम बाबू जब पुल से सरयू में कूदे तो उनकी पीठ पर बैग था। जूते पहने हुए थे। बैग से मोबाइल फोन दवाएं और कागजात मिले हैं। हालांकि, अब तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस 2 एंगल पर जांच कर रही है। जिसमें राम बाबू को सिर दर्द की बीमारी थी। उसका इलाज चल रहा था। पुलिस को शंका है कि वह बीमारी से परेशान हो गए थे। या कुछ ऐसा डॉक्टरों ने बता दिया था जिससे वह टूट गए और डिप्रेशन में जाकर सुसाइड कर लिया। या परिवार में किसी से कोई विवाद एंगल पर भी जांच की जा रही है। राम बाबू ने पत्नी को लास्ट लोकेशन भेजी। इससे पहले मां से बात की थी। ऐसी कोई और वजह नहीं दिख रही है जिस कारण वह सुसाइड करें।

## मिशन शक्ति टीम ने लंबित विवेचनाओं के निष्पादन में सराहनीय कार्य किए



बहराइच। बहराइच पुलिस द्वारा वर्ष 2025 के दौरान अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था एवं जनता की सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ जनपद बहराइच में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध संचालित विशेष अभियान, मिशन शक्ति व साइबर जनजागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए लंबित विवेचनाओं के निष्पादन में पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। अभियानों के माध्यम से जनपद में अपराधियों के मनोबल को तोड़ते हुए आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया। कानून-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास वर्ष भर में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक आयोजनों, पर्वों एवं त्यौहारों के अवसर पर व्यापक पुलिस प्रबंध कर कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण व निर्विघ्न सम्पन्न कराया गया। सीमा क्षेत्रीय जनपद होने के कारण अंतरराज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए गश्त, चेकिंग एवं इंटेलिजेंस संकलन को और अधिक मजबूत किया गया ।1. एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुल 84 अभियोग पंजीकृत करते हुये 101 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये व इस दौरान 27.039 किलोग्राम चरस, 4.699 किलोग्राम स्मैक, 58.111 किलोग्राम गांजा, 21.469 किलोग्राम भांग व 51,905 नशीली गोलियाँ बरामद की गईं ।2. आबकारी अधिनियम के तहत 490 अभियोग पंजीकृत करते हुये 517 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई जबकि इस दौरान 10 आबकारी कारखाने व 6,089 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई ।3. जनपद में गुण्डा एक्ट के तहत 138 अभियोग पंजीकृत करते हुये 04 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई ।4. रासुका के तहत 13 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई ।5. गैंगेस्टर अधिनियम के तहत 09 प्रकरणों में कुल 32 व्यक्तियों के विरुद्ध गैंगेस्टर अधिनियम की कार्यवाही की गई जिसमें 01 प्रकरण में 9,31,500 रुपये की सम्पत्ति जब्त की गई ।6. गोवध अधिनियम के 11 प्रकरणों में 43 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 06 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई तथा 01 प्रकरण में 9,31,500 रुपये की सम्पत्ति जब्त की गई।

# डीएम और एसपी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारंभ

बाराबंकी। देश में हर दिन सैकड़ों सड़क हादसे होते हैं। इन हादसों में हर साल हजारों लोग जान गंवाते हैं। इन्हीं हादसों को रोकने के लिए सरकार ने सड़क पर वाहन चलाने को लेकर कई नियम बनाए हैं। सड़क पर किसी भी तरह के वाहन चलाने वाले व्यक्ति को इन नियमों का पालन करना जरूरी है। सड़क सुरक्षा नियम मानें, सुरक्षित लौटे। यही असली समझदारी है। उक्त विचार कलेक्टेज्ट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ करते हुये जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित यात्रा किये जाने की शपथ दिलाने के पश्चात व्यक्त किये। इसके पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रुप से बाइक जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जोकि शहर के विभिन्न मार्गो पटेल तिराहा, बस अड्डा, कंपनीबाग चैराहा, छाया चैराहा, नेवलेट तिराहा, लैया मंडी, धनोखर चैराहा, खोया मंडी,



नाका सतरिख चैराहा होते हुए रामनगर तिराहा पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दूसरों की सुरक्षा उतनी ही जरूरी जितनी आपकी अपनी है। सड़क पर चलने वाला हर वाहन, हर इंसान किसी परिवार की उम्मीद होता है। सड़क दुर्घटनाओं तथा उनसे होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए परिवहन व यातायात विभाग अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने आमजन को जागरुक करते हुये कहा कि वाहनों का संचालन करते समय अनिवार्य रूप से सीटबेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें। तेज गति से वाहन न चलाएं। युवा किसी प्रकार के स्टंट करने से बचें। तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें। इस अवसर पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाठक, मुख्य चिकित्साधिकारी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, रेड्क्रास सोसाइटी चैयरमैन शैलेन्द्र सिंह, ट्रक ट्रासंपोर्ट यूनियन अध्यक्ष अधिवक्ता अंगद वर्मा, स्काउट गाइड मास्टर राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# नेत्र आपरेशन के बाद मरीजों का डॉक्टरों की टीम ने किया चेकअप

बाराबंकी। श्रीराम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम में प्रदेश के 10 जिलो के सभी जाति-धर्म के गरीब रोगी नारायन अपनी नेत्र मोतियाबिन्द आपरेशन कराने स्वामी रामदास जी महाराज स्मृति चिकित्सालय धर्मार्थ पहुँचे। जंहा रोहतक हरियाणा से पधारे डॉ0 रमेश हुड्डा व डॉ0 उम्मेद सिंह खत्री ने ओ0पी0डी की। सभी आपरेशन डॉ0 जैकब प्रभाकर जालंधर की टीम ने किये। आश्रम सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि आश्रम आया हुआ कोई भी व्यक्ति भूखा न सोये जिसके लिये श्रीराम वन कुटीर ट्रस्ट समिति की ओर से आपरेशन, भोजन, आवास की व्यवस्था निःशुल्क एंव मरीजो के परिजनों के लिए अस्पताल



● हड़ियाकोल आश्रम में मरीजों के लिए ऑपरेशन, भोजन, आवास की व्यवस्था निःशुल्क

की कैण्टीन बनी हुई है। जोकि 30 वर्षो से रावत सर जिला हनुमानगढ़ राजस्थान तथा सिलीगुड़ी आसाम के सत्संगी जन राजेन्द्र विहानी, राजू पेड़ीवाल का परिवार कैण्टीन का संचालन कर रहे हैं।

जिसमे खाने-पीने का हर सामान मरीजों के परिजनों को आधे दाम पर देते हैं। 10 रुपए में 4 पूड़ी सब्जी, 5 रुपए में चाय, मिनरल वाटर बड़ी बोतल 10 रुपए, ब्रेड बिस्कुट खरीद से आधे रेट पर उपलब्ध कराते है। शिविर में भामाशाह अपनी ओर से कैण्टीन में आकर खाने-पीने का सामान निःशुल्क वितरित, राजेन्द्र विहानी के बेटे अतुल विहानी अपनी टीम सदस्यों मदन नाई, पवन सुतार, मदन बिश्नोई, विकास छिनपा, मांगीलाल, भागीरथ, निखिल खुराना दिल्ली के साथ कैण्टीन सम्भाल रहे हैं। सभी मरीजों की शुगर, ब्लड प्रेशर, पैथॉलाजी जाँचे हिन्द मेडिकल कालेज सफेदाबाद के पंकज शर्मा, मोहित प्रजापति, अनुज कुमार, नारायन कर रहे हैं।

वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी टी0एन0 वर्मा, अरविन्द कुमार के साथ शिविर की जाँच करने पहुँचे। प्राइवेट डॉक्टर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ0 महावीर जैन, डॉ0 रेहान जहीर, डॉ0 वीरेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ0 शशि के साथ अस्पताल पहुँच ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवानदास, शंकर लाल सोमानी, राम किशन राठी, व्यवस्थापक शिव कुमार निगम, डॉ0 रमेश हुड्डा, बाबा शिवबरनदास, प्रेम वर्मा को शॉल भेंटकर सम्मानित किया।

## डीएम व एसपी के हाथों जरूरतमंदों को मिली कम्बल की सौगात



बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के साथ कलेक्ट्रेट जनता दर्शन में आये हुए दिव्यांगजन, निराश्रित, असहाय व जरूरतमंद गरीब बुजुर्गो को के साथ 50 अदद कम्बल का वितरण किया।

संक्षेप

## युवती से छेड़छाड़ के आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** शौच के लिए गई युवती से छेड़छाड़ के आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज, पुलिस छानबीन में जुटी। चंदापुर थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही युवक चन्नू के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की शाम करीब साढ़े सात बजे व गांव स्थित नहरिया के पास शौच के लिए गई थी। तभी पहले से ही घात लगाए बैठा गांव का युवक चन्नू उसके साथ छेड़खानी करने लगा ।शोर मचाते हुए युवती किसी तरह वहां भागकर घर पहुंची तो घरवालों को घटना की जानकारी दी।घरवाले आरोपित के घर शिकायत करने गए तो उनके साथ आरोपी युवक ने मारपीट शुरू कर दी। मामले में चंदापुर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है कार्यवाही की जाएगी।

## सोलर पैनल तोड़ने के मामले में दो के विरुद्ध केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बरवलिया गांव निवासी सुधीर कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वे सोलर पैनल से चलने वाली आटा चक्की लगाए हुए हैं। वही चक्की के बगल के घर में रहने वाले दो भाई उदयराज व उदयभान भी बिजली से चलने वाली आटा चक्की लगाए हैं। रंजिशन उन्होंने उनकी सोलर पैनल में ईंट मारकर तोड़ दिया है। मना करने पर गाली गलौज व मारपीट पर अमादा हो गए हैं। ऐलानिया धमकी देते हुए कहा कि पुलिस से शिकायत करोगे तो जान से मार देंगे। सुधीर कुमार की तहरीर पर पुलिस ने उदयराज व उदयभान के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एम्स रायबरेली ब्लड सेंटर को मिली 'नाभ' मान्यता

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली के रक्त केंद्र (ब्लड बैंक) को ब्लड बैंकिंग और ट्रांसफ्यूजन सेवाओं में राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ह्यनाभह्य द्वारा मान्यता दी गई है। कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन ने टीम को बधाई दी और कहा कि यह मान्यता संस्थान की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डीन (एकेडमिक्स) और पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज कुमारी ने क्लिनिकल सेवाओं और एकेडमिक ट्रेनिंग को मजबूत करने में इसके महत्व पर जोर दिया। रक्त बैंक की प्रभारी डॉ. अरुणप्रीत कौर ने इस उपलब्धि का श्रेय टीम वर्क और लगातार गुणवत्तापूर्ण प्रयासों को दिया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ज्ञानेश्वर पटाले, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तृप्ति लोखंडे और एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने भी क्लिनिकल और प्रशासनिक टीमों के समन्वित प्रयासों की सराहना की।

## सरस्वती पूजन के लिए पंजीकरण शुरू

**रायबरेली।** नववर्ष के शुभ अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में सत्र 2026-27 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारम्भ माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा के साथ सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# 1100 जरूरतमंदों को कंबल बांटे

● सेउर चमुरखा में हुआ वितरण



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** सेउर चमुरखा गांव में समाजसेवी स्व. श्याम बहादुर सिंह की पुण्य स्मृति में नववर्ष के पहले दिन गुरुवार को एक सराहनीय सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह सोनू के निज निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 1100 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड के बीच कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सदर बिधायक राज प्रसाद उपाध्याय व ब्लॉक प्रमुख कूरेभार नवनीत सिंह ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कार्यक्रम में बिशिष्ट अतिथि के रूप में पहुँचे सदर विधायक राज बाबू उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की यह पहल बहुत ही अच्छी है। आयोजक ग्राम प्रधान के कार्यो की सराहना करते हुए ग्राम सभा के विकास के लिए हमेशा सहयोग का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि के रूप में कूरेभार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कंबल वितरण जैसे सामाजिक कार्य को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह सोनू की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि ही जनता के सच्चे सेवक होते हैं, जो हर परिस्थिति में लोगों के हित में खड़े रहते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने की प्रक्रिया पूरे अनुशासन और सम्मान के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम स्थल पर सहयोग और सेवा का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह सोनू ने उपस्थित सभी अतिथियों, ग्रामीणों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवा की प्रेरणा उन्हें अपने पूज्य पिता स्वर्गीय श्याम बहादुर सिंह से मिली है, जिनके आदर्शों पर चलकर वह लगातार ऐसे सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि समाजसेवा और जनता के सुख-दुख में सहभागिता का यह क्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बम बहादुर, अशोक सिंह, अजय कुमार सिंह, बिनोद पांडेय, रानू सिंह, मनोज सिंह, राम कृष्ण पांडेय, गंगा राम प्रजापति, महेश चौबे, राम उजागिर तिवारी, राम बहादुर सिंह, शशिकांत श्रीवास्तव, राम हेत पाल, शेष नारायण पांडेय, बिबेका नंद, अरविंद गुरुजी, बीरेंद्र गुरुजी सहित सैकड़ों संभ्रांतजन और हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

### जद लोकतांत्रिक का कंबल वितरण समारोह आयोजित

**सुलतानपुर।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक सुलतानपुर के सौजन्य से नव वर्ष के अवसर पर 1 जनवरी 2026 (गुरुवार) को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना रहा।

समारोह में पार्टी के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकताओं की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में पार्टी के प्रदेश उप सचिव बॉबी सिंह की अगुवाई में प्रभाकर तिवारी, आलोक सिंह, आशीष सिंह सहित स्थानीय पदाधिकारियों और सहयोगियों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, जिससे लोगों में खुशी देखी गई। आयोजक बॉबी सिंह ने बताया कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने के संकल्प के साथ ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम लगातार करता रहेगा। ठंड के मौसम में क्षेत्र में जरूरतमन्दों, अस्पतालों, वृद्धाश्रम में कंबल वितरण कराया गया। इस पहल से जरूरतमंदों को राहत मिलती है और सामाजिक सरोकार मजबूत होते हैं।



## श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** बहाउद्दीनपुर गांव फुरसतगंज बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कथा के शुभारंभ अवसर पर 51 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कलश यात्रा का माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहा, हर ओर जयघोष और भक्ति संगीत की गूंज सुनाई देती रही। कलश यात्रा में बहाउद्दीनपुर, गोरेगांव, इमलिया, तिवारीपुर, नोखेपुर, राहिलपारा, बनपुरवा व बेलहरी गांवों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा की शुरूआत फुरसतगंज बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर कथा स्थल से हुई, जो पवन धाम तिवारीपुर मंदिर तक निकाली गई। डीजे पर बज रही भक्ति धुनों पर श्रद्धालु अनुशासनबद्ध तरीके से कतार में चलते हुए नजर आए। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर आज के मुख्य यजमान जेपी सिंह अपनी पत्नी के साथ तथा पिंकू सिंह अपनी पत्नी के साथ विधि-विधान से पूजन में सम्मिलित हुए। कलश यात्रा संपन्न होने के बाद भव्य पंडाल में अपराह्न 03:00 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

## राम बारात और शोभायात्रा में उमड़ा जन मानस



**तिलोई, अमेठी।** कस्बा सेमरौता में बुधवार को श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर भव्य राम बारात व शोभायात्रा में जन मानस उमड़ पड़ा। शोभायात्रा कस्बा सेमरौता के रामगंज चौराहे से प्रारंभ हुई और पूरे गांव के साथ गांव में स्थित मंदिरों में अभिषेक करती हुई देर शाम श्रीराम चबूतरे पर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह पर ग्रामीणों द्वारा अपने द्वार पर कलश और आरती की थाली सजाकर स्वागत किया गया।कस्बे के श्यामगंज चौराहे पर प्रसाद विरतण किया गया। शोभायात्रा यात्रा में रथ, डी जे के साथ भक्तों ने पूरे क्षेत्र को जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान कर दिया।शोभायात्रा में गंगापुर कूटी खेखरुआ के महंत राम बचन दास जी महाराज, अवनींद्र प्रताप सिंह, लल्लू बाबू जी, सज्जन अवस्थी अरुण मिश्रा, दयानंद मिश्र, संजय अवस्थी, बद्री नारायण मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शोभायात्रा के समापन पर ग्राम प्रधान ने कहा कि सनातन धर्म के लिए यह गौरव पूर्ण क्षण है, जिसका इंतजार हमारी कई पीढ़ियों को था, जो अब जाकर साकार हुआ है।चौकी प्रभारी सेमरौता कुंवर सिंह पूरे दल बल के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे।बैजनाथ अग्निहोत्री, रवि सैनी, अभिषेक अग्निहोत्री हिमांशु अवस्थी, राकेश सैनी, चंदन मिश्रा, धुन्नु मिश्रा, भोला लालू अंकित सक्षम शैलेंद्र सैनी, शम्मू सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए तन मन धन से लगे रहे।

## शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए एसपी ने थाने में किया बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**अमेठी।** थाना क्षेत्र में लगातार मिल रही अपराध संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक ने संग्रामपुर थाने की कमान में बदलाव किया है। मौजूदा प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह को संग्रामपुर थाने से हटाकर रिट सेल का प्रभारी बनाया गया है। वहीं जनपद की रामगंज चौकी में तैनात अपनी तेजतर्रार कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले सब इंस्पेक्टर संजय सिंह को अब संग्रामपुर थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक के इस फैसले को थाना स्तर पर कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने, बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। प्रशासनिक हलकों में इस बदलाव को सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## साल के अंतिम दिन अमेठी के विवादित ड्रग इंस्पेक्टर निलंबित

**अमेठी।** जनपद में कोडीन कफ सिरप से जुड़े प्रकरण में शासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ड्रग इंस्पेक्टर (औषधि निरीक्षक) कमलेश मिश्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा आयुक्त की रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिससे स्वास्थ्य एवं औषधि विभाग में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार, बीते 22 दिसंबर को कोडीन कफ सिरप से संबंधित एक मामले में ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्र ने अनधिकृत रूप से मीडिया के समक्ष बयान दिया था। शासनादेश के अनुसार, कोडीन कफ सिरप जैसे संवेदनशील मामलों में केवल अधिकृत अधिकारी को ही मीडिया से बात करने का अधिकार है।इसके बावजूद कमलेश मिश्र द्वारा दिए गए बयान की समीक्षा शासन स्तर पर की गई, जिसमें यह पाया गया कि उनका बयान शासन की मंशा व नीति के विपरीत था। शासन ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की। निलंबन अवधि के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे मामले से जुड़े सभी तथ्यों, दस्तावेजों और परिस्थितियों की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उधर, जिलाधिकारी अमेठी संजय चौहान ने ड्रग इंस्पेक्टर के निलंबन की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्र इससे पूर्व भी विवादों में रहे हैं। लगभग चार माह पूर्व मुंशीगंज कोतवाली प्रभारी शिवकांत त्रिपाठी एवं अन्य पुलिस कर्मियों के साथ उनकी हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन पर नशे की हालत में होने के आरोप लगे थे। उस मामले की जांच रिपोर्ट भी शासन को भेजी जा चुकी है, जो फिलहाल विचाराधीन बताई जा रही है।

## 28 लाख की लागत से बन रही 600 मीटर सड़क का विधायक ने किया लोकार्पण



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के अठैसी बेरुका गांव में नवनिर्मित सड़क का गुरुवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने विधिवत लोकार्पण किया। छह सौ मीटर लंबी सड़क का निर्माण 28 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार गांव, गरीब और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निरंतर विकास कार्य करा रही है। सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है और आगे भी विकास की गति इसी तरह जारी रहेगी। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार जताया और कहा कि वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हुई है। कार्यक्रम के दौरान मोतिगरपुर ब्लॉक प्रमुख चन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता रत्नेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामजीत पाल, एडवोकेट ओपी शुक्ला, सर्वेश पांडेय, प्रमोद पांडेय, ऋषि शुक्ला व ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने नववर्ष पर हनुमान मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की

जिला संवाददाता (vol)



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर व एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने नववर्ष के अवसर पर खाली सहाट स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात वंदन योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा हनुमान मंदिर में अवस्थापना सुविधा के कराये गये कार्यों का निरीक्षण किया। मन्दिर परिसर में लगभग 50 लाख की लागत से अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय लोगों से वार्ता की गयी। लगभग 200 वर्ष पूर्व मंदिर की स्थापना की गयी थी। वर्ष दर वर्ष मन्दिर प्रांगण में रामलीला, रावण दहन, भागवत कथाओं का आयोजन आदि कार्यक्रम भी सम्पादित किये जाने लगे। इस कार्यक्रमों के चलते मन्दिर की लोक प्रियता बढती चली गयी, जिसके कारण श्रद्धालुओं की संस्था अत्यधिक बढ गयी, श्रद्धालुओं की बढ़ती संस्था के दृष्टिगत रखते हुए मन्दिर का चयन वंदन योजना के तहत किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल भी वितरित किये गये। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**डीएम-एसपी ने वृद्धजनों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं :** डीएम हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने नववर्ष के शुभ अवसर पर आईटीआई वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान वृद्धजनों को साल भेंट कर सम्मानित किया गया और उन्हें फल वितरित किये गये। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## नव वर्ष में 50 हजार श्रद्धालु पहुंचे बाबा बालेश्वर धाम



**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र में ओम शिव शक्ति मानव सेवा समिति द्वारा बाबा बाल्हेश्वर की 18वीं विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा हर वर्ष आयोजित की जाती है और इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं ।इस बार मौसम साफ होने के चलते बाबा भोले शंकर के भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।लगभग 50 हजार भक्त पदयात्रा में शामिल हुए। प्रातः काल सराफा मंडी स्थित श्री पंचमुखेश्वर शिव मंदिर से पूजा पाठ के बाद यात्रा प्रारंभ हुई और ढोल नगाड़ों ,डीजे के साथ पदयात्रा बाबा बाल्हेश्वर मंदिर पहुंची जहां भोले शंकर के दर्शन उपरांत लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पंडित झिलमिल जी महाराज ने बताया कि बाबा बाल्हेश्वर मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है और इसका पौराणिक महत्व है। मंदिर के गुंबद पर लगा त्रिशूल सूर्य की गति के सापेक्ष परिवर्तित होता रहता है। मंदिर परिसर में एक सरोवर भी है, जिसमें सब तीर्थों का जल समेटा हुआ है ।पदयात्रा के दौरान भक्तों ने बाबा बाल्हेश्वर के दर्शन किए और उनकी पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरित किया गया। पदयात्रा का समापन मंदिर परिसर में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने बाबा बाल्हेश्वर की जयकार की ।पदयात्रा की अगुवाई सेवा समिति के अध्यक्ष रविंद्र मुरारका, सारंग पाणि त्रिवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता अनूपपांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश ,मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, भाजपा सभासद कैलाश बाजपेई, व्यापार मंडल महामंत्री शिवम गुप्ता, अतुल त्रिपाठी, देवेशअग्निहोत्री, अर्पित गुप्ता, ब्रम्हेंद्र विक्रम सिंह, अजय बाबू पांडे, सुरेंद्र गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, मंटूबाजपेई, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, भीमदेव सिंह , महेश सोनी, नवीन साहू, अर्पित बाजपेई, प्रतीक शर्मा, पारुल गुप्ता ,रौनक भदौरिया, कृष्णा गुप्ता ,समर्थ गुप्ता, अभिषेक शर्मा, रामसेवक सौनी आदि हजारों लोग मौजूद रहे। लालगंज स्वर्णकार सभा ने स्टाल लगाकर लोगों को चाय और बिस्किट वितरित किय। रामसेवक सोनी ने लड्डू वितरित किया।

## कांग्रेस के उपाध्यक्ष ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**महराजगंज, रायबरेली।** भीषण ठंड के बीच नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को क्षेत्र के अन्दूपुर गांव में किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह द्वारा जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने गरीबों, वृद्धों, विधवा महिलाओं एवं पुरुषों को 100 कंबल वितरित किए। आपको बता दें कि, घने कोहरे और हाड़ कंपा देने वाली सर्दी के बीच कंबल



पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। ग्रामीणों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए रामकुमार सिंह को गरीबों का मसीहा बताया। इस अवसर पर रामकुमार सिंह ने बताया कि उनका लक्ष्य कुल 250 कंबल वितरित करने का है। गुरुवार को प्रथम चरण में 100 जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया है। यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना एक पुनीत कार्य है, जिसकी प्रेरणा उन्हें अपने पिता स्व राम सिंह से मिली है। उनके पिता ताजुद्दीनपुर ग्राम सभा के आजीवन प्रधान रहे और हमेशा जनता के सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए वे भी समाज सेवा में सक्रिय हैं। कार्यक्रम में विनोद सिंह, जयकरण सिंह, जय भद्र सिंह, जंगू यादव, जगन्नाथ लोध, करण सिंह, प्रवीण सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अंजनी सिंह, नर बहादुर सिंह, सोमनाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में गांव के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## डीएम ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण, महिला सशक्तीकरण से जुड़ी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा



**अमेठी।** डीएम संजय चौहान ने गुरुवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं व सेवाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपलब्ध आवास, भोजन, स्वास्थ्य, सुरक्षा, परामर्श एवं विधिक सहायता की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है, जहां उन्हें एक ही छत के नीचे त्वरित सहायता, संरक्षण एवं न्याय से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि यहां आने वाली प्रत्येक पीड़िता को संवेदनशीलता, सम्मान एवं पूर्ण गोपनीयता के साथ सहायता प्रदान की जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। डीएम ने कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन बच्चों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है, जिसके माध्यम से संकटग्रस्त बच्चों को तत्काल सहायता, संरक्षण एवं पुनर्वास उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि महिलाओं और बच्चों दोनों को प्रभावी सहायता मिल सके। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, डिप्टी कलेक्टर ,प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शुकुल बाजार हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

**शुकुल बाजार, अमेठी।** शुकुल बाजार क्षेत्र के रामकुमार स्मारक महाविद्यालय परिसर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में आस्था, संस्कार और संगठन की त्रिवेणी देखने को मिली। सम्मेलन में हजारों की संख्या में पहुंचे सनातन प्रेमियों ने एकजुट होकर सनातन धर्म की रक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। पूरा परिसर जय श्रीराम और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से गूंज उठा।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह सुरेश जी ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने कहा कि ह्लसनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक और सांस्कृतिक व्यवस्था है। हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है।ह्व उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संस्कार, सेवा और संगठन के माध्यम से समाज को सशक्त बनाएं।

## सर्दी से राहत दिलाने के लिए बांटे कम्बल



**रायबरेली।** क्षेत्र के किठाँवा गांव में ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल एवं शॉल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी प्रतिनिधि सुशील सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम और क्षेत्राधिकारी यदुवेन्द्र पाल सिंह ने स्वयं मौजूद रहकर गरीब, असहाय, विधवा एवं निर्बल व्यक्तियों को 250 कम्बल और 100 शॉल वितरित किए। अधिकारियों ने कहा कि सर्दी के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को बिना सहायता के नहीं छोड़ा जाएगा। सरकार की मंशा है कि ठंड से किसी गरीब की जान पर बन न आए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि गांव में कोई व्यक्ति सहायता से वंचित है तो उसकी जानकारी प्रशासन तक अवश्य पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान गांव के सम्मानितजन माधव सिंह, कुंवर सी.पी. सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव, मान सिंह, रिकू सिंह, शिव पूजन पंडित तथा बीडीसी सदस्य छेदीलाल यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलती है।

# डीएम-एसपी ने सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारम्भ



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर व डीएम डॉ. यशवीर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ किया।डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह चलाने का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह अभियान 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा, इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी।

एसपी ने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत हेलमेट और सीटबेल्ट पहनने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई जायेगी, सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को बताकर लोगों को जागरूक किया जायेगा, जिससे सड़क हादसों में कमी लायी जा सके। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी तथा यातायात के नियमों का पालन करने हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन द्वारा पूरे माह जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। इसी दौरान कार्यक्रम में राहवीर (गुड सेमेटेरियन) योजना के तहत जनपद के राकेश जायसवाल नि0 शंकर नगर मुराई बाग रायबरेली, अभिषेक कुमार चैधरी सीएचसी डलमऊ ऑफिस रायबरली, मो. सलमान खान सलोन रायबरेली, मो. सईद उसरैना रायबरेली, मनोज सिंह एआरटीओ ऑफिस रायबरेली, श्रीनिवास शुक्ला नारायण नगर गौरा बाजार रायबरेली एवं अखिलेश प्रताप सिंह शिवाजी नगर रायबरेली को पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

डीएम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सालय लाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु (राह-वीर योजना) में पूर्व में पुरस्कृत धनराशि 5000 से बढ़ाकर शासन द्वारा 25000 रुपए कर दिया गया है। दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सालय में लाने वाले व्यक्तियों को (गुड सेमेटेरियन) मानते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की कार्यवाही की जा रही है।

**सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले तीन बीएलओ को किया सम्मानित**

डीएम ने विधानसभा 177- बछरावां (अ.जा.) में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में सबसे पहले 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले तीन बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बीएलओ ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया था, जिसमें गुड्डी देवी प्रा.वि.अमावां को प्रथम, रिया तिवारी प्रा.वि.रामपुर मोहद्दीनपुर को द्वितीय एवं आरती वर्मा प्रा.वि. पलिया को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संक्षेप

## गैंगस्टर एक्ट के 2 वाँछित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के वाँछित 2 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया है। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को थाना रसूलपुर पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के वाँछित अभियुक्तगण इन्तजार पुत्र महफूज अली निवासी शीतल खां थाना रसूलपुर बौबी उर्फ शंहशाह पुत्र महफूज अली शब्बर निवासी गालिब नगर थाना रसूलपुर को गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## डेढ़ किलो अवैध गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना राया पुलिस एक तस्कर को 1 किलो 500 ग्राम अवैध गाँजा के साथ पकड़ा है। आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध/अपराधियों तथा नशीला पदार्थ की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चैकिंग हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी महावन के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना राया प्रभारी निरीक्षक रवि भूषण शर्मा थाना राया के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज दोपहर जयपुर बरेली हाइवे पर सुथरिया कट के नीचे थाना राया मथुरा थाना राया मथुरा थाना राया मथुरा से निर्भय पुत्र रामवीर निवासी ग्राम बिरहना को 1 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

## शहीदी दिवस पर निकली शौर्ययात्रा

**मथुरा।** पांडव सेना स्वाभिमान मंच ने शहीदी दिवस की याद में प्रतिवर्ष की भांति एक जनवरी को गांव दुधौला से मनसा देवी मंदिर जाजम पट्टी तक शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी रहे। जिन्होंने मंशादेवी मंदिर प्रांगण में चेताखेडा की रज नमन कर शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्य अतिथि किशन चैधरी का सामाजिक कार्यकताओं ने शॉल उढ़ाकर सम्मान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मानसा देवी कुल देवी और अनंगपाल के वंशजों का सम्मान कर भगवती माता कुन्ती वंशियों के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह खूंटेला, सुरेन्द्र आर्य, दीवान सिंह कुंतल, धूरेन्द्र शास्त्री,.सियाराम सरपंच, चतुर सिंह प्रधान दौलत प्रधान सहित पांडव सेना स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष अभिमन्यु सैना, जिलाध्यक्ष वीरचन्द पहलवान, सचिव रमेश शास्त्री, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह कुन्तल, इन्द्रजीत कुन्तल, प्रताप कुन्तल, नीरज कुन्तल आदि सहित सैकड़ों की संख्या में अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## भाकियू(हरपाल) ने की महापंचायत

**मथुरा।** थाना जमुनापर के गाँव सिहोरा भाकियू हरपाल गुट की महापंचायत हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चै. हरपाल सिंह(एड.) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करुआ सिंह लम्बरदार ने की तथा संचालन मथुरा के जिला अध्यक्ष शुभम शर्मा(एडवोकेट) ने किया। महापंचायत में किसानों की समस्यायों तथा अनेक क्षेत्रीय मुद्दों को उठाया और भारत के प्रधानमंत्री,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी मथुरा के नाम ज्ञापन दिया गया ज्ञापन नायब तहसीलदार बल्देव ने पंचायत में पहुंचकर हिस्सा लिया।

# ब्रज में आस्था व भव्यता से नव वर्ष का स्वागत

## मंदिरों में गूंजे जयकारे, वृन्दावन में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्री बांके बिहारी के दर्शन को पहुंचे लाखों भक्त

- जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने निरंतर भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** वर्ष 2026 की पहली भोर ब्रज मंडल में अटूट आस्था, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम लेकर आई। कान्हा की नगरी मथुरा- वृन्दावन की कुंज गलियों तक, नए साल का स्वागत ‌अतिथि देवो भवः‌ और ‌राधे-राधे‌ के उद्घोष के साथ हुआ। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के विशेष दिशा-निर्देशों के अनुरूप, जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ के लिए ऐसी चाक-चैबंद व्यवस्था की कि लाखों लोगों ने बिना किसी बाधा के इस पावन उत्सव को मनाया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने श्री बांके बिहारी जी मंदिर तथा आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण कर देखी श्रद्धालुओं हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाएं। यातायात को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा जगह जगह पर बैरियर एवं बैरिकेड लगाए गए। सभी प्रकार के गुप्त रास्तों पर पुलिस की तैनाती की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह जगह पर एम्बुलेंस तथा चिकित्सकों की टीम तैनात की गई। अग्निशमन विभाग द्वारा नियमित दूरी में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। वृंदावन में 2 जोनल तथा 7 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई तथा उनके साथी पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई।

**वृन्दावन में भक्ति की बयार :** आध्यात्मिक नगरी वृन्दावन में नव वर्ष का स्वागत शंखनाद और घंटे- घड़ियालों की गूंज के साथ हुआ। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर में श्रद्धालुओं को सुदृढ़ सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई आदि की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की गई। वृन्दावन के सप्त देवालयों श्री राधावल्लभ, श्री राधारमण और श्री राधा दामोदर मंदिर सहित अन्य मठ-आश्रमों में भोर से ही ‌जय श्री कृष्ण‌ और ‌राधे- राधे‌ के जयकारे गूँजने लगे।

### मथुरा और बरसाना में उमड़ा आस्था का सैलाब

मथुरा के द्वारिकाधीश मंदिर में राजाधिराज के दर्शन के लिए यमुना पूजन के बाद भक्तों की कतारें विश्राम घाट तक पहुँच गईं। वहीं, श्रीकृष्ण जन्मभूमि में सुरक्षा के कड़े घेरे के बीच तीनों प्रवेश द्वारों से भक्तों का सुगम प्रवेश सुनिश्चित किया गया। उधर, बरसाना की श्री लाडली जी (श्री राधा-रानी जी) के मंदिर में भोर से ही मधुर भजनों, मंजीरों की झंकार और ढोलक की थाप पर भक्त झूमते नजर आए। पूरे कस्बे में ‌राधा-राधा‌ की गूँज ने माहौल को पूरी तरह भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

### अभेद्य सुरक्षा: ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

लाखों की भीड़ के बीच शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस- प्रशासन द्वारा चप्पे- चप्पे पर नजर रखने के लिए आधुनिक ड्रोन और सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों का उपयोग किया गया। माइक के जरिए लगातार अनाउंसमेंट कर भीड़ को एक स्थान पर एकत्रित होने से रोका गया। प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग और वन-वे सिस्टम लागू किया गया, ताकि पैदल यात्रियों को असुविधा न हो।श्रीकृष्ण जन्मभूमि और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस बल के साथ- साथ सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी (इंटेलिजेंस) तैनात रहे ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। पुलिस और प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की गई।

### राधा नाम की गूंज से बरसाना भक्तिरस में डूबा

बरसाना में नववर्ष की पहली भोर आस्था का उत्सव बनकर आई। राधा रानी के भक्त सुबह से ही मंदिर की ओर बढ़ते नजर आए, जहां मधुर भजनों की धुन पर कदम थिरकते रहे। मंजीरों की झंकार, ढोलक की थाप और राधा नाम की गूंज से पूरा कस्बा भक्तिरस में डूबा रहा। दिन चढ़ने के साथ आस्था का यह प्रवाह और गहराता चला गया। दोपहर करीब 12 बजे अचानक आसमान का मिजाज बदला और इंद्र देव ने मेघमालाएं खोल दीं। हल्की बारिश की फुहारों ने मानो जैसे भक्तों पर आशीष बरसाया। भींगे वस्त्र और ठंडी हवा के बीच भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। गलियों से लेकर मंदिर मार्ग तक नाचते-गाते बढ़ते भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। मंदिर पहुंचकर भी भजनों का प्रवाह थमा नहीं। दर्शन की प्रतीक्षा में खड़े भक्त ताल और स्वर में राधा रानी की महिमा गाते रहे। बारिश थमने के बाद भी भक्ति की गर्माहट बनी रही। बरसाना ने फिर यह जता दिया कि यहां नववर्ष का स्वागत शोर से नहीं, बल्कि राधा नाम, भजन और मेघों के आशीष से होता है।

## 44 स्वयंसेवक आपदा मित्र प्रशिक्षण को लखनऊ रवाना, डीएम ने दिखायी हरी झंडी



**मथुरा।** 13 जनवरीतक राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा आयोजित आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जनपद के 44 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बस को लखनऊ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 24 एन0सी0सी0, 7 नागरिक सुरक्षा, 4 एन0एस0एस0 तथा 9 नेहरू युवा केंद्र, कुल 44 स्वयंसेवकों को आपदा मित्र के प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा जा रहा है। सभी को राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।प्रशिक्षण के आयोजन / संचालन से सबंधित समस्त व्यवस्थाएँ यथा ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण, संबंधित सामग्री, आवागमन हेतु व्यय इत्यादि राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा किया जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक/वालेन्टियर को शासन द्वारा निर्गत आदेशों के अनुसार एक इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट प्रदान करते हुए बीमा पॉलिसी भी निर्गत की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए लखनऊ हेतु रवाना किया।

## स्वामी घाट पर 15 वर्षों से अनवरत महाआरती, नववर्ष पर भव्य आयोजन



**मथुरा।** परशुराम शोभा यात्रा समिति द्वारा श्री यमुना महारानी संयमन तीर्थ स्थित स्वामी घाट पर विगत 15 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही महाआरती की परंपरा के अंतर्गत नववर्ष के शुभ अवसर पर गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को महाआरती एवं खिचड़ी प्रसादी वितरण का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।सायंकाल बजे महाआरती प्रारंभ होते ही स्वामी घाट भक्तिमय वातावरण में डूब गया। दीपों की सजी पंक्तियों, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की आस्था ने यमुना तट को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसादी वितरित की गई। भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा ने कहा कि यमुना महारानी मथुरा की आत्मा हैं और उनकी आराधना से समाज में संस्कार, संयम और सेवा की भावना जागृत होती है। उन्होंने 15 वर्षों से अनवरत चली आ रही इस महाआरती परंपरा को मथुरा की धार्मिक चेतना का प्रतीक बताया।

वहीं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा ने कहा कि यमुना महारानी की कृपा से यह सेवा कार्य निरंतर चल रहा है। उन्होंने कहा कि महाआरती केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का माध्यम है। नववर्ष के अवसर पर उन्होंने यमुना संरक्षण और धार्मिक मूल्यों के पालन का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में गौरव शर्मा, के.के. शर्मा, अर्जुन पंडित, कमलकांत शर्मा , आशीष शर्मा ,संजय पिपरोनिया ,मनोज अग्रवाल कोलापूरी सचिन अरोड़ा, पप्पू, मानप्रकाश शर्मा ,अजय शर्मा लाला, अजय सैनी, हरिशंकर गोला,राहुल शर्मा, अभिषेक शर्मा अमित शर्मा, पार्षद एडवोकेट मनोज शर्मा शर्मा आदि मौजूद थेसहित अनेक सेवाभावी जन उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यमुना महारानी के चरणों में शीश नवाकर नववर्ष के मंगल, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

## रिफाइनरी ने स्कूली बच्चों संग मनाया नववर्ष



**मथुरा।** इंडियन ऑयल अपने कॉरपोरेट मूल्य ‌केयर‌/‌संरक्षण‌ के सिद्धांत पर अमल करते हुये समाज के उद्धार के कार्य को हमेशा महत्व देती है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत सामाजिक कल्याण के कार्य, इंडियन ऑयल को एक अलग और खास पहचान देते हैं। इसी क्रम में मथुरा रिफाइनरी भी अपने उद्भव काल से ही समाज कल्याण के लिए बहुत से सराहनीय पहल करती रही है। कॉर्पोरेट सिद्धांत ‌संरक्षण‌ पर अमल करते हुए मथुरा रिफाइनरी ने नव वर्ष 2026 की शुरूआत खास अंदाज में की। नए साल के पहले दिन मथुरा रिफाइनरी ने कम्यूनिटी आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों के साथ नया साल मनाया और पर कंबल, स्टेशनरी किट और मिठाइयाँ वितरित कर खुशियाँ बांटी। मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक मुकुल अग्रवाल ने सरकारी प्राथमिक विद्यालय, रांची बांगर और सुर कुटीर दृष्टिबाधित विद्यालय, कीठम के बच्चों से मुलाकात की और उनके उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की कामना की। मथुरा रिफाइनरी के इस अनूठे कदम को सभी ने सराहा और देश के लिए इंडियन ऑयल और मथुरा रिफाइनरी के योगदान की प्रशंसा की स मथुरा रिफाइनरी के अधिकारियों के लिए ये जीवन का सबसे खुशनुमा पल था।

मथुरा रिफाइनरी सदैव ही बेहतर कार्यपालन, अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ ही साथ स्थानीय रहवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है, और शिक्षा, स्वास्थ्य और मूल भूत सुविधाएं प्रदान करती रही है। नए साल की इस खास शुरूआत के साथ मथुरा रिफाइनरी अपने लक्ष्य पर पुनः केन्द्रित है और समाज के प्रति अपनी संवेदना और कर्तव्य का पालन सदैव करती रहेगी।

## प्रेमानंद महाराज के दर्शन को उमड़े भक्त



**मथुरा।** वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज ने नए साल के अवसर पर यमुना किनारे सौभरि वन में भक्तों को दर्शन दिए। महाराज की एक झलक पाने के लिए करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालु यमुना तट पर जुटे। भक्तों ने यमुना किनारे फूल बिछाकर संत का स्वागत किया। वहीं बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की एक किलोमीटर से अधिक लंबी कतार लग गई, जिससे श्रद्धालुओं को करीब 3 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा। भक्तों ने महाराज जी के स्वागत में मार्ग पर फूल बिछाए और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। उन्होंने महाराजजी ने 2026 के लिए भक्तों को विशेष मार्गदर्शन करते हुए कहा अच्छे आचरण अपनाने, नशा न करने, माता-पिता की सेवा करने और अधिक से अधिक ‌नाम जप‌ (राधा नाम कीर्तन) करने का संकल्प लेने आज से ले लेना चाहिए। जिससे भगवत प्राप्ति हो सके।

## गैंगलीडर की 69 लाख 66 हजार की संपति की कुर्क



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन संगठित गिरोह बनाकर गम्भीर अपराध कराति करने वाले अपराधियों पर लगातार धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा गैगस्टर एक्ट में नामजद गैंगलीडर अभियुक्त शकील मास्टर की 69 लाख 66 हजार 228 रुपए की चल अचल सम्पत्ती को कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। गैंगलीडर शकील मास्टर द्वारा संगठित गिरोह बनाकर हत्या, मारपीट गाली गलौच जान से मारने की धमकी गाँजा बेचना एवं जुआ (सट्टा) खेलना खिलाना जैसे जघन्य अपराध कारित करके अवैध धन अर्जित किया गया है। शातिर अभियुक्त गैंगलीडर शकील मास्टर पर जनपद के विभिन्न थानों में करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत है। इस दौरान उप जिलाधिकारी गजेंद्र पाल सिंह,क्षेत्राधिकारी थाना मक्खनपुर प्रभारी व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# सड़क सुरक्षा माह का विधायक ने किया शुभारंभ



**मथुरा।** आज कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मथुरा में विधायक बल्देव पूरन प्रकाश की उपस्थिति में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। विधायक बलदेव पूरन प्रकाश द्वारा समस्त स्टेक होल्डरों विभागों को निर्देश दिए गए कि जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह/राहवीर योजना / कैशलेस ट्रीटमेन्ट का विभिन्न माध्यमों यथा होर्डिंग, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, प्रिन्ट मीडिया, इलैक्ट्रोनिक मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाये तथा उक्त माह को सफल बनाने के लिए प्रत्येक विधान सभा के ब्लाक व ग्राम सभा के प्रतिनिधियों, एनसीसी, एनएसएस, सिविल डिफेन्स का सहयोग लेकर सड़क सुरक्षा का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये।

वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने बताया कि ओवर स्पीडिंग, लेन का उल्लंघन, गलत दिशा में वाहन चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग तथा ड्रंकन ड्राइविंग करने के कारण अधिक दुर्घटनायें होती है। शीत ऋत में एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के दौरान वाहनों को टोल प्लाजा या रेस्ट एरिया में रोकते हुए कानवाय में छोड़ा जाये। एस०पी० यातायात मनोज कुमार यादव ने बताया कि डबल डेकर बसों / स्लीपर बसों, स्कूली वाहनों, ट्रैक्टर-ट्राली में रिफ्लेक्टर लगे होने की जांच पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर की जायेगी। जीरो फेटेलिटी योजना के अंतर्गत सेफ लाइफ फाउंडेशन द्वारा जनपद के चिन्हित क्रिटिकल कोरीडोर पर स्थिति ब्लैक स्पॉट्स पर पी०डब्लू०डी०, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर सुधारात्मक कार्यावाही तत्काल प्रभाव से की जायेगी। ऐक्सप्रेस वे/नेशनल हाइवे / स्टेट हाइवे एवं अन्य मार्गो पर अस्पताल, विद्यालयों एवं मुहल्लों के बीच स्थित शराब की दुकानों को तत्काल हटाया जायेगा।

उक्त आयोजन के उपरांत विधायक द्वारा आयोजन में आये एनसीसी कैडेट्स / पत्रकार बंधुओं व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलायी गयी एवं सड़क सुरक्षा प्रचार वाहानों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। आयोजन में संदीप तोमर ए०ई० पीडब्लूडी, सुखविन्दर सिंह एनसीसी सूबेदार, डा० सतेन्द्र चाहर उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी, डा० गोपाल एसीमओ, संदीप चैधरी / सुश्री पूजा सिंह यात्रीकर अधिकारी, प्रदीप यादव संभागीय निरीक्षक व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ



**फिरोजाबाद।** सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कलेक्ट्रेट परिसर से सड़क सुरक्षा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि यह विशेष जागरूकता अभियान 31 जनवरी तक निरंतर चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना है। प्रचार वाहनों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ओवरस्पीडिंग से बचने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जागरूकता के साथ-साथ प्रशासन सख्त रुख भी अपनाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान पूरे माह (31 जनवरी तक) सक्रिय रहेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

## थाना टूंडला पुलिस ने 5 वर्षीय बच्ची को ढूंढकर परिजनों को सौंपा



टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम ने ऑपरेशन मुश्कान के तहत 5 वर्ष की बच्ची को ढूंढकर सकुशल परिवारीजन के सुपुर्द किया। थाना टूण्डला में सूचना मिली कि के अपनी बुआ खुशबू तथा दादी ऊषा देवी के साथ नव वर्ष पर माता वैष्णो देवी मंदिर दर्शन के लिये साथ आयी 5 वर्षीय बच्ची चाहत पुत्री संजय निवासी अम्बेडकर पार्क के सामने थाना पचोखरा फिरोजाबाद मंदिर परिसर में खो गयी है। जिसको टूण्डला पुलिस द्वारा मंदिर परिसर में तथा आसपास तलाश किया गया तो चंद घंटो में ही चाहत को मंदिर परिसर से 02 किमी दूर सकुशल बरामद कर, उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों ने अपने बच्ची को पाकर पुलिस का धन्यवाद करते हुए बताया कि टूण्डला पुलिस ने हमें हमारी बच्ची को सकुशल वापस लौटाकर, खुशियां लौटा दी हैं। हम थाना पुलिस का धन्यवाद करते हैं।

## टूंडला प्रेस क्लब ने केक काटकर नववर्ष का स्वागत किया



**टूंडला।** टूंडला प्रेस क्लब ने नववर्ष के अवसर पर नगर के रॉयल गार्डन गेस्ट हाऊस में केक काटकर हर्षोल्लास के साथ नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल रहा। पत्रकारों ने आने वाले वर्ष में सकारात्मक और जनहितकारी पत्रकारिता के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संस्थापक राजू उपाध्याय ने कहा सभी पत्रकार ऐसे ही मिलजुलकुल कर संगठित रहे और निष्पक्ष अपना कार्य करें टूंडला प्रेस क्लब सभी पत्रकार साथियों के साथ है। अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने सभी पदाधिकारियों सदस्यों पत्रकार साथियों को नववर्ष की बधाई दी और कहा कि सभी पत्रकार साथी संगठित रहे, एकता में ही शक्ति होती है, टूंडला प्रेस क्लब सभी पत्रकार साथियों के साथ है, टूंडला प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारों के हित में जो भी आवश्यक कदम होंगे वो उठाएं जाएंगे। इस अवसर पर संस्थापक राजू उपाध्याय अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां उपाध्यक्ष महेश ठेनुआ अजय मिश्रा सचिव विवेक शर्मा महामंत्री देवेंद्र प्रताप कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, महासचिव उपेंद्र यादव मीडिया प्रभारी जावेद अली, सह सचिव रविन्द्र गौतम, विमल किशोर,योगेंद्र सिंह रामप्रकाश गौतम धीरज बघेल ताहिर सिद्दीकी राकेश गौतम सुनील गर्ग कुलदीप उपाध्याय जगदीश भारद्वाज आदि पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

## नववर्ष पर धूमधाम से निकाली साांई पालकी यात्रा



**टूंडला।** नववर्ष के मौके पर सांई नाथ मंदिरं कम्पनी बाग टूंडला से भव्य पालकी यात्रा बैंड बाजो के साथ धूमधाम से निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों एवं बच्चों ने भाग लिया। गुरुवार को नगर में सांई बाबा पालिकी यात्रा में श्रद्धाभाव के साथ गाजे-बाजे के साथ चल रहे थे। पालकी को कभी पुरुष तो कभी महिलाएं अपने कंधों पर उठाकर श्रद्धा के साथ चल रहे थे। महिलाएं भजन-कीर्तन करती हुई साईं बाबा के जयकारे लगाते हुए एवं बैंडबाजों की धुनों पर नृत्य करते हुए चल रही थीं। साईं बाबा पालकी साईं मंदिर से होते हुए दीपा का चौराहा बल्देव रोड, मुख्य बाजार, बिहारी विलास जीजीआईसी, सिटी सेंटर भारत माता चौक से होते हुए पुनः साईं मंदिर पर पहुंची। जहां यात्रा का विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना कर समापन हुआ। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## नये साल पर रंगेश्वर महादेव बाबा ने दिये भक्तों को अलौकिक दर्शन

**मथुरा।** श्रीकृष्ण और बलराम के झगड़े को शांत कराने वाले रंगेश्वर महादेव नए साल के पहले दिन सबसे पहले भगवान रंगेश्वर महादेव का जल से अभिषेक किया गया। इसके बाद भांग, चन्दन, सिंदूर और आभूषणों से श्रृंगार किया गया। मस्तक पर चन्दन का तिलक और दुल्हे जैसी पगड़ी पहनाई गई तथा सुगन्धित पुष्प से बनी फूलों की माला अर्पित की गयी। रंगेश्वर महादेव का चंद्र और पुष्प से अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसके दर्शनों के लिए आज शाम से ही भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा। जो देररात्रि तक जारी रहा। भक्तों ने नववर्ष की शुभारंभ रंगेश्वर महादेव के समक्ष दीपक जलाकर नया साल खुशियों के साथ बीते यह कामना की गई। लोगों ने नंदी महाराज का दर्शन कर उनके कान के समीप जाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान श्रद्धालु रंगेश्वर महादेव बाबा की जयकारे भी लगाते नजर आये।




# न्यूजीलैंड वनडे श्रृंखला 11 से

एजेंसी





नयी दिल्ली। ज्षभ पंत विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में भले ही एक अर्धशतक जमा सके हों लेकिन पिछले 18 महीने में एक भी वनडे खेलने का मौका दिये बिना अगर उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला से बाहर किया गया तो अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की यह ज्यादती होगी। भारतीय चयनकर्ता न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये

**❍ क्या गिल को खेलने का मौका दिये बिना बाहर करेंगे चयनकर्ता?**

टीम की घोषणा करेंगे और इसे लेकर काफी अटकलें हैं कि पंत टीम में रहेंगे या नहीं। यह किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय टीम प्रबंधन में कम से कम एक सदस्य को तो पंत का अधिक जोखम से अधिक फायदा वाला रवैया पसंद नहीं है और वह चाहते हैं कि बल्लेबाजी में पंत पारंपरिक रवैया अपनाये। लेकिन दूसरा मौका दिये बिना पंत को बाहर करने से कई सवाल खड़े होंगे।

पंत ने 2025 में एक भी वनडे नहीं खेला हालांकि वह चैम्पियंस ट्रॉफी टीम और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले महीने वनडे टीम का हिस्सा थे। सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर आजमाया गया और तीनों मैचों में पंत बाहर रहे। पंत ने 2018 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 31 वनडे खेले हैं। उन्होंने 30 जून 2019 से 14 जनवरी 2020 के बीच में 11 वनडे खेले। फिर कोविड के बाद उन्होंने 26 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2022 तक 15 वनडे खेले और एक शतक, दो बार 75 से अधिक रन और एक 85 रन की पारी खेली। इसके बाद वह भयावह कार दुर्घटना का शिकार हो गए। फिर 2024 में वापसी के बाद से उन्होंने कोलंबो में एकमात्र वनडे खेला। विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में वह एक ही में 70 रन बना सके।

वहीं ईशान किशन ने झारखंड के लिये कर्नाटक के खिलाफ पहले ही मैच में 14 छक्के लगाये। ध्रुव जुरेल ने भी उत्तर प्रदेश के लिये शतक जमाया और वह पिछली वनडे श्रृंखला में भारतीय टीम में थे। पंद्रह सदस्यीय टीम में तीन विकेटकीपर तो नहीं हो सकते और बल्लेबाज विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद केएल राहुल ही हैं। अब देखना यह होगा कि क्या पंत या जुरेल की जगह ईशान टीम में आते हैं। देवदत्त पडिक्कल के नाम पर भी विचार होगा जिन्होंने 37 मैचों में 92 से अधिक की औसत से रन बनाये हैं। लेकिन कप्तान शुभमन गिल की वापसी और दूसरे छोर पर रोहित शर्मा की मौजूदगी के अलावा पिछले वनडे में शतक जमाने वाले यशस्वी जायसवाल के रहते हुए पडिक्कल को जगह मिलना मुश्किल लग रहा है। गेंदबाजी में टी20 विश्व कप को देखते हुए जसप्रीत बुमराह और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को वनडे से आराम दिया जाना तय है। हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह पर विचार किया जा सकता है। मोहम्मद शमी की वापसी की भी अटकलें हैं जबकि स्पिन में रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव का खेलना तय है।

## लगा मैं फिर कभी नहीं खेल पाऊंगा: चेतन सकारिया

बेंगलुरु। चेतन सकारिया को तीन साल पहले तक भारत के उभरते हुए तेज गेंदबाजों में से एक गिना जाता था लेकिन चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद उन्हें लगने लगा था कि वह फिर से कभी नहीं खेल पाएंगे। सकारिया ने मौजूदा घरेलू सत्र में सौराष्ट्र की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी में एक मैच खेला जो फरवरी 2024 के बाद उनका पहला मैच है। सकारिया ने पीटीआई से कहा, जब मुझे चोट लगी थी तो मुझे लगा था कि मैं कभी वापसी नहीं कर पाऊंगा।

# कंपाउंड तीरंदाज टॉप्स कोर समूह में परनीत व अभिषेक को मिली जगह



नयी दिल्ली। डोप कलंकित पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किये गए हैं। कोर ग्रुप के खिलाड़ियों की संख्या अब 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा एथलीट हैं। एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी।

भारतीय खेल प्राधिकरण के एक सूत्र ने हुड्डा के बारे में पूछने पर बताया अब उन्हें बाहर कर दिया गया है। विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन को कोर समूह में रखा गया है जिनके गाइड उमर सैफी पिछले साल अक्टूबर में डोप टेस्ट में नाकाम रहे थे। सूत्र ने कहा हम आनन फानन में फैसला नहीं लेंगे। वह समूह में है और मिशन ओलंपिक सेल की अगली बैठक में उस पर चर्चा होगी। सिमरन पेरिस पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार कंपाउंड तीरंदाजों को ताजा सूची में रखा गया है। तीरंदाजी इन खेलों का हिस्सा होगी। परनीत, अभिषेक और ज्योति सुरेखा समेत आठ कंपाउंड तीरंदाजों को कोर समूह में जगह मिली है जबकि तीन रिकर्व सितारों दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत को भी इसमें शामिल किया गया है। अदिति गोपीचंद स्वामी, ओजस प्रवीण देवताले, प्रियांश, प्रथमेश जावकर और ज्षभ यादव के नाम भी सूची में शामिल हैं। एथलेटिक्स में भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा के साथ सचिन यादव को भी जगह मिली है जो पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में चौथे स्थान पर रहे थे। फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे चोपड़ा आठवें स्थान पर थे। ट्रैक और फील्ड से स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले, लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर और ऊंची कूद के खिलाड़ी सर्वेश कुशारे इसमें शामिल हैं। तीन बार पैरा विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीत चुकी क्लब थ्रो खिलाड़ी एकता भयान को भी कोर समूह में जगह मिली है। डेवलपमेंटल सूची में फर्राटा धाविक अनिमेष कुजूर (200 मीटर) और एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता तेजस्विन के नाम जोड़े गए हैं। पुरूषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम (विशाल टीके, जय कुमार, राजेश रमेश, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वी और संतोष कुमार) को इसमें शामिल किया गया है। उदीयमान टेबल टेनिस खिलाड़ी मानुष शाह, मानव ठक्कर और दिया चितले को भी डेवलपमेंटल समूह में जगह मिली है। टारगेट एशियाई खेल समूह में गोल्फर शुभंकर शर्मा और दीक्षा डागर के साथ टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल, युकी भांबरी और माया राजेश्वरन के नाम शामिल हैं।

## संक्षेप

### टी-20: ऑस्ट्रेलिया की प्रोविजनल टीम का ऐलान

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 (भारत और श्रीलंका में प्रस्तावित) के लिए अपनी प्रोविजनल 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान मिचेल मार्श को सौंपी गई है। इस बार चयनकताओं ने स्पिन गेंदबाजी पर ज्यादा भरोसा जताया है। हॉबर्ट हरिकेन्स के विस्फोटक बल्लेबाज मिचेल ओवेन को टीम में जगह नहीं मिली, जो चयन का सबसे बड़ा सरप्राइज माना जा रहा है। इसके अलावा 2021 की चैंपियन टीम के विपरीत इस बार किसी भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। तीन खिलाड़ियों को मिल सकता है वर्ल्ड कप डेब्यू स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। कूपर कोनोली का चयन चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने पिछले 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा नहीं लिया था। पैट कमिंस की वापसी टीम में ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन जैसे अनुभवी ऑलराउंडर शामिल हैं। गेंदबाजी विभाग में पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ एडम जम्पा और मार्कस स्टोइनिस अहम भूमिका निभा सकते हैं, खासकर भारतीय पिचों पर।

### भारत-न्यूजीलैंड वनडे के टिकट 8 मिनट में बिके

इंदौर। इंदौर के होलकर स्टेडियम में 18 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड सीरीज का तीसरा वनडे खेला जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले वनडे मैच के टिकट महज 8 मिनट में बिक गए हैं। गुरुवार को सुबह 11 बजे बुक माय शो पर टिकटों की बिक्री शुरू हुई। चंद ही मिनटों में फैंस को टिकट सोल्ड आउट दिखने लगा। अब 3 जनवरी को सुबह 5 बजे से इंदौर के होलकर स्टेडियम में होने वाले तीसरे मैच के टिकट बिकेंगे। टढउअ ने बताया कि फैंस 18 जनवरी को होने वाले इस मैच के टिकट ६६६.र२३१३.ल्ल से टिकट खरीद सकेंगे। एक व्यक्ति अधिकतम चार टिकट खरीद सकेगा। 3 साल से बड़े बच्चों के टिकट लेना होंगे। फैंस में वनडे मैचों के टिकट की दीवानगी क्यों है? न्यूजीलैंड की टीम भारतीय दौरे पर आ रही है। 11 जनवरी से शुरू होने जा रहे इस दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेली जानी है। वनडे मैचों के टिकट के लिए फैंस की दीवानगी इसलिए है, क्योंकि, विराट कोहली और रोहित शर्मा इन मैचों में खेलेंगे। वे अब वनडे क्रिकेट ही खेलते हैं। दोनों टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं। वनडे सीरीज का पहला मैच बड़ौदा में खेला जाएगा।

# आईएसएल शुरू करने के लिए क्लबों की शर्तें, शुल्क नहीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 14 में से 13 क्लबों ने बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय **फुटबॉल** महासंघ (एआईएफएफ) को बताया कि वे विलंबित 2025-26 सत्र में भाग लेने के लिए तैयार और इच्छुक हो सकते हैं, बशर्ते कि क्लबों से कोई भागीदारी शुल्क नहीं लिया जाए और प्रतियोगिता के आयोजन व संचालन से जुड़ी पूरी वित्तीय जिम्मेदारी एआईएफएफ उठाए।

आईएसएल में अपनी भागीदारी को लेकर शर्तें रखते हुए क्लबों ने एआईएफएफ से यह भी अनुरोध किया कि वह दीर्घकालिक योजना के क्रियान्वयन के लिए एक स्पष्ट और समयबद्ध रोडमैप प्रस्तुत करे। इसमें व्यावसायिक भागीदार या ब्रॉडकास्टर की नियुक्ति की निश्चित समय-सीमा, लीग की आय को अंतिम रूप देना, संचालन ढांचा और वैधानिक शासन मानकों के अनुरुप लीग को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर मॉडल में बदलने की प्रक्रिया शामिल हो। क्लबों ने एआईएफएफ से यह भी आग्रह किया कि वह 2025-26 सत्र को टिकाऊ बनाने और लागत कम करने के लिए भारत सरकार से वाणिज्यिक या संस्थागत सहयोग मांगे। एआईएफएफ को 13 क्लबों द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया, उपरोक्त पुष्टियों के प्राप्त होने पर हस्ताक्षर करने वाले क्लब औपचारिक रूप से अपनी भागीदारी की पुष्टि करने की स्थिति में होंगे और 202526 सत्र के सुव्यवस्थित, नियमों के अनुरूप और सफल आयोजन के लिए एआईएफएफ के साथ पूरा सहयोग करेंगे। यह पत्र एआईएफएफ द्वारा बुधवार को भेजे गए उस पत्र के जवाब

**❍ वित्तीय जिम्मेदारी एआईएफएफ की**

में था जिसमें क्लबों से एक दिन के भीतर विलंबित आईएसएल और प्रस्तावित प्रारूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने को कहा गया था। यह पत्र स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव सूद ने 13 क्लबों की ओर से लिखा। पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले क्लब मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल, केरल ब्लास्टर्स, एफसी गोवा, स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली, बेंगलुरु एफसी, मुंबई सिटी एफसी, चेन्नईयिन एफसी, मोहम्मडन स्पोर्टिंग, पंजाब एफसी, इंटर काशी, नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी और ओडिशा एफसी हैं। जमशेदपुर एफसी इस पत्र का हिस्सा नहीं था। वहीं दूसरी ओर ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस ने पुष्टि की कि बुधवार को उनके दिल की सर्जरी हुई थी और अब वह अच्छा महसूस कर रहे हैं।

कार्लोस ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह मुस्कुरा रहे हैं। इस 52 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा मुझे दिल का दौरा नहीं पड़ा। मैं अच्छी तरह से ठीक हो रहा हूं और जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने पेशेवर और व्यक्तिगत कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं। इस बीच साओ पाउलो के विला नोवा स्टार अस्पताल ने बयान में कहा कि रॉबर्टो कार्लोस को सोमवार को हृदय में कुछ परेशानी महसूस हुई और उन्हें उसी दिन कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी गई।

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में प्रतिस्पर्धा करेंगे 334 खिलाड़ी

वडोदरा। वडोदरा के सामा इंडोर खेल परिसर में शुक्रवार से शुरू हो रहे डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में 10 देशों के लगभग 334 खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का यह दूसरा चरण है जिसमें दो से पांच जनवरी तक अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धा होंगी। इसके बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज का आयोजन सात से 11 जनवरी तक किया जाएगा। यूथ कंटेंडर में चार देशों के 226 खिलाड़ी भाग लेंगे जबकि फीडर सीरीज में 10 देशों के 108 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। यूथ कंटेंडर की शुरुआत शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 एकल मुकाबलों से होगी। वहीं अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 वर्ग की स्पर्धाएं चार और पांच जनवरी को खेली जाएंगी। भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन किया था। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के महासचिव कमलेश मेहता ने एक विज्ञप्ति में कहा ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए अच्छी रैंकिंग जरूरी होती है। रैंकिंग अंक हासिल करने के लिए खिलाड़ियों को विदेश यात्राओं पर काफी खर्च करना पड़ता है।

# ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड में धमाल मचाने को तैयार है टेनिस



एजेंसी

ब्रिस्बेन। नया साल शुरू होते ही टेनिस हमेशा की तरह ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में धमाल मचाने के लिए तैयार है जिसका मुख्य आकर्षण 18 जनवरी से शुरू होने वाला ऑस्ट्रेलियाई ओपन होगा। एटीपी और डब्ल्यूटीए के 2025 फाइनल्स के छह सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद पुरुष और महिला टूर के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहुंच रहे हैं, जहां वे मेलबर्न में वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से पहले दो सप्ताह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण यूनाइटेड कप है जो मिश्रित टीम टूर्नामेंट है और शुक्रवार से शुरू होकर 11 जनवरी को समाप्त होगा। यह टूर्नामेंट पर्थ और सिडनी में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से चार-चार खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें कोको गॉफ, टेलर फ्रिट्ज, एलेक्स डी मिनौर, इगा स्वियातेक, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, जैस्मीन पाओलिनी और फेलिक्स ऑगर एलियासिमे शामिल हैं। इसके अलावा 2026 के पहले सप्ताह के दौरान ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में मौजूदा चैंपियन एरिना सबलेंका मुख्य आकर्षण होंगी, जो दुबई में निक किर्गियोस के खिलाफ बैटल ऑफ द सेक्सेस प्रदर्शनी मैच खेलकर आ रही हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले होने वाले टूर्नामेंटों में पुरुष टेनिस के दो सबसे बड़े नाम विश्व रैंकिंग में पहले नंबर पर काबिज कार्लोस अल्काराज़ और दूसरे नंबर के यानिक सिनर नहीं खेलेंगे। अल्काराज़ और सिनर ने पिछले 10 ग्रैंड स्लैम एकल खिताबों में से नौ जीते हैं।

उन्होंने 10 जनवरी को दक्षिण कोरिया के इंचियोन में एक प्रदर्शनी मैच खेलने का फैसला किया है। इसके बाद उम्मीद है कि वे मेलबर्न पार्क में अपनी तैयारियां शुरू करने के लिए ऑस्ट्रेलिया आएंगे। अल्काराज़ सात साल बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट लंबे समय तक अपने कोच रहे जुआन कार्लोस फेरेरो के बिना खेलेंगे। स्पेन के खिलाड़ी ने हाल ही में अपने कोच से अलग होने की घोषणा की थी। अल्काराज़ ने अभी तक अपने नए कोच के नाम की घोषणा नहीं की है। यूनाइटेड कप में भाग लेने वाले अन्य खिलाड़ियों में एम्मा राडुकानु, नाओमी ओसाका, स्टेफानोस सिटसिपास और स्टेन वावरिंका शामिल हैं। वावरिंका पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि साल 2026 उनका टूर पर आखिरी साल होगा। यूनाइटेड कप की शुरुआत शुक्रवार को पर्थ में यूनान और जापान के बीच होने वाले मैच से होगी। ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में सबालेंका के अलावा अमांडा अनिसिमोवा, डब्ल्यूटीए फाइनल चैंपियन एलेना रायबाकिना, मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज़, जेसिका पेगुला और मीरा एंड्रीवा भी भाग लेंगी।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अभ्यास के तौर पर होने वाला एक अन्य टूर्नामेंट एटीपी-डब्ल्यूटीए एडिलेड इंटरनेशनल 12 से 17 जनवरी तक खेला जाएगा जिसका मुख्य आकर्षण 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच होंगे। ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में भी एक डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड शहर में पांच से 11 जनवरी तक महिला टेनिस टूर्नामेंट (डब्ल्यूटीए) आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 12 से 17 जनवरी तक उसी स्थान पर एटीपी टूर्नामेंट खेला जाएगा।



# वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर निश्चित नहीं हूं

एजेंसी



चेन्नई। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि 2027 विश्व कप के बाद वनडे प्रारूप के अस्तित्व और प्रासंगिकता पर तब संकट आ सकता है जब इसके बड़े स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। विराट और रोहित की विजय हजारे ट्रॉफी में भागीदारी को लेकर काफी चर्चा रही लेकिन अश्विन का मानना है कि बढ़ती हुई टी20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की अपनी अलग अहमियत के चलते 50 ओवर के प्रारूप के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल ऐश की बात में कहा, 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य क्या होगा, इसको लेकर मैं निश्चित नहीं हूं। मैं इसे लेकर थोड़ा चिंतित हूं। मैं विजय हजारे ट्रॉफी देख रहा हूं, लेकिन जिस तरह मैंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी देखी, उसी तरह इसे देख पाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा हमें यह भी समझना होगा कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है। सभी प्रारुपों में 765 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज अश्विन का कहना है कि विराट और रोहित के संन्यास के बाद वनडे प्रारूप और भी कमजोर हो जाएगा। इन दोनों खिलाड़ियों के नाम मिलाकर 86 वनडे शतक हैं। उन्होंने कहा देखिए, रोहित और विराट जब विजय हजारे ट्रॉफी खेलने आए तो लोगों ने इसे देखना शुरू किया। हमें पता है कि खेल हमेशा खिलाड़ियों से बड़ा होता है, लेकिन कई बार खेल को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए इन खिलाड़ियों (रोहित और विराट) की वापसी की जरूरत होती है। अश्विन ने कहा, विजय हजारे ट्रॉफी एक घरेलू वनडे टूर्नामेंट है जिसे ज्यादा लोग नहीं देखते। लेकिन विराट और रोहित के खेलने की वजह से लोग इसे देखने पहुंचे। फिर सवाल यह है कि जब वे वनडे खेलना बंद कर देंगे, तब क्या होगा? इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि एक समय 50 ओवरों का क्रिकेट एक शानदार प्रारूप हुआ करता था जिससे महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ी सामने आए जो पारी को संभालना जानते थे। उन्होंने कहा वनडे क्रिकेट कभी एक बेहतरीन प्रारूप था जिसने धोनी जैसा खिलाड़ी दिया जो 1015 ओवर तक सिर्फ एक एक रन लेकर पारी को संभालता था और अंत में विस्फोटक बल्लेबाजी करता था। अब ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं और अब वैसी बल्लेबाजी की जरूरत भी नहीं है क्योंकि अब दो नयी गेंदें होती हैं और सर्कल के अंदर पांच क्षेत्ररक्षक रहते हैं। अश्विन ने साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से अपने कैलेंडर पर पुनर्विचार करने की अपील की क्योंकि उन्हें लगता है कि काफी ज्यादा विश्व कप हो रहे हैं, हालांकि उन्होंने यह भी माना कि राजस्व खेल के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा वनडे प्रारूप अब गैरजरूरी सा हो गया है और आईसीसी जिस तरह से विश्व कप आयोजित कर रहा है, उसे इस पर भी ध्यान देने की दरकार है। हर साल राजस्व के लिए कोई आईसीसी टूर्नामेंट कराया जाता है। फीफा को देखिए। वहां अलग लीग होती हैं और विश्व कप चार साल में एक बार होता है। इसलिए विश्व कप का अपना अलग महत्व है। अश्विन के कहा, बहुत ज्यादा द्विपक्षीय श्रृंखलाएं, बहुत ज्यादा प्रारूप और बहुत ज्यादा विश्व कप, यह सब मिलकर अत्यधिक हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में भारत बनाम अमेरिका और भारत बनाम नामीबिया जैसे मुकाबले दर्शकों को क्रिकेट से दूर भी कर सकते हैं। जहां सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज वनडे में पारी को बांटने के प्रारूप का सुझाव दे चुके हैं वहीं अश्विन का मानना है कि चार साल में सिर्फ एक वनडे विश्व कप ही इस प्रारूप को बचा सकता है। उन्होंने कहा अगर आप सच में वनडे क्रिकेट को प्रासंगिक बनाना चाहते हैं तो ये टी20 लीग खेलिए और चार साल में सिर्फ एक बार वनडे विश्व कप कराइए। जब लोग इसे देखने आएंगे तो उनके अंदर उत्साह और उम्मीद होगी। मुझे लगता है कि वनडे क्रिकेट धीरे धीरे खत्म होने की ओर बढ़ रहा है। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर संशय जताते हुए कहा कि तेजी से बढ़ती टी20 लीग और आईसीसी द्वारा हर साल किसी बडे टूर्नामेंट को बढ़ावा देने के कारण अत्यधिक क्रिकेट की वजह से यह प्रारूप अपनी जगह खो चुका है। अश्विन का मानना है कि टी20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखने के चलते वनडे क्रिकेट लगभग गैर जरूरी सा हो गया है। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल ऐश की बात में कहा, 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य क्या होगा, इसको लेकर मैं निश्चित नहीं हूं। मैं इसे लेकर थोड़ा चिंतित हूं। मैं विजय हजारे ट्रॉफी देख रहा हूं, लेकिन जिस तरह मैंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी देखी, उसी तरह इसे देख पाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा, हमें यह भी समझना होगा कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है।

# विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

## एआई एक बड़ा अवसर है, इसके लाभ सभी तक पहुंचें, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है : राष्ट्रपति



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को सकारात्मक बदलाव लाने का एक बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इसके लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों तक पहुंचें।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि एआई भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में उभरा रहा है और आने वाले दशकों में इसका देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), रोजगार और उत्पादकता में महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी बाधाओं को कम करने के लिए एआई का उपयोग किया जाना चाहिए। मुर्मू ने कहा कि एआई भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में उभर रहा है। भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत के साझेदारों और शिक्षाविदों के सहयोग से यह सुनिश्चित कर रही है कि भारत न केवल प्रौद्योगिकी को अपनाए बल्कि इसके माध्यम से एक जिम्मेदार भविष्य का निर्माण भी करे। राष्ट्रपति ने नागरिकों से नयी शिक्षा नीति के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करने और भारत को ज्ञान की महाशक्ति तथा प्रौद्योगिकी-आधारित समावेशी और समृद्ध राष्ट्र में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार स्कूलों में एआई के उपयोग को बढ़ावा दे रही है और बच्चों को तकनीकी नेतृत्व के लिए तैयार कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि एआई लैब्स और एआई मॉडल के माध्यम से बच्चों में नवोन्मेषी सोच और भविष्य को ध्यान में रखते हुए कौशल विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शुरू की गई स्किल द नेशन चैलेंज का उद्देश्य बड़े पैमाने पर एआई सीखने और नवाचार को बढ़ावा देना है।

# प्रधानमंत्री इस महीने काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर का शिलान्यास करेंगे : हिमंत



गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 या 18 जनवरी को 32 किलोमीटर लंबे काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखे जाने की उम्मीद है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोलाघाट जिले में 6,957 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले इस कॉरिडोर का उद्देश्य काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभयारण्य के भीतर और आसपास मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना है। शर्मा ने नतुन दिनेर आलाप (नए दिन की बातचीत) नामक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ जिले के गोहपुर से गोलाघाट के नुमालीगढ़ तक पानी के नीचे बनने वाली दो ट्यूब सुरंग की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस सुरंग परियोजना के तहत शुरुआत में चार लेन की सड़क बनाने का प्रस्ताव था, लेकिन प्रधानमंत्री ने बाद में इसी के साथ रेलवे लाइन को बनाने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यह परियोजना केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष आई तो प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि इसमें एक रेलवे लाइन भी शामिल की जानी चाहिए। अब परियोजना की संभावित लागत 12,000 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 20,000 करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे बनने वाली 15.60 किलोमीटर लंबी चार लेन वाली दोहरी ट्यूब वाली सुरंग से गोहपुर से नुमालीगढ़ की दूरी 240 किलोमीटर से घटकर 34 किलोमीटर हो जाएगी और यात्रा का समय छह घंटे से घटकर 20 मिनट रह जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने परियोजना को पहले ही मंजूरी दे दी है और मंत्रिमंडल की मंजूरी भी जल्द ही मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री असम के कोकराझार से पड़ोसी देश भूटान के गेलेफू के बीच एक नई रेलवे लाइन की आधारशिला भी रखेंगे। केंद्र सरकार कोकराझार के बंसबारी में वैगन निर्माण, मरम्मत और रखरखाव के लिए एक सुविधा केंद्र भी स्थापित करेगी।

## संक्षेप

### मैं अब चुनाव नहीं लड़ूंगा: हरीश रावत

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि अब वह चुनाव नहीं लड़ेंगे तथा चुनाव लड़वाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि 2027 में उनकी पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि वह 2022 का विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ना चाहते थे, लेकिन इस बार दृढ़ हैं कि अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उत्तराखंड में अगला विधानसभा चुनाव वर्ष 2027 के फरवरी-मार्च में संभावित है। अगला विधानसभा चुनाव लड़ने से जुड़े सवाल पर रावत ने कहा, मैं तो कह चुका हूं कि चुनाव लड़ाऊंगा। 2027 का विधानसभा करो या मरो का चुनाव होगा, यानी जीतो या खत्म हो जाओ। हम लगातार तीसरी बार किसी कीमत पर चुनाव नहीं हारना चाहते। इसलिए मैं चुनाव जिताने के लिए काम करूंगा। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं 2022 में भी चुनाव नहीं लड़ना चाहता था, उस समय मना किया था। इस बार तो दृढ़ता से कहा है कि मैं चुनाव लड़ाऊंगा। महत्वपूर्ण है कि हम (70 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में) 40 की संख्या तक पहुंचें और सरकार बनाएं। मैंने 2002 का चुनाव नहीं लड़ा था तथा सारे प्रचार अभियान का समन्वय किया था और हम जीत गए थे।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण में भाग लेने के लिए अब तक तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रतिभागियों के चयन के लिए एक दिसंबर से 11 जनवरी तक माई गवर्नमेंट पोर्टल पर बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली एक ऑनलाइन प्रतियोगिता चल रही है। छठी से 12 वीं कक्षा तक के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम इस माह के आखिर में होने वाला है और उसके लिए तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण पिछले साल 10 फरवरी को प्रसारित हुआ था। यह अंतर्संवाद राष्ट्रीय राजधानी के सुंदर नर्सरी में एक नए प्रारूप में आयोजित किया गया था। इसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 36 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# रूस ने 24 लोगों की मौत का दावा किया

कीव। यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस के कब्जे वाले एक गांव में यूक्रेनी ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 50 घायल हो गए। रूस के अधिकारियों ने यह दावा किया है। यह घटना ऐसे समय हुई जब दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को लेकर कूटनीतिक प्रयास जारी हैं, लेकिन तनाव लगातार बढ़ रहा है।

रूस द्वारा नियुक्त क्षेत्रीय प्रमुख व्लादिमीर साल्दो ने टेलीग्राम पर जारी एक बयान में कहा कि काला सागर तट पर स्थित रिसॉर्ट कस्बे खोरली में एक कैफे और होटल को निशाना बनाते हुए तीन ड्रोन हमले किए गए। उनके अनुसार, इनमें से एक ड्रोन में ज्वलनशील मिश्रण था, जिससे आग लग गई। यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से इस हमले के दावे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। समाचार एजेंसी एपी इस हमले की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सकी। इस घटना की कई रूसी अधिकारियों ने निंदा की। रूस की संसद के उच्च सदन फेडरेशन काउंसिल की अध्यक्ष वैलेन्तीना मत्विएन्को ने कहा कि इस हमले ने यूक्रेन पर रूस के लगभग चार साल पुराने आक्रमण में अपने लक्ष्यों को शीघ्र हासिल करने के संकल्प को और मजबूत किया है। यह हमला एक बार फिर हमारी शुरुआती मांगों की वैधता को दर्शाता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब मॉस्को ने यह भी दावा किया कि यूक्रेन ने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक आधिकारिक आवास पर लंबी दूरी के ड्रोन से हमला किया। हालांकि, कीव ने इन आरोपों को झूठ करार दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें कथित रूप से गिराए गए ड्रोन को दिखाया गया है। वीडियो में बर्फ पर पड़े क्षतिग्रस्त ड्रोन के पास सैन्य वेश में एक व्यक्ति खड़ा नजर आता है, लेकिन न तो स्थान और न ही तारीख की जानकारी दी गई है। इन दावों और वीडियो की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी।

# अफगान सीमा बंद करने के बाद से पाक में आतंकी हमले कम हुए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अफगानिस्तान से लगती सरहद बंद करने के बाद सीमा पार आतंकवादी हमलों और हिंसा से संबंधित मौतों में काफी कमी आई है, लेकिन वर्ष 2025 एक दशक में सबसे हिंसक साल था। एक थिंक टैंक ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के साथ झड़पों के बाद पाकिस्तान ने पिछले साल 11 अक्टूबर को अपनी सीमा बंद कर दी थी। इसका कारण यह आरोप था कि अफगानिस्तान आतंकवादियों द्वारा अपनी धरती के इस्तेमाल को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। डॉन अखबार ने थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) द्वारा एकत्रित आंकड़ों के आधार पर बताया कि दिसंबर में आतंकवादी हमलों में लगभग 17 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नवंबर में इसमें नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। इसने कहा है कि 2025 की आखिरी तिमाही में असैन्य नागरिकों और सुरक्षा अधिकारियों में आतंकवाद से जुड़ी मौतों में भी गिरावट आई है। यह नवंबर में चार फीसदी और दिसंबर में 19 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, सीआरएसएस के आंकड़ों से पता चला है कि समग्र हिंसा में लगभग 34 फीसदी का इजाफा हुआ है।

सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को नववर्ष की ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं

ठाकुर दिनेश सिंह
जिला पंचायत सदस्य
विकास खण्ड निघसन
जनपद लखीमपुर खीरी

सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को नववर्ष की ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं

राहुल गुप्ता
सभासद वार्ड नंबर 5
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
जनपद लखीमपुर खीरी

# भारत और पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया



नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान ने वर्ष 1992 से जारी सिलसिले को बरकरार रखते हुए एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का बृहस्पतिवार को आदान-प्रदान किया।

सूची का आदान-प्रदान ऐसे समय किया गया है जब पिछले साल मई में चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले को रोकने वाले एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ। इसने कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच राजनयिक माध्यम से सूची का आदान-प्रदान एक साथ किया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद कैदियों की सूचियां भी आपस में साझा कीं। भारत ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान से 167 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों को उनकी जेल की सजा पूरी हो जाने के मद्देनजर उनकी रिहाई एवं स्वदेश वापसी में तेजी लाने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को हिरासत में लिए गए उन 35 नागरिक कैदियों और मछुआरों को तत्काल राजनयिक पहुंच प्रदान करने के लिए कहा है, जिनके भारतीय होने का विश्वास है। भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक माध्यम से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। समझौते पर 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और 27 जनवरी, 1991 को यह लागू हुआ। समझौते के तहत दोनों देशों के बीच, हर वर्ष की पहली जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के बारे में एक-दूसरे को सूचित करने का प्रावधान है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 35वां आदान-प्रदान है। इस सूची का पहला आदान-प्रदान एक जनवरी, 1992 को हुआ था। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाये जाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहद खराब हो गये। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत ने अपनी हिरासत में मौजूद 391 नागरिक कैदियों और 33 मछुआरों के नाम एवं विवरण पाकिस्तान के साथ साझा किए हैं, जो पाकिस्तानी हैं या जिनके पाकिस्तानी होने का विश्वास है। इसके अनुसार इसी प्रकार, पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में मौजूद 58 नागरिक कैदियों और 199 मछुआरों के विवरण भारत के साथ साझा किए हैं, जो भारतीय हैं या जिनके भारतीय होने का विश्वास है। पाकिस्तान से अपील की गयी है कि वह अपनी सजा पूरी कर चुके 167 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई एवं स्वदेश वापसी में तेजी लाये।

## इंटरटेनमेंट...

# बॉर्डर-2 : 'घर कब आओगे' पर विवाद




मुंबई। हाल ही में म्यूजिक कंपोजर अनु मलिक को लेकर खबरें आईं कि वो बॉर्डर-2 के गाने 'घर कब आओगे' में क्रेडिट नहीं मिलने से नाराज हैं। उनका एक इंटरव्यू सामने आया था, जिसमें उन्होंने क्रेडिट की मांग की थी। अब अनु मलिक ने इस पूरे विवाद पर अपनी सफाई दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसके बारे में लिखा है। वो लिखते हैं 'मैं ये साफ करना चाहता हूं कि घर कब आओगे गाने में भूषण जी ने मुझे पहले ही बेहद सम्मान और गर्मजोशी के साथ क्रेडिट दिया है। ये एक अनोखा कौलेबेरेशन है, जिसका मुझे बहुत गर्व है। मैंने अपने विचार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा कर दिए हैं। कोई भी अन्य रिपोर्ट जो भी दावा करती है, वो सारे ही गलत हैं।

> मुझे बेहद सम्मान के साथ क्रेडिट मिला, गाने को लेकर मेरे बारे में चल रहीं रिपोर्ट्स गलत

मैं इस कौलेबेरेशन के साथ गर्व और आभार के साथ खड़ा हूं। 'घर कब आओगे' सॉन्ग कि बात करें तो टी-सीरीज ने इसका टीजर 29 दिसंबर को जारी किया था। टीजर में अनु मलिक का नाम सॉन्ग क्रेडिट में सबसे पहले आता है।

उनके साथ गीतकार जावेद अख्तर का नाम भी शामिल है, जिन्होंने ओरिजनल गाने को लिखा है। इसके अलावा सॉन्ग डिस्क्रिप्शन में भी दोनों का नाम शामिल किया गया है।

# प्रभास-तृप्ति डिमरी स्टारर 'स्पिरिट' का फर्स्ट लुक रिवील




**मुंबई**। फिल्ममेकर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। फिल्म के इस ऑफिशियल पोस्टर में प्रभास और तृप्ति डिमरी का लुक रिवील किया गया है। दोनों एक्टर का काफी इंटेंस लुक देखने को मिल रहा है। डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्टर को शेयर करते हुए फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दी। साथ ही, उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'भारतीय सिनेमा अपने अजनुबाहू/अजनुबहू को देखें। वहीं, फिल्म के मेकर्स ने स्पिरिट पोस्टर को शेयर आते हुए लिखा- 'आइए नए साल का स्वागत जोश से भरे स्पिरिट के पहले पोस्टर के साथ करें। आपने पहले से मौजूद चीजों को पसंद किया। अब उन चीजों से प्यार करें जिनके अस्तित्व के बारे में आप कभी नहीं जानते थे।

> नए साल पर संदीप रेड्डी वांगा का फैंस को तोहफा, इंटेंस लुक में नजर आए दोनों एक्टर

# रणवीर की फिल्म धुरंधर के दो शब्द म्यूट

**मुंबई**। रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर के रिलीज को लगभग एक महीना होने जा रहा है। फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। लेकिन अब एक महीने बाद फिल्म में कुछ बदलाव किए गए हैं। ये बदलाव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की तरफ से मिले निर्देश के बाद हुए हैं। दरअसल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने फिल्म में दो शब्द को म्यूट करने और एक डायलॉग में बदलाव करने कहा था, जिसके बाद न्यू एडिटेड वर्जन को 1 जनवरी यानी आज से वर्ल्डवाइड थिएटर में दिखाया जाएगा। बॉलीवुड हंगामा ने अपनी रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से लिखा- ह्यदेश भर के सिनेमाघरों को 31 दिसंबर को डिस्ट्रीब्यूटर की तरफ से एक ईमेल मिला।

# 'इक्कीस' फिल्म रिव्यू : शोर से दूर युद्ध की सच्चाई



मुंबई। इक्कीस एक ऐसी वॉर ड्रामा फिल्म है जो शोर, नारेबाजी और भारी भाषणों से दूर रहकर युद्ध को एक मानवीय अनुभव के रूप में देखती है। श्रीराम राघवन यहां देशभक्ति को दिखावे में नहीं, बल्कि खामोशी, यादों और भावनाओं में पिरोते हैं। यह फिल्म युद्ध जीतने से ज्यादा उस कीमत की बात करती है जो इंसान को चुकानी पड़ती है।

इसी वजह से इक्कीस धीरे चलती है, मगर भीतर तक असर छोड़ती है। फिल्म सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की सच्ची कहानी से प्रेरित है, जो 1971 के युद्ध में भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता बने। कहानी दो टाइमलाइन में आगे बढ़ती है। पहली टाइमलाइन 1971 के बसंतर युद्ध की है, जहां 21 साल का अरुण अपनी टैंक रेजिमेंट का नेतृत्व करता है। युद्ध को यहां रोमांच या तमाशे की तरह नहीं, बल्कि डर, दबाव और अचानक मिली जिम्मेदारी के रूप में दिखाया गया है। दूसरी टाइमलाइन 2001 में सेट है, जहां लड़ाई खत्म हो चुकी है, लेकिन उसके निशान अब भी जिंदा हैं। यही हिस्सा फिल्म को भावनात्मक गहराई देता है और कहानी को सिर्फ वॉर फिल्म नहीं रहने देता। अगस्त्य नंदा अपने डेब्यू में सच्चे और सहज लगते हैं। वह अरुण को किसी सुपरहीरो की तरह नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, आदर्शवादी और जोशीले युवा अफसर के रूप में पेश करते हैं। उनकी बहादुरी भाषणों में नहीं, बल्कि फैसलों में नजर आती है। जयदीप अहलावत बेहद सधी हुई परफॉर्मेंस देते हैं।

> धर्मेंद्र और जयदीप अहलावत की खामोश ताकत, अगस्त्य नंदा की ईमानदार शुरुआत

उनका किरदार शांत है, लेकिन हर सीन में उसका अनुभव और वजन महसूस होता है। धर्मेंद्र के साथ उनके दृश्य फिल्म के सबसे प्रभावशाली पल बनते हैं। धर्मेंद्र की मौजूदगी फिल्म को भावनात्मक मजबूती देती है। दशकों तक सिनेमा में ऊर्जा और ताकत का प्रतीक रहे धर्मेंद्र यहां एक ऐसे पिता के रूप में दिखते हैं जो कम बोलता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com